आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

वाराणसी, सोमवार १९ अक्तूबर, २०२६ सौर २, आश्विन शुक्ल ९, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

* काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



मनोकामना पूर्तिके लिए चमत्कारिक है कुमारी पूजन

KP GROUP Quality Since 1965

नया दशन पैक

30% EXTRA

KP GROUP Quality Since 1965

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ®

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors

Chewing of pan masala is injurious to health







पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा व शस्त्र पूजन का दृश्य। छाया:आज

अष्टमी पर देर रात तक दुर्गा पंडालों में हुआ दर्शन

अष्टमी पूजन के साथ विश्व हिंदू परिषद ने किया शस्त्र पूजन

गाजीपुर। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर दुर्गा पंडाल में दर्शन पूजन हेतु श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी। नगर के कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी हैं। यार लोगों ने देर रात तक दर्शन पूजन किये। इसके पूर्व सप्तमी तिथि पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के दर्शन के लिए माता का पट खोल दिया गया है। सुबह से ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त पहुंचकर देवी की आराधना और पूजा कर रहे हैं। पूजा समितियों द्वारा एक-दूसरे से बेहतर सजावट की प्रतिस्पर्धा के साथ ही पूरे बाजार और सड़क को रंग-बिरंगी झालर लाइटों से सजाया गया है, जो राहगीरों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। जखनियां प्रतिनिधि के अनुसार- विश्व हिंदू परिषद जिला सिद्धपुरी (सैदपुर), प्रखंड जखनियाँ के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी के अवसर पर नई सडक दुर्गा पाडाल मे विधि-विधान के साथ माँ भगवती का पूजन एवं शस्त्र पूजन किया गया।...कार्यकर्ताओं ने माँ दुर्गा की आराधना कर धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए संकल्प लिया। शस्त्र पूजन के दौरान सनातन परंपरा में शस्त्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष राकेश सिह ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, आत्मरक्षा तथा धर्म और समाज की सुरक्षा का प्रतीक है।कार्यकर्ताओं ने माँ दुर्गा से समाज में शांति, सद्भाव, समृद्धि एवं शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- तहसील मुख्यालय सेवराई के स्थानीय बाजार में इस बार दुर्गा पूजा की भव्यता देखते ही बन रही है। राज क्लब दुर्गा पूजा समिति और आरएस क्लब ट्रस्ट दुर्गा पूजा समिति सहित कुल तीन स्थानों पर भव्य पंडाल और प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सप्तमी तिथि पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के दर्शन के लिए माता का पट खोल दिया गया है। सुबह से ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त पहुंचकर देवी की आराधना और पूजा कर रहे हैं। पूजा समितियों द्वारा एक-दूसरे से बेहतर सजावट की प्रतिस्पर्धा के साथ ही पूरे बाजार और सड़क को रंग-बिरंगी झालर लाइटों से सजाया गया है, जो राहगीरों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है।

करेण्ट से युवक की मौत

उतराव, गाजीपुर। बरेसर थाना क्षेत्र के सागरपाली दयाल गांव निवासी आशीष सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र विजय बहादुर सिंह की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशीष गांव पर अपने हार्वेस्टर का मरम्मत करने हेतु उसके ऊपरी सिरे पर चढ़े हुए थे। इसी दौरान उनका सर ऊपर से गुजर रहे 11000 वोल्ट के तार से छू गया। जिसकी चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। करंट के तार से उनके सर की चमड़ी जगह-जगह फटकार निकल गया। गंभीर हालत में झूलसे आशीष को परिजनों द्वारा आनन फानन में इलाज हेतु स्थानीय चिकित्सक के यहां ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

पोखरे में डूबने से बालक की गयी जान

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के चक मेदनी नंबर दो गांव में रविवार को पोखरे में डूबने से 13 वर्षीय कक्षा सात के छात्र सुधांशु शर्मा की मौत हो गई। घर से करीब 500 मीटर दूर हुए इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां चांदनी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और माहौल गमगीन हो गया।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ के बाद पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।मृतक के नाना महातिम शर्मा ने बताया कि उनके कोई पुत्र नहीं है। उन्हें केवल बेटी चांदनी है, जिसकी शादी करीब 15 वर्ष पहले बिहार प्रांत के बनारपुर निवासी दीप लोक शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही चांदनी अपने मायके में रह रही है। सुधांशु दो भाइयों में बड़ा था, जबकि उसका छोटा भाई हिमांशु है। मृतक के पिता पंजाब में निजी नौकरी करते हैं और वहीं रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

सर्विलांस टीम ने १०खोये मोबाइल कराया वापस

सादात, गाजीपुर। पुलिस और सर्विलांस टीम ने 10 खोए मोबाइल फोन बरामद किए। रविवार को थाने में कार्यक्रम कर थानाध्यक्ष तारावती देवी ने मालिकों को सौंपे। क्षेत्र से कई लोगों के मोबाइल खोने की शिकायतें मिली थीं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सादात पुलिस और सर्विलांस टीम ने जांच शुरू की। टीम ने तकनीकी मदद से सभी मोबाइलों को अलग-अलग जगहों से खोज निकाला। मोबाइल वापस मिलने पर मालिकों के चेहरे पर खुशी दिखी। आनंद कुमार पाण्डेय, वीरेंद्र पाल, विश्वजीत निराला, विनोद कुमार, हरिकेश, सोनू कुमार, अनिल विश्वकर्मा, लालू राजाराम, अनीश यादव और रोहन कुमार ने पुलिस की कार्रवाई की तारीफ कर टीम को धन्यवाद दिया।

एक नज़र इधर भी

सड़क हादसेमें युवक की मौत

बरेसर, गाज़ीपुर। बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गाँव के समीप शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने बरेसर थाने के सामने जहूराबाद-बरेसर मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुस्तफाबाद निवासी रोहित राजभर (पुत्र राधेश्याम राजभर), शिवम राजभर और विकास राजभर शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे एक ही साइकिल पर सवार होकर बरेसर बाजार जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों साइकिल से सड़क पर गिर पड़े, तभी बगल से गुजर रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से रोहित राजभर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं शिवम राजभर और विकास राजभर गंभीर रूप से घायल हो गए। बरेसर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की मां चंदा देवी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एनएच-१२४ पर बाइकों की भिड़ंत, चार घायल

सेवराई (गाजीपुर)। स्थानीय तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-124 पर बिजुलिया बाबा के समीप रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला समेत चार बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भदौरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के देवकली गांव के समीप एनएच-124 पर रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में अजय श्रीवास्तव (45) पुत्र वीरेंद्र श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव (43), सूर्यकुमार यादव (27) पुत्र कपिलदेव यादव तथा सनोज (20), निवासी सुहवल, गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सड़क हादसे में किसान की मौत

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के महेवा गांव में रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय किसान की जान चली गई। खेत में सब्जियों की सिंचाई के दौरान बिजली के प्लग में करंट आने से किसान राहुल कुशवाहा बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक के पिता दीनबंधु कुशवाहा जो समाज कल्याण विभाग में एडीओ पद से सेवानिवृत्त हैं, उन्होंने बताया कि राहुल रोज की तरह रविवार सुबह अपनी भैंस को नहलाने के बाद खेत में बोई गई सब्जियों की सिंचाई करने गया था। खेत में मोटर चालू करने के लिए जैसे ही उसने बिजली का प्लग लगाया, अचानक तेज करंट की चपेट में आ गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे निजी वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल गाजीपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

धान के खेत में अचेत मिले एलआईसी अभिकर्ता की मौत

बरही (गाजीपुर)। मरदह थाना क्षेत्र के तरछा गांव निवासी धरमु राजभर (पुत्र मदन राजभर) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रविवार को घर से घूमने निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इस दौरान वह कोटिया माई नहर मार्ग के पास धान के खेत में अचेत अवस्था में मिले। परिजन उन्हें आनन-फानन में मऊ सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमु राजभर रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकले थे। रात नौ बजे तक घर नहीं लौटने पर उनके पुत्र आदित्य राजभर ने गांव और आसपास के चट्टी-चौराहों पर उनकी तलाश की। मरदह थाने में प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी। थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और तहरीर मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

दिलदारनगर जंक्शन पर आतंक का पर्याय बने बंदर

दिलदारनगर (गाजीपुर)। पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण जंक्शन दिलदारनगर में बंदरों के आतंक से रेलयात्रियों का चलना दुश्वार हो गया है। प्लेटफार्म संख्या , तीन व पांच पर बंदरों के झुंड ने ऐसा डेरा जमा रखा है कि यात्री सहमे-सहमे रहते हैं। प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन इस स्टेशन से होता है, लेकिन बंदरों के उत्पात के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदरों का 25 से 50 का झुंड अचानक प्लेटफार्म पर पहुंच जाता है और यात्रियों के हाथों से रोटी, बिस्कुट, फल, बैग और पानी की बोतल तक छीन ले जाता है।

शिक्षक-स्नातक मतदाता सम्मेलनों में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील

एमएलसी ने मरदह ब्लाक के सात स्थानों पर शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं से किया संपर्क

गाजीपुर। विधानसभा जंगीपुर के अंतर्गत मरदह विकासखंड में रविवार को सात प्रमुख स्थानों पर शिक्षक-स्नातक मतदाता सम्मेलन आयोजित किए गए। सम्मेलनों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल शिक्षक एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने शिक्षकों, स्नातक मतदाताओं और क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए आगामी वाराणसी खंड शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।उन्होंने शिक्षक खंड से डॉ. प्रमोद मिश्रा और स्नातक खंड से केदारनाथ सिंह को अपना बहुमूल्य मत, समर्थन और आशीर्वाद देने का आह्वान किया। मरदह ब्लॉक के बौरी, इंदौर, हरहरी, मरदह, कबीरपुर, टीसौरी और घरिहा में आयोजित सम्मेलनों में संबंधित ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। बौरी में बौरी, रानीपुर, तिलाड़ी, अविसहन और सरवनडीह; इंदौर में इंदौर, फेफरा, तेजपुरा, खजुरगांव और सराय मुबारक; हरहरी में हरहरी, सलेमापुर, गोविंदपुर किरत, दुर्खुशी, बरेंदा और गुलालसराय के मतदाता शामिल हुए। वहीं, मरदह, कबीरपुर स्थित एसटीएस इंटरनेशनल स्कूल, टीसौरी और घरिहा में भी सम्मेलन आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश सिंह होकाडू एवं कौशल सिंह, प्रवीण पटवा और राहुल सिंह सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से डिवाइडर पर पलटा पानी का टैंकर, चालक घायल

बिरनो, गाजीपुर। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन हाईवे पर भड़सर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के सामने शनिवार रात करीब 11 बजे ट्रक की टक्कर से पानी का टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गया। हादसे में टैंकर चालक जोगिंदर यादव को हल्की चोटें आईं। उन्हें साथियों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। बाद में बिरनो सीएचसी में भी उनका इलाज कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है।जानकारी के अनुसार चक मेहंदी, सराय लखांसी निवासी जोगिंदर यादव मऊ से वाराणसी की ओर पानी का टैंकर लेकर जा रहे थे। राजापुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रहे ट्रक ने टैंकर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंकर बेकाबू होकर डिवाइडर पर पलट गया। हादसे में ट्रक का इंजन सड़क किनारे पहुंच गया, जबकि ट्रैक्टर का पिछला पहिया भी टूट गया। बिरनो थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव ने बताया कि दुर्घटना में घायल चालक का उपचार कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

महिला अस्पताल परिसर का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

गाजीपुर। कोतवाली गाज़ीपुर के पास से चोरी की घटना से दहशत वयाप्त है। सुनील शर्मा निवासी हसनपुरा थाना बिरनो का आरोप है कि 18 अक्टूबर 2026 की रात अज्ञात चोरों ने एक अस्पताल परिसर में ताला तोड़कर वहां रखा सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि वह संबंधित अस्पताल में पिछले करीब आठ महीने से कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर वहां रखे विभिन्न प्रकार के उपकरण और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी कीमत अस्सी हजार के लगभग है।जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार- कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन बाजार चौकी अंतर्गत बड़ेसर स्थित नगर कॉलोनी में चोरों ने बीते देर रात्रि एक मकान का ताला तोड़कर एक लाख रुपये से अधिक की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान में रखे करीब चार कुंतल अरहर, सात कुंतल सरसों और ट्रैक्टर की दो बड़ी बैटरियां लेकर फरार हो गए। रविवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित किसान के होश उड़ गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक चोरों और चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं मिल सका था।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। पीड़ित की ओर से तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बिना बारिश के सड़क पर जमा हुआ गंदा पानी

नंदगंज-गाजीपुर। नंदगंज बाजार की पुरानी सब्जी मंडी की मुख्य सड़क पर रविवार की सुबह गंदा पानी जमा होने से राहगीरों, सब्जी विक्रेताओं और अन्य दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिना बारिश के सड़क पर पानी जमा देखकर लोग हैरान रह गए। लोगों के बीच चर्चा रही कि आखिर बरसात नहीं होने के बावजूद सड़क पर इतना पानी कहां से आ गया। स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों के अनुसार, कुछ दुकानदार रात में घरों की सफाई तथा अन्य कार्यों के लिए सबमर्सिबल पंप चलाते हैं और घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहा देते हैं। इससे सड़क पर पानी फैल जाता है।



एमएलसी को सम्मानित करते शिक्षक। छाया:आज

आस्था, संस्कृति, एकता, उल्लास का सुंदर संगम बना भव्य नवरात्रि उत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। छाया:आज

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय नगर के मुहल्ला लोदीपुर स्थित सत्यम इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को हर्ष व उल्लास से परिपूर्ण भव्य नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। यह नवरात्रि उत्सव आस्था, संस्कृति, एकता और उल्लास का सुंदर संगम बना, जिसने सभी के हृदय में आनंद और भक्ति की अमिट छाप छोड़ी।जिसमें नृत्य, संगीत, भक्ति और भारतीय परंपराओं से सजी यह संध्या सभी के लिए यादगार बन गई। इस पावन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक सत्यप्रकाश मौर्या की बड़ी बहनों सहित अतिथि इंदु, विद्या, नीरज एवं लालमुनि द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष मंगल दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि की पावन भावना पर आधारित नाटक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। विशेष रूप से रावण दहन कार्यक्रम ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के आकर्षक सामूहिक नृत्य तथा उत्साहपूर्ण डांडिया-गरबा प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने संध्या को और भी विशेष बना दिया। विद्यालय की चेयरमैन सबिता मौर्या ने उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

तीन घंटे में पुलिस ने बरामद किये दो गुमशुदा बच्चे

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो गुमशुदा बच्चों को महज तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उनके माता-पिता को सौंप दिया। बच्चों की उम्र पांच और आठ वर्ष के करीब है। पुलिस की इस कार्रवाई पर परिजनों ने आभार जताया। पुलिस के अनुसार बीते शनिवार को शहबाजकुली रेलवे स्टेशन के गेटमैन ने सूचना दी कि स्टेशन पर दो बच्चे अकेले हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अविनाश मणि तिवारी, कांस्टेबल विवेक मिश्रा और महिला कांस्टेबल शालू सरोज मौके पर पहुंचे। बच्चों से पूछताछ में उनके नंदगंज थाना क्षेत्र में रहने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने नंदगंज थानाध्यक्ष से संपर्क कर बच्चों के परिजनों का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। फोन से संपर्क कर परिजनों को नोनहरा थाने बुलाया गया।

संस्कृत महाविद्यालय की भूमि पर नगर पंचायत कार्यालय बनाने के मामले की जांच शुरू

सादात गाजीपुर। सादात नगर पंचायत के वार्ड नौ में स्थित करीब 90 साल पुराने अनुदानित संस्कृत महाविद्यालय के भवन को गिराकर उसकी भूमि पर नगर पंचायत कार्यालय बनाए जाने के मामले में रविवार को प्रशासनिक जांच शुरू हुई। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम में शामिल अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व सुनील त्रिवेदी और सैदपुर एसडीएम ज्योति चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश्वर प्रसाद और आसपास के निवासियों से पूछताछ कर संबंधित साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान प्रबंधक योगेश्वर प्रसाद ने संस्कृत महाविद्यालय से जुड़े आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किए। वहीं नगर निवासी विजेंद्र प्रताप सिंह, हरदिया के ब्रजनाथ उर्फ साधु यादव, पूर्व प्रधानाचार्य रामधनी शर्मा, सुदामा राम विश्वकर्मा, बैकुंठ सिंह, मनीष यादव, प्रदीप सिंह, अंजनी कुमार, उमेश सिंह और पलकधारी राजभर सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों को बताया कि जिस भूमि पर नगर पंचायत का नया कार्यालय बनाया जा रहा है, वहां कई दशकों से संस्कृत महाविद्यालय संचालित होता रहा है। जांच अधिकारियों ने दस्तावेजों और लोगों के बयानों को संकलित कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने की बात कही। तत्कालीन एसडीएम अतुल कुमार की मौजूदगी में कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अभियंता अभिलाष पांडेय और ठेकेदार राकेश सिंह को निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए गए थे।

आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

वाराणसी, सोमवार १९ अक्तूबर, २०२६ सौर २, आश्विन शुक्ल ९, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



मनोकामना पूर्तिके लिए चमत्कारिक है कुमारी पूजन

ग्वालियरमें ट्रकने भीड़ को कुचला, १५ की मौत

शीतला माता मंदिर जा रहे थे श्रद्धालु २६ घायल, चालक-वाहन मालिक गिरफ्तार

ग्वालियर (आससे)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर शनिवार और रविवार की दरमियानी रात मौत बनकर एक तेज रफ्तार ट्रक टूट पड़ा। चीनौर रोड पर ढलान के पास अनियंत्रित हुए धान से भरे ट्रक ने सड़क किनारे मौजूद श्रद्धालुओं और दुकानों को कुचल दिया। इसके बाद ट्रक मंदिर के प्रवेश द्वार और बाहरी दीवार से जा टकराया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गयी जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। घायलों में



दो पुलिसकर्मी भी हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गयी। पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत-बचाव कार्य में जुट गईं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह हादसा शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। बताया जा रहा है कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। इसी दौरान धान से भरा एक ट्रक वहां पहुंचा और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे मौजूद श्रद्धालुओं और दुकानों को कुचलता हुआ मंदिर के प्रवेश द्वार तक पहुंच गया। ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि मंदिर की बाहरी दीवार भी ढह गयी। दीवार गिरने और ट्रक की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, करीब 40 से 50 लोगों के मलबे में दबने की आशंका जतायी गयी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन की टीमों (शेष पृष्ठ नौ पर)

महाष्टमीपर विंध्यधाममें श्रद्धालुओंकी भीड़ अपार, आंकड़ा पांच लाख पार

विंध्याचल (ह.स.)। शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर्व पर मां विन्ध्यवासिनी दरबार में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई । प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो भक्तों की संख्या पांच लाख के पार रहो । शनिवार की रात्रि से उमड़ी भीड़ रविवार की शाम तक स्थापित दिखी । दर्शनार्थियों की कतारे टूटने का नाम नहीं



ले रही थी । तीर्थपुरोहितों की माने तो यह सिलसिला सोमवार तक यूँही बना रहेगा । हवनकुंड में नवमी तिथि पर पूर्णाहुति के पश्चात ही श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव कम होगा । मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले सभी प्रमुख मार्गो पुरानी विशिष्ठ मार्ग, न्यू विशिष्ठ मार्ग, कोतवाली मार्ग , पक्का घाट मार्ग तथा जयपुरिया गली में लंबी लंबी कतारें देखने को मिली। प्रत्येक मार्गो गलियों में स्थित दुकानदारों के चेहरे प्रसन्नता से खिले नजर आए। हर दुकानों में श्रद्धालु कुछ न कुछ खरीददारी करते नजर आए। भीड़ की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मेलाप्रभारी नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सहित सभी जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आज खूब मेहनत करना पड़ा।



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

*आप सभी को शक्ति से सृजन के महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमी की हृदय से बधाई एवं विजयादशमी की अनंत शुभकामनाएं। मां दुर्गा का प्रबल पराक्रम और प्रभु श्रीराम का धर्मनिष्ठ जीवन हमें अन्याय के प्रतिकार, नारी-सम्मान तथा कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है। **अन्यायी एवं अधर्मी चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। विजयादशमी इसी शाश्वत सत्य का प्रतीक है।***

*सनातन संस्कृति विजय के उल्लास में विनम्रता और ज्ञान के प्रति सम्मान का भाव भी सिखाती है। लंका विजय के पश्चात प्रभु श्रीराम ने अपने अनुज लक्ष्मण जी को मृत्यु शय्या पर पड़े रावण से ज्ञान प्राप्त करने के लिए भेजा। **प्रभु श्रीराम ने स्वर्णमयी लंका के वैभव के बजाय जन्मभूमि अयोध्या को वरीयता दी और लंका का राजपाट उसके उत्तराधिकारी को सौंपा। उनके श्रीमुख से निकले शब्द, "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी", मां और मातृभूमि के प्रति प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं।***

*विजयादशमी के व्यापक संदेश में आत्मसंयम, समता, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्य हमारी विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में अलग-अलग रूपों में अभिव्यक्त होते हैं। **प्रभु श्रीराम का जीवन समरसता और सामाजिक एकात्मता का प्रतीक है।** रामलीला का मंचन हो या इसे देखने के लिए आने वाले दर्शक, सब बिना किसी भेदभाव के उत्साह के साथ इन उत्सवों में हिस्सा लेते हैं। प्रभु श्रीराम कथा के आदर्श भारतवर्ष तक ही सीमित नहीं हैं, अपितु विश्व के अनेक देशों की सांस्कृतिक परंपराओं में घुलमिल गए हैं। इन आदर्शों की सार्थकता तभी है, जब वे हमारे आचरण और शासन-व्यवस्था में भी प्रतिबिंबित हों।*

***मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप हमारी सरकार ने प्रदेश में कानून के शासन और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। माफिया और संगठित अपराध के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर भयमुक्त वातावरण बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं।** माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए हैं। मुझे संतोष है कि इसी क्रम में **प्रयागराज के कसारी-मसारी में माफिया के कब्जे से मुक्त भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनेंगे। यह क्षेत्र 'श्रीकृष्णपुरी' के रूप में विकसित होगा।** अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने कानून के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने और निवेश, उद्योग एवं विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में योगदान दिया है।*

*सुरक्षित एवं समरस समाज के निर्माण के लिए शासन के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। **मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि इस विजयादशमी पर अहंकार, अन्याय, भेदभाव और नकारात्मकता रूपी रावण के दहन के साथ नशे की लत, पारिवारिक कलह, जातीय भेदभाव और दहेज-प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति का संकल्प भी लें।** यदि हमारे आसपास कोई व्यक्ति किसी व्यसन से पीड़ित है, तो उसे तिरस्कार नहीं, सहयोग और संवेदना देते हुए स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी से ही स्वस्थ परिवार, सशक्त समाज और समृद्ध उत्तर प्रदेश का स्वप्न साकार होगा।*

आपका
योगी आदित्यनाथ



शक्ति से सृजन

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

कांग्रेस संविधान की रक्षक, वोट चोर बच नहीं सकते-राहुल

पणजी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज गोवा के दौरे पर हैं। इस दौरान वे पार्टी के जनसंपर्क अभियान 'गोंय राखण यात्रा' में शामिल हुए। कांग्रेस की 'गोंय राखण यात्रा' 22 सितम्बर को शुरू हुई थी।



इस यात्रा के तहत गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया। पार्टी ने इसे गोवा की जमीन, पहचान, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए चलाया गया जनसंपर्क अभियान बताया है। यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया। राहुल गांधी ने दक्षिण गोवा के मडगांव में कांग्रेस की गोंय राखण यात्रा में हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ 2 किलोमीटर तक पैदल चले। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मार्च के बाद राहुल गांधी मडगांव पहुंचे, जहां वे एक जनसभा को संबोधित कर रहे

मुख्य चुनाव आयुक्त देते हैं चोरीकी घटनाको अंजाम

हैं। इससे पहले मंच पर कांग्रेस नेताओं ने गुलदस्ता देकर राहुल गांधी का स्वागत किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश को पता है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरी' को अंजाम देते हैं और अमित शाह व पीएम मोदी उनका समर्थन करते हैं। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं आपको एक दिलचस्प बात बताता हूं, मेरे खिलाफ (शेष पृष्ठ नौ पर)

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

मुंबई (आससे)। मुंबई से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आयी है। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना जूहू के पुष्पा पार्क में इलाके में हुई है। इस घटना में टाइगर श्रॉफ का ड्राइवर और एक स्थानीय ऑटो रिक्शा चालक के घायल होने की बात सामने आयी हैं।



पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। शुरुआती जानकारी में टाइगर श्रॉफ के भी घायल होने की बात सामने आयी थी। हालांकि मुंबई पुलिस ने बताया कि टाइगर श्रॉफ पूरी तरीके सुरक्षित है। हालांकि उनके करीबियों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

भदोही : सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

महराजगंज (भदोही) (ह.स.)। महराजगंज क्षेत्र के इटवा ऊपरवार स्थित यूनियन बैंक के पास रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन जिगरी दोस्तों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक से एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क किनारे

डिवाइडरसे टकराकर खुले नाले में गिरी बाइक

स्थित खुले नाले में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ तीन युवकों की मौत से मेदनीपुर गांव में मातम छा गया। हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। मृतकों की पहचान मेदनीपुर गांव की बिंद बस्ती निवासी विवेक (26), पुत्र चुन्नीलाल, सूरज (20), पुत्र पप्पू और पुनीत उर्फ उमेश (23), पुत्र राकेश के रूप में हुई है।



तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे और आपस में गहरे दोस्त थे। रविवार को तीनों हीरो होंडा मोटरसाइकिल से महराजगंज बाजार गए थे। वहां से लौटते समय इटवा ऊपरवार के पास हादसा हो गया। बाइक विवेक चला रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं (शेष पृष्ठ नौ पर)

मां ने दो बच्चोंकी हत्या के बाद की खुदकुशी

अलवर (एजेंसी)। अलवर जिले के खेरली कस्बे के पास दांतिया गांव में रविवार को एक महिला ने कथित तौर पर अपने दो मासूम बच्चों पर कैंची से वार कर दिये। इसके बाद उसने खुद को भी गंभीर रूप से घायल कर लिया। घटना में महिला और उसके दोनों बच्चों की मौत हो गयी।

पंजाब : सड़कपर काम कर रहे मजदूरोंको कारने रौंदा, नौ की मौत

संगरूर (एजेंसी)। पंजाब के संगरूर स्थित लहरागागा-जाखल मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ मनरेगा मजदूरों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह दर्दनाक घटना लहरा के गांव अलीशेर और चोटियां के नजदीक हुई। जानकारी के मुताबिक, घटना के वक्त करीब 23 महिला और पुरुष मजदूर सड़क निर्माण कार्य में जुटे हुए थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित और बेहद तेज रफ्तार कार ने वहां काम कर रहे मजदूरों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गयी।

कारके चोर दरवाजेसे २.६५ करोड़, बैगसे ३५ लाख बरामद

लखनऊ (आससे)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने पिलखुवा में छिजारसी टोल के पास एक कार से तीन करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। कार शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही थी। डीआरआई ने शनिवार को खुफिया सूचना के आधार पर कार को रोककर तलाशी ली। इस

डीआरआई को मिली बड़ी सफलता

दौरान एक बैग से 35 लाख रुपये मिले, जबकि कार के दरवाजों में बनाये गये गुप्त खानों से 2.65 करोड़ रुपये बरामद हुए। डीआरआई के मुताबिक, कार सवार लोग बरामद नकदी के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। वे नकदी के स्रोत के बारे में भी जानकारी नहीं दे पाये। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी आयकर विभाग को दी गयी है, जो आगे की काररवाई करेगा। शाहजहांपुर से आ रही कार में इतनी बड़ी रकम मिलने को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आगामी चुनावों के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज तीस साल की सेवा का गौरवशाली वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०५.५८
सूर्यास्त : ०५.२७

तापमान
अधि. : ३३.०
न्यून. : २३.०

न डरेंगे, न पीछे हटेंगे, हम लंबी लड़ाई के लिए तैयार-दिपके

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने रविवार को कहा कि सौरव दास और आशुतोष रांका के आने के बाद सभी लोग एक साथ बैठेंगे, आगे की रणनीति पर नये सिरे से विचार करेंगे और तय करेंगे कि अब आगे क्या करना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जो कुछ भी देखने को मिला है, उसमें गैरकानूनी गिरफ्तारियां और हिरासत में लिया जाना भी शामिल है। इन घटनाओं से साफ है कि उन्हें डराने और दबाव में लाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन वे न तो डरने वाले हैं और न ही पीछे हटने वाले हैं। यह लंबी लड़ाई है और वे इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्हें उम्मीद है कि सौरव और आशु दोनों को आज रिहा कर दिया जायेगा। अभिजीत दिपके ने यह भी बताया कि वह कुछ कानूनी मामलों पर चर्चा करने के लिए वृंदा करात से मिलने जा रहे हैं। अभिजीत दिपके ने पिछले कुछ दिनों में हुई घटनाओं (शेष पृष्ठ नौ पर)



संपत्ति विवादमें युवकने की मां-छोटे भाई की हत्या

सूरत (एजेंसी)। गुजरात के सूरत में संपत्ति के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने अपनी मां और छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना रविवार सुबह करीब 7.30 बजे लिंबायत इलाके की सहजानंद सोसाइटी में हुई। पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतकों की पहचान मल्लेश्वरी गोडुरू और उनके सबसे छोटे बेटे राजू के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, यह परिवार मूल रूप से तेलंगाना का रहने वाला है और सूरत में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, परिवार में पिछले दो साल से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मल्लेश्वरी के पास तीन दुकानें थीं, जिनसे हर महीने करीब 60 हजार रुपये किराया मिलता था।

वायुसेनाका नया संचार कवच जीसैट-7सी सैटेलाइट होगा लांच

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय वायुसेना की संचार क्षमता मजबूत करने के लिए देश में जीसैट-7सी सैन्य उपग्रह लॉन्च किया जायेगा। रक्षा मंत्रालय ने न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ 2,563 करोड़ रुपये का करार किया। इसके तहत उपग्रह का डिजाइन, विकास और निर्माण किया

रेडियो ठप होनेपर भी फाइटर जेटतक पहुंचेगा संदेश

जायेगा। इस उपग्रह की सबसे बड़ी खासियत दूर तक सुरक्षित संचार उपलब्ध कराने की क्षमता होगी। इससे लड़ाकू विमानों, निगरानी विमानों, मानवरहित विमानों और जमीन पर मौजूद सैन्य केंद्रों के बीच संपर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी। सामान्य रेडियो संचार की पहुंच से बाहर होने पर भी उपग्रह के जरिए सूचनाओं का आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। भारतीय वायुसेना का यह दूसरा समर्पित संचार उपग्रह (शेष पृष्ठ नौ पर)

पूजा पंडालके बाहर कारने श्रद्धालुओंको रौंदा, तीनकी मौत

लखनऊ (आससे)। यूपी के बलरामपुर जिले में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर वीडियो देख रहे श्रद्धालुओं को रौंद दिया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए बहराइच रेफर किया गया है। एसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना देहात थाना क्षेत्र के चिरगहिया बेल्हा गांव में हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात कुछ श्रद्धालु सड़क किनारे स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर वीडियो देख रहे थे, तभी सिद्धार्थनगर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और रौंदते हुए निकल गई। सीएम योगी ने इस हादसे पर दुःख जताया है।

फ्रांसमें महंगाईके खिलाफ प्रदर्शन, हिंसा

१८ सौ गिरफ्तार, उपद्रवियोंने सरकारी संपत्तियोंको बनाया निशाना

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस में बढ़ती महंगाई और स्कूलों की खराब हालत के खिलाफ शनिवार को हुए प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गयी। राजधानी पेरिस में पुलिस ने 1800 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान हिंसक समूहों ने पुलिसकर्मियों से भिड़ंत की और दुकानों में लूटपाट की। प्रदर्शन में पेरिस क्षेत्र में करीब 1.10 लाख लोग शामिल हुए थे। देश के कई अन्य शहरों में भी तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आयीं। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों में शामिल लोगों की संख्या को लेकर अधिकारियों और आयोजकों के आंकड़े अलग-अलग हैं। अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में करीब 5.50 लाख लोगों ने प्रदर्शन किया, जबकि आयोजकों ने यह



संख्या लगभग आठ लाख बताई। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती जीवन-यापन लागत और स्कूलों में खराब सुविधाओं के खिलाफ नाराजगी जताई। हालांकि, कई जगह प्रदर्शन के दौरान हिंसा होने से हालात बिगड़ गये। पेरिस के प्लास द ला रिपब्लिक इलाके में रविवार सुबह हिंसा के निशान दिखाई दिए। दुकानों के टूटे शीशे, सड़कों पर बिखरे कांच और उखड़े हुए पत्थर तोड़फोड़ की तस्वीर बयां कर रहे थे। शहर के मध्य हिस्से में कुछ अन्य पर्यटन और खरीदारी वाले इलाकों में भी दुकानों में लूटपाट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आईं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को मध्य पेरिस में कई सौ से लेकर एक हजार से अधिक लोगों के समूहों ने बिना अनुमति मार्च निकाले।

एनएसयूआई ने सीईसी के इस्तीफे की मांगको लेकर निकाला मार्च

नयी दिल्ली (आससे)। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर रविवार को जंतर-मंतर की ओर 'उंगली तो उठेगी-हल्लाबोल मार्च' निकाला। इस मार्च का नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने किया। वह एक तख्ती पकड़े नजर आए, जिस पर लिखा था, 'ज्ञानेश, तेरा खेल खत्म भाई।' यह विरोध प्रदर्शन छात्र समूहों और अन्य संगठनों द्वारा कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर किये जा रहे प्रदर्शनों की कड़ी में हुआ। एनएसयूआई ने कहा कि मार्च का उद्देश्य निर्वाचन आयोग के कामकाज पर सवाल उठाना और उसके प्रमुख की जवाबदेही तय करने की मांग करना था।



लंका में पेट्रोल पंप संचालक के घर से जेवरात और मैगजीन चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ सीसीटीवी फूटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने की कोशिश

लंका थाना क्षेत्र के डाफी स्थित बजरंग नगर अशोकपुरम कॉलोनी में शनिवार की रात्रि में चोरों ने मकान में घुसकर जेवरात और मैगजीन पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार डाफी स्थित बजरंग नगर अशोकपुरम कॉलोनी में चोरों ने पेट्रोल पंप संचालक के बंद मकान को निशाना बनाकर पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी। दीवार फांदकर घर में घुसे चोर मुख्य दरवाजे और कमरे का ताला तोड़ते हुए आलमारी तक पहुंच गये। वहां से करीब पांच लाख रुपये के जेवरात, पिस्टल की मैगजीन और चौबिस कारतूस लेकर फरार हो गये। हैरानी की बात यह है कि चोरी की पूरी गतिविधि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी। पेट्रोल पंप संचालक कुमार गौरव पन्द्रह अक्तूबर को अपने माता-पिता के पास मुगलसराय चले गये थे। रविवार को जब वह घर की पेंटिंग कराने के लिए पहुंचे, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गये। घर के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर लाखों के जेवरात और कारतूस गायब मिले। स्कूटी से पहुंचे तीन युवक, दो दीवार फांदकर घर में घुसे सीसीटीवी फुटेज में शुक्रवार दोपहर स्कूटी से तीन युवकों के पहुंचने की बात सामने आयी है। इनमें से दो युवक दीवार फांदकर घर के भीतर घुसे, जबकि तीसरा बाहर खड़ा रहा। इतना ही नहीं, रविवार सुबह एक युवक फिर स्कूटी से पहुंचा और दीवार फांदकर घर में घुस गया। वह बच्चों का एक खिलौना लेकर जाता भी दिखाई दिया। संदिग्धों की इन गतिविधियों ने चोरी की घटना को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम, जांच में जुटी पुलिस चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पिस्टल की मैगजीन और चोबिस कारतूस चोरी होने का मामला भी सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जा रहा है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में नाराजगी स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में चोरी या अन्य वारदात होने के बाद ही पुलिसकर्मी दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि नियमित पुलिस गश्त की कमी से चोरों और उचक्कों के हौसले बढ़ रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

एक नजर इधर भी

लाज में छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

लंका थाना क्षेत्र के छित्तूपुर इलाके में रविवार की रात राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे २२ वर्षीय छात्र विनोद पटेल ने लाज में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी उस समय हुई, जब रूम पार्टनर अभिषेक के बार-बार फोन करने पर भी विनोद ने कॉल रिसीव नहीं किया। कमरे पर पहुंचने के बाद दरवाजा खटखटाने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अभिषेक ने बगल के रोशनदान से झांककर देखा तो विनोद को फंदे से लटका पाया। सूचना मिलते ही बीएचयू पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ तिवारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर विनोद के पिता बुद्धिराम पटेल परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। मूल रूप से मिर्जापुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के दाती कोटवा गांव का रहने वाला विनोद पिछले कुछ महीनों से छित्तूपुर में किराये के कमरे में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और छात्र के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने की तैयारी में है।

चोरी की मोबाइल खरीदने वाले पांच लोग गिरफ्तार

सेवापुरी। कपसेठी पुलिस ने बरकी पेट्रोल पंप के पास बंद पड़े ढाबे पर खड़े एक डीसीएम वाहन की जांच के दौरान चोरी की मोबाइल खरीदने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से ३४५ एंड्रॉयड मोबाइल, २,२२५ कीपैड फोन और विभिन्न कंपनियों के ११३ सिम कार्ड बरामद किये। इसके अलावा आरोपियों की तलाशी में दो हजार एक सौ ४९ रुपये मिले। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम और संदिग्धों की तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बंगाल नंबर का एक डीसीएम संदिग्ध सामान लेकर बरकी पेट्रोल पंप के पास खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन की तलाशी लेकर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बाबुर अली, मंटू खां, नारजूल शेख, लालबाबू शेख और मिलन शेख के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे फेरी लगाकर कबाड़ के नाम पर मोबाइल खरीदते थे और कुछ मोबाइल चोरी कर खराब कर देते थे। इन मोबाइलों को झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में बेचने की बात भी सामने आयी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है।

घर से नकदी और लाखों रुपये के जेवरात लेकर किशोरी गायब, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर में १७ वर्षीय किशोरी के लापता होने के साथ ही घर से नकदी और लाखों रुपये के जेवरात गायब होने के मामले में परिजनों ने पड़ोस में किराये पर रहने वाले युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते युवक के पिता, बहन और अन्य रिश्तेदारों पर भी साजिश में शामिल होने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, शनिवार की भोर साढ़े तीन बजे किशोरी अचानक घर से लापता हो गयी। उसकी तलाश के दौरान घर से करीब ५० हजार रुपये नकद और लगभग पांच लाख रुपये के सोने के जेवरात भी गायब मिले। इनमें अंगूठी और हार शामिल हैं। परिवार ने आरोप लगाया कि पड़ोस में किराये पर रहने वाला युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। साथ ही युवक के परिजनों और अन्यरिश्तेदारों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। इस मामले में शिकायत के आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जंसा में जुआ खेलते जुआड़ी गिरफ्तार

जंसा पुलिस ने क्षेत्र में देखभाल, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग, वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश तथा रात्रि में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सिंहोरवां में हनुमान मंदिर के पास बगीचे में छापा मारकर जुआ खेल रहे तीन जुआड़ी को गिरफ्तार कर मौके से से १० हजार नौ सौ ४१ रुपये नकद और ५२ अदद ताश के पत्ते बरामद किया है। थाना प्रभारी सत्यजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों में कपरफोरवां जंसा निवासी मनीष कुमार पुत्र गुलाबचन्द्र, बृजेश कुमार पुत्र देवनाथ और सिंहोरवां रिंकू गौंड पुत्र तुलसी गौंड़ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अंशू पाण्डेय, उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव आदि शामिल रहे।

स्थानीय लोगों को मिलेगी आधुनिक दवा सेवा

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नयी शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर तेजेंद्र सिंह एवं श्रीमती साधना सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नयी शाखा की शुरुआत को क्षेत्र में सुविधाजनक और भरोसेमंद दवा सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। फ्रेंचाइज़ी ओनर अमित कुमार सिंह ने कहा कि उनका प्रयास रॉबर्ट्सगंज और आसपास के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित दवाइयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है, ताकि ग्राहकों को दवा खरीदने के लिए बेहतर विकल्प अपने ही क्षेत्र में मिल सके। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अजय सिंह, रवि सिंह, विजय शंकर चतुर्वेदी, दिव्य प्रकाश द्विवेदी एवं प्रतीक सिंह उपस्थित रहे।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

रामेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान हुआ हादसा

जंसा थाना क्षेत्र के रामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन करने गये अभिषेक पांडेय उर्फ विक्की ३७ वर्ष की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। इस हादसे से मृत युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकार के अनुसार बड़गांव बाजार निवासी अभिषेक पांडेय उर्फ विक्की रविवार को अपनी पत्नी अलका पांडेय के साथ रामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गये थे। मंदिर परिसर में हैंडपंप से पानी निकालते समय अभिषेक करंट की चपेट में आ गये। परिजन उन्हें तुरंत कई अस्पतालों में ले गये, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभिषेक ओमप्रकाश पांडेय उर्फ सुटूर पांडेय के इकलौते बेटे थे। उनकी मौत की खबर से परिवार में गहरा दुख छा गया है। पत्नी अलका पांडेय का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर जंसा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया ।

जंसा पुलिस ने गुमशुदा महिला को सकुशल किया बरामद

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के सपेहटा गांव से लापता हुई महिला उर्मिला देवी पत्नी अखिलेश कुमार को पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उर्मिला देवी के बिना बताये घर से चले जाने पर परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की सूचना थाना जंसा पुलिस को दी थी। परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला की तलाश शुरू की। महिला को जल्द से जल्द खोजने के लिए थाना जंसा पुलिस ने टीम गठित की थी। परिणामस्वरूप पुलिस ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर लिया। महिला की बरामदगी के बाद पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे की कारवाई की जा रही है।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3598114 का मूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है नाम **मुमताज बानों** पुत्री शहबान उल्लाह ग्राम बेगपुर, नरायनपुर जिला मिर्जापुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा सन् 2026 , अनुक्रमांक 1262133791 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **किशन राजभर** पुत्र श्रवण कुमार माता - मालती देवी ग्राम + पोस्ट - मौरा जनपद - गाजीपुर पिन कोड -233225

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा विद्यालय से जारी कक्षा 10वीं परीक्षा सन् 2024-25 का टी.सी. प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **हरिओम मिश्रा** पुत्र श्री अरूणंजय कुमार मिश्रा निवासी वृन्दावन विहार कालोनी, चितईपुर, जिला-वाराणसी।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र **मुकेश साहनी** उर्फ गोलू व उसकी पत्नी गुड़िया अलग रहते है, आये दिन गाली-गलौज, मारपीट करते है, उसके द्वारा कृत्य ,कार्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरे व मेरी परिवार की नहीं होगी, मैं अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति उसे बेदखल करता हूँ । **सत्यदेव प्रसाद** पुत्र स्व. राजाराम निवासी म.नं. ए-1/5 पाटन दरवाजा, गायघाट, थाना-आदमपुर, जिला वाराणसी।

NOTICE

I, RINTA DEVI, W/o Late Abhay Mishra, resident of Paranapur, Kansapur, Maharajganj, Sant Ravidas Nagar, Uttar Pradesh – 221314, have changed my name from RINTA DEVI to RANITA MISHRA and shall hereafter be known as **RANITA MISHRA** for all purposes.

सूचना

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 1357586 इण्टरमीडीयेट वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0657672 का अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। **कुमारी निरोज** पुत्री श्री काशीनाथ सिंह यादव ग्राम पटना , पोस्ट औड़िहार ,जनपद गाजीपुर

सूचना-मैं, HANSHIKA GUPTA D/o Ritesh Kr. Gupta, XII (2024-25) सनबीम स्कूल भगवानपुर, वाराणसी की छात्रा थीं। मेरा बोर्ड अनुक्रमांक 23805907, एवं विद्यालय पंजियन संख्या 24063 63 हैं। मेरा TC/CC विद्यालय से घर जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया, जिसे काफी खोजने के बाद भी नहीं मिला। **HANSHIKA GUPTA** D/o Ritesh Kr. Gupta, दीनदयाल नगर कालोनी, प्लाट नं. 46, दुर्गाकुंड, वाराणसी।

NOTICE

I, **POONAM YADAV**, wife of Shri Mahendra Yadav (Service No. GS 195329F), serving in GREF, resident of Village Panchayat Meuli Kanaspur, Post Ratsar Kalan, Police Station Pakari, Tehsil Sikandarpur, District Ballia, Uttar Pradesh, hereby declare that my name has been incorrectly recorded as "PUNAM YADAV" in my husband's service book due to a clerical error. My correct name is "POONAM YADAV" and my date of birth is 20/06/1988, as mentioned in my official documents.It is hereby requested that my name be corrected from "PUNAM YADAV" to **"POONAM YADAV"** in my husband's service book.

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

सम्मन बजरंग एन फैसला मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1व 5

बअदालत उपजिलाधिकारी पी.डी.डी.यू. नगर, चन्दौली
बमुकदमा नम्बर T2025141804.09773 सन् 2025 ई. धारा 38(2) उ.प्र. रा.सं. 2006
आत्मानन्द वगै. बनाम सरकार

मौजा-डहिया परगना -राल्हूपुर तह.-पी.डी.डी.यू.नगर, जनपद चन्दौली,
बनाम : 1. मुसे यादव पुत्र कल्लु यादव नि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह. -पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली 2. नरेश यादव पुत्र कल्लु यादव नि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह.-पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली 3. सोमारू यादव, पुत्र स्व. मंगरू यादव नि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह.-पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली 4. कुमारी देवी पुत्री स्व० देवनाथ यादवनि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह.-पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली । 5. मुनारी देवी पुत्री देवनाथ यादव नि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह.-पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली 6 हरिनाम यादव पुत्र स्व. बैजू नि. ग्रा. डहियां पर. राल्हूपुर, तह. तह.-पी.डी.डी.यू.नगर जनपद-चन्दौली।

बावजह हो कि आपके नाम एकनालिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता / वकिल हाजिर हो कर कुछ उज हो आज तारिख 28 माह 10 सन् 2026 ई. वक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता / वकिल अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमे की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 14 माह 10 सन् 2026 ई. की जारी किया गया।

मुहर अदालत

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण कुशवाहा द्वारा आराजी सं0-291, मौजा-कन्जाकपुरा, परगना-देहात अमानत, वार्ड-आदमपुर, तहसील-सदर, वाराणसी पर होटल का निर्माण कराया गया है, जिसे शमनित कराने हेतु प्राधिकरण में शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। वाराणसी महायोजना-2031 के अनुसार प्रश्नगत भूमि जिस पर यह होटल निर्मित है, का भू-उपयोग निर्मित है इस भू-उपयोग में वाराणसी महायोजना - 2031 एवं भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार आवासीय में उक्त प्रकृति का निर्माण सामान्यतः अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। आदर्श मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर-15.1.3 के बिन्दु सं0- (IV) में यह प्रावधान है कि महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में पारिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्तियां / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त की जायेगी।" आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 सं- 122/2025-8-3099/406/2023 पार्ट-1, लखनऊ के अधिसूचना बिन्दु सं0-5.1 में यह प्राविधान है कि "सभी प्रकार के उपयोगों और क्रियाकलापों के लिये चाहे "सामान्यतया" या "सशर्त" या विशेष अनुमति से अनुमन्य है, प्राधिकरण आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करते हुये विकास क्षेत्र में प्रसार वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में एक नोटिस प्रकाशित करायेगा । आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करने के लिये न्यूनतम अवधि नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिनों तक होगी एंव इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी । "चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भू-उपयोग निर्मित है एवं होटल की क्रिया इस मूल उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है । अतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को प्रश्नगत होटल के शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव विन्यास अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा ।

Digitally signed by Prabhat Kumar
Date-01.09.2026

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)
वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी।

कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

जिला पंचायतों के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है जिला पंचायत, जौनपुर द्वारा पंचम राज्य आयोग योजनान्तर्गत कार्यो की ई-निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सूचना का प्रकार	तिथि व समय
1.	ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि	दिनांक 22.10.2026 समय 14:00 बजे से
2.	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक 22.10.2026 समय 14:00 बजे से
3.	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 27.10.2026 समय 14:00 बजे से
4.	ऑनलाइन निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 27.10.2026 समय 15:00 बजे से

नोट:-

1. निविदा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. निविदादाता को निविदा के साथ वांछित पठनीय अभिलेख स्कैन कर आनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसके आधार पर निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा।
3. टेक्निकल बिड में क्वालिफाईड ठेकेदार की ही फाइनेन्सियल बिड खाली जायेगी,
4. समस्त निविदादाताओं को निविदा शुल्क की यू0टी0आर0/ ट्रांजैक्शन नं0, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र व जमानत धनराशि की टी0डी0आर0/एफ0डी0 आर0, शपथ पत्र (T6 हाटमिक्स प्लान्ट एवं पेवर फिनीसर से कराये जाने के संबध में मशीनरी स्वामित्व अथवा ठेकेदार एवं मशीनरी स्वामी के मध्य निष्पादित वैधानिक समझौता पत्र की प्रति व अन्य वांछित अभिलेखों की मूल प्रति शासनादेश सं0-1791/33-22-2020-198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार निविदा खोले जाने के पश्चात् कार्यालय जिला पंचायत, जौनपुर में जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदादाता के विरुद्ध नियमानुसर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

(लाल बहादुर सिंह)
अभियन्ता
जिला पंचायत,जौनपुर

(अखिलेश कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत,जौनपुर

(श्रीकला सिंह)
अध्यक्ष/प्रशासक
जिला पंचायत,जौनपुर

पत्रांक: 911/जि0पं0जौ0/नि0अनु0/ई-टेण्डर/2026-27/ दिनांक-17-10-2026

फार्मेट सी-1
(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू पता-पहाड़ीगेट, वैष्णो विहार कालोनी, भुल्लनपुर पी.ए.सी. वाराणसी- 221108**
राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम: **उत्तर प्रदेश विधान परिषद**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	A/c 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह वाराणसी मु.अ. संख्या 29/2019	302, 34, 120 B,IPC हत्या करना	लागू नहीं	लागू नहीं
2	ADJ-4 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह मु.अ. सं. 137/18	307 IPC हत्या के प्रयास	लागू नहीं	लागू नहीं
3	ADJ-4 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 138/18	3/7/25 IPC आर्म्स एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
4	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. सं. 2469/2003	147, 353, 504, 506 IPC , मारपीट व धामी	लागू नहीं	लागू नहीं
5	ADJ-13 स्पेशल जज वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 53/ 2019	3(1) UP IPC गैंगस्टर एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
6	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 0161/17	386, 323, 504, 506 IPC धमकी देना	माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., चन्दौली

पत्रांक: -3952/4ए — दिनांक-17/10/2026

अति अल्पकालीन निविदा

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 सरकार की ओर से जनपद चन्दौली के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक- 19.10.2026 को सायं 3.30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, चन्दौली के कार्यालय में डाली जायेगी, जो उसी दिन सायं 4.00 बजे सम्बन्धित सहायक अभियन्ता के द्वारा प्रा.ख., लो.नि.वि. के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारो के समस्त खोली जायेगी। केवल लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म ही निविदा लेने के पात्र होंगे। किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्रों का विकय अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख०, लो०नि०वि०, चन्दौली के कार्यालय में दिनांक - 19.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

2.

क्रमांक	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अर्ह ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22,24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो-2026" के अन्तर्गत विभिन्न घाटों के मिट्टी भराई, समतलीकरण एवं अन्य विविध कार्य ।	6.25	0.63	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B D
2	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22, 24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो 2026' के अन्तर्गत विभिन्न घाटों के पहुँच मार्ग के मरम्मत एवं अन्य विविध कार्य ।	6.10	0.61	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B C,D
3	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22 ,24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो-2026" के अन्तर्गत भीड़ नियंत्रण एवं आवश्यक सूचना हेतु पी.ए. सिस्टम एवं अन्य विविध कार्य।	8.10	0.81	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B C,D
4	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22, 24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो-2026" के अन्तर्गत विभिन्न घाटों पर यातयात नियंत्रण हेतु चेकपोस्ट, बैरियर एवं अन्य विविध कार्य ।	2.57	0.26	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B C,D
5	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22 ,24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो-2026" के अन्तर्गत वाहन पार्किंग हेतु मिट्टी भराई, समतलीकरण एवं पहुँच मार्ग के सुधार का कार्य ।	2.35	0.24	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B C,D
6	चन्दौली	जनपद वाराणसी/चन्दौली मे दिनांक-22, 24 व 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "एयर शो-2026" के अन्तर्गत वी.आई.पी. दीर्घा में कुर्सी, सोफा, मैटिंग एवं अन्य विविध कार्य ।	8.25	0.83	75+500 104= 679.00	दिनांक 22.10.2026 प्रातः 9.00 बजे तक	A, B C,D

3. प्रत्येक कार्य की पूर्ण करने की समयावधि वर्षाकाल को सम्मिलित करते हुए कालम-7 में वर्णित है।
4. निविदा की वैधता निविदा खुलने की तिथि से 30 दिवस होगी एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नही ली जा सकती है।
5. निविदा के साथ धरोहर धनराशि जैसा की कालम - 5 मे दर्शाया गया है को संलग्न करना अनिवार्य है।
6. राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ.डी.आर. किसान विकास के रूप में अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, चन्दौली के नाम बन्धक होना चहिए।
7. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ सारी सूचनाये निर्धारित प्रारूप (T-4, T-5, T-6) जमा करना अनिवार्य होगा ।
8. इस कार्य हेतु टी0-1 में अंकित समस्त शर्तें लागू होगी।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., चन्दौली

मां की झलक पाने के लिए श्रद्धालु रहे उत्साहित

सोनभद्र। शारदीय नवरात्र के अष्टमी के मौके पर पंडालों में विराजमान हुईं मां जगतजननी मां शेरावाली की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेहद उत्साहित नजर आयें। शाम ढलते ही जिले के चारों ओर सड़कों पर बस मां के भक्त ही नजर आ रहे थे सभी लक्ष्य रहा कि मां का दर्शन पूजन अर्चन किया जाय। पंडालों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की। पंडालों में देर रात तक मां का जयकारा होता रहा। पंडालों में बज रहे देवी गीत से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया था। पंडालों को आकर्षण ढंग से सजाया गया था जो लोगों को आकर्षिक का रहा था। राबर्ट्सगंज नगर स्थित बढ़ौली चौक, शीलता मंदिर, कचहरी मार्ग स्थित, हाईडिल मैदान परिसर, रेलवे स्टेशन मार्ग, घोरावल मार्ग समेत आसपास के ग्रामीण आंचलों में बनाए गए पंडालों में विराजमान हुईं मां शेरावली का दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। अष्टमी के मौके पर जनपद में कई स्थानों पर देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आये हुए गायकों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत गाकर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। **मधुपुर संवाददाता के अनुसार**- स्थानीय बाजार समेत आसपास के ग्रामीण आंचलों में बनाए गए पंडालों में विराजमान हुंइं मां दुर्गा का दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। मधुपुर बाजार में चार जगहों पर पंडाल बनाए गए हैं। दक्षिणी त्रिमुहानी पर स्थित पंडाल में निर्मित भूतिया गुफा लोगो के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है वहीं मधुपुर चंद्रगुप्त मैदान में स्थित पंडाल भव्य बनाए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तरी सब्जी मंडी में निर्मित पंडाल में सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा गया है। साथ ही अग्निशामक यंत्रों की भी व्यवस्था की गई है। बाजार के मध्य स्थित शंकर जी के मंदिर पर बाजार की महरानी दुर्गा पूजा समिति द्वारा भी भव्य पंडाल बनाया गया है। सुकृत चौकी प्रभारी ने बताया कि पंडालों में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। **ओबरा संवाददाता के अनुसार**-शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना व पूजन अर्चन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्थानीय शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज प्रांगण, गजराज नगर तिराहा, चूड़ी गली, सिनेमा रोड, गीता मंदिर, गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर 10 पर हिंदू आस्था का पावन पर्व नवरात्र के मद्देनजर मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित कर प्रतिमा अवलोकन कर पूजन अर्चन कार्य पूरे विधि विधान से शुरू कर दिया गया। गौरतलब है कि भारतीय हिंदू संस्कृति व सभ्यताओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का जिक्र है, जिनका प्रथम दिन से नवमी तिथि तक पूजन अर्चन किया जाना अपार फलदायी सिद्ध होता है। धर्मार्थ कार्य में लगे विभिन्न समितियों द्वारा मां आदिशक्ति का नवरात्र में श्रद्धालुओं को दर्शन कराने एवं जागरण का आयोजन भक्तिमय वातावरण को बनाए रखने का काम अद्भुत एवं अलौकिक होता है। वही नन्हे मुझे बच्चों को सार्वजनिक तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए भक्ति में गीतों पर अपनी प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया जाता है। **मारकुंडी संवाददाता के अनुसार**-शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर मारकुंडी क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नजर आया। मां के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महुआंव कला से लेकर मारकुंडी बाजार और सलखन मुख्य बाजार तक सजे दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों का तांता लगा रहा। मां के जयकारों और आरती से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। महुआंव कला में मां देवी पाटन पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल में मां दुर्गा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

पंडालों में देर रात तक होता रहा जगतजननी मां शेरावाली का जयकारा

एनटीपीसी सिंगरौली में सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण, कौशल विकास एवं सतत आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ ई. प्रभाकर राव, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली तथा श्रीमती ई. निर्मला राव, अध्यक्षा, वनिता समाज ने किया। ई. प्रभाकर राव ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण एवं उन्हें आजीविका के स्थायी अवसर उपलब्ध कराना समावेशी सामाजिक विकास के महत्वपूर्ण आयाम हैं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। हमें विश्वास है कि इस कार्यक्रम से महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के साथ अपने परिवार एवं समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। श्रीमती ई. निर्मला राव अध्यक्षा, वनिता समाज ने कहा कि कौशल विकास महिलाओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं उद्यमशीलता की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा विकसित करने तथा घर से ही आजीविका अर्जित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कपड़े के थैलों के निर्माण को पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ जीवनशैली से जोड़ते हुए इसे महिला सशक्तीकरण के साथ सामाजिक जागरूकता की दिशा में भी उपयोगी पहल बताया। कार्यक्रम में अगम प्रकाश तिवारी महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, रश्मिरंजन मोहंती महाप्रबंधक परियोजना, सुनील कुमार मिश्रा महाप्रबंधक इंजीनियरिंग, सिद्धार्थ मंडल विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, डा. ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, राजभाषा मौजूद रहे।

कौशल से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी ग्रामीण महिलाएं

शांतिभंग में सात पर काररवाई

रेणुकूट(सोनभद्र)। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पिपरी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में सात लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने मारपीट, देर रात दुकान खोलने, रात में घूमने तथा जमीन विवाद से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप किया। मारपीट के अलग-अलग मामलों में हिंडाल्को कॉलोनी, रेणुकूट निवासी प्रिंस दुबे और धोबिया टंकी निवासी राजन सोनी के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं, देर रात दुकान खुली रखने के मामले में दर्जी मार्केट स्थित चौरसिया कटरा निवासी ओम प्रकाश चौरसिया तथा रात में घूमते पाए जाने पर खाड़पाथर, मुर्धवा निवासी कैलाश निषाद के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा मुर्धवा मोड़ निवासी अताउर्रहमान, अजीजुर्रहमान और हफीजुर्रहमान के बीच जमीन विवाद को लेकर आपसी विवाद और मारपीट की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की।

संस्थान में दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष

रेणुकूट(सोनभद्र)। नगर स्थित निजी औद्योगिक संस्थान ग्रासिम इंडस्ट्रीज में शनिवार की दोपहर दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर पिपरी थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव शाम को कारखाने पहुंचे। उन्होंने संस्थान के जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान कारखाना प्रबंधन की ओर से उन्हें बताया गया कि संस्थान में किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन गिरफ्तार

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर रविवार की सुबह कोन बस स्टैंड के पास से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित तीनों क्रमशः जितेन्द्र यादव, हरिदास उराव तथा सुनील कुमार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

बभनी(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सामुदायिक मोंड के पास बीते देर रात करीब 11 बजे दो बाईक की आमने सामने भिंड़त हो गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वाकए की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरेश कुमार 21 वर्ष पुत्र बिहारी निवासी सुकरवन टोला बभनी जो कि खोतोमहुआ से रामलीला देखकर बभनी अपने घर जा रहा था, दूसरा हीरालाल 25 वर्ष पुत्र भगवत सिंह निवासी कनवां बभनी अपने घर आ रहा था कि सामुदायिक मोंड के पास जोरदार भिंड़त हो गई। इस हादसे में सुरेश कुमार मौत हो गई। वहीं हीरालाल गंभीर की दशा में बभनी से रिफर कर दिया गया, जहां वाराणसी के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक अपने पिता का बड़ा बेटा है। जिसकी शादी अभी तक नहीं हुई थी। मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। बभनी प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दूसरा गंभीर रूप से घायल, सामुदायिक मोड़ के समीप हुआ हादसा

सुरक्षित, सकुशल ढंग से करें दुर्गा प्रतिमा विसर्जन-सीओ

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने आगामी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के संबंध में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में आगामी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित किया। बैठक के दौरान दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए की जाने वाली तैयारियों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने विसर्जन जुलूस के निर्धारित मार्गों, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी नगर ने सभी दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों से अपील किया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्गों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। जुलूस के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा अव्यवस्था उत्पन्न न होने दें। इसके साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप करने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने के संबंध में भी जागरूक किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने तथा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरुरत नहीं, पुलिस को दें सूचना

अंगद रावण संवाद, रामसेतु निर्माण का मंचन

दुद्धी(सोनभद्र)। रावण का अहंकार, अंगद की निर्भीकता और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण रहा। दुद्धी की ऐतिहासिक रामलीला में इन प्रसंगों का मंचन देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह रहा। श्री रामलीला नाटक परिषद के तत्वावधान में तहसील परिसर में चल रही रामलीला के तेरहवें दिन अंगद-रावण संवाद और रामसेतु निर्माण की लीला प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद और जीवंत अभिनय से रामायण के प्रसंगों को मंच पर साकार किया अंगद ने रावण को दी अहंकार छोड़ने की सीख रामलीला में उस प्रसंग का मंचन हुआ, जब भगवान श्रीराम माता सीता को रावण की कैद से मुक्त कराने के लिए अंगद को लंका भेजते हैं। अंगद रावण के दरबार में पहुंचकर उसे समझाते हैं कि वह माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटा दे। इससे युद्ध टल सकता है और लंका को विनाश से बचाया जा सकता है। लेकिन सत्ता और अहंकार के मद में चूर रावण अंगद की बात मानने को तैयार नहीं होता। इसके बाद अंगद अपनी शक्ति और पराक्रम का परिचय देते हैं। वह दरबार में अपना पैर जमा देते हैं और चुनौती देते हैं कि यदि कोई उनका पैर हटा दे, तो श्रीराम की सेना युद्ध से पीछे हट जाएगी। रावण के दरबार में मौजूद योद्धा अंगद का पैर हिलाने में असफल रहते हैं। इस दृश्य ने दर्शकों में रोमांच भर दिया।

मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

ओबरा(सोनभद्र)। नवरात्र एवं मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत पुलिस अलर्ट है। उपजिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में रामलीला स्थलों, पाण्डालों एवं मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसी क्रम में रविवार को उपजिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय द्वारा थाना ओबरा क्षेत्रांतर्गत स्थापित पाण्डालों एवं मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा आयोजनों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

विभिन्न परिधानों से सजे बच्चे दिख रहे थे मनोहारी

अनपरा(सोनभद्र)। औड़ी डीएवी स्कूल के तत्वावधान में दशहरा पर्व के मौके पर रामायण के पात्रों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा रामायण के आदर्शों से परिचित कराना और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना था। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी सहित रामायण के विभिन्न पात्रों का मनमोहक रूप धारण किया। विद्यार्थियों ने अपने पात्रों के अनुरूप संवाद प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने मर्यादा, सत्य, साहस, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा एवं बुराई पर अच्छाई की विजय जैसे महत्वपूर्ण जीवन-मूल्यों को समझा। सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रभारी सुनीता मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

षष्ठी बोधन के साथ हिण्डाल्को में दुर्गापूजनोत्सव का शुभारंभ

रेणुकूट(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आवासीय परिसर स्थित मिताली क्लब में हिण्डाल्को प्रबंधन के सहयोग से दुर्गापूजनोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा एवं उल्लास के साथ हुआ। इस वर्ष पंडाल में अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर की झलक श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कोलकाता से आए कुशल कारीगरों द्वारा तैयार भव्य पंडाल आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमगा रहा है। पंडाल में मां दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश एवं भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। समारोह में मुख्य अतिथि समीर नायक तथा विशिष्ट अतिथि जसबीर सिंह, अजय सिन्हा, जयेश पवार, राजेश कपूर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां दुर्गा की आरती एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मिताली क्लब के अध्यक्ष तपस चौधरी, तपन पाल, दुर्गा पूजा समिति के समन्वयक उत्तम मन्ना, अर्घा सिन्हा, महासचिव अभिजीत बंधु सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे। मिताली क्लब में वर्ष 1962 से दुर्गापूजा का आयोजन बंगाली रीति-रिवाजों के अनुसार किया जा रहा है। समारोह में क्लब के बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक महिषासुर मर्दिनी नृत्य-नाटिका ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजकों ने बताया कि पांच दिवसीय दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पंडाल के आसपास लगे मेले में श्रद्धालु विभिन्न व्यंजनों एवं खरीदारी का आनंद ले सकेंगे। इस आयोजन में रेणुकूट सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।



पूजा-अर्चना के बाद डांडिया की रही धूम

विंढमगंज(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजन अर्चन के बाद रात भर डांडिया की धूम रही। जगह-जगह मंदिरों में दिव्य पूजा-अर्चना, जयकारों और डांडिया-गरबा की धूम से पूरा पंडाल देर रात तक गूंजता रहा। राम जानकी व मां काली मंदिर में भव्य आयोजन नगर के प्रमुख दिगंबर अखाड़ा से संबंध श्री राम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल, शिव मंदिर सलैयाडिह समिति के अध्यक्ष अरविंद जायसवाल, शिव समर्पण समिति धरतीडोलवा के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति मुडिसेमर के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम-खम

बीजपुर(सोनभद्र)। कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद द्विवेदी ने किया।50 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक वर्ग में अनिल प्रथम तथा आदित्य द्वितीय रहे।बालिका वर्ग में सुनैना प्रथम,रागिनी द्वितीय रहीं 100 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक में प्रदीप प्रथम व बालिका में अनुष्का प्रथम रहीं। उच्च प्राथमिक बालक में सुनील और बालिका वर्ग में सुनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो स्पर्धा में प्राथमिक बालक व बालिका और उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय सिरसोती विजेता बना जबकि उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जरहा की टीम अव्वल रही। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विश्राम गुप्ता एवं शिक्षकों ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

२१ तक नगर में वाहनों का नहीं होगा गमनागमन

सोनभद्र। नवरात्रि मेला के अवसर पर रॉबर्ट्सगंज नगर में पुलिस प्रशासन ने 18 अक्टूबर रविवार शाम पांच बजे से 21 अक्टूबर रात्रि 12 बजे तक निम्नलिखित मार्गों से शीतला चौक की तरफ ऑटो, टोटो एवं चार पहिया वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। पुलिस अधीक्षक की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि चण्डी तिराहा से शीतला चौक की तरफ, धर्मशाला से शीतला चौक की तरफ तथा बढ़ौली चौक से शीतला चौक की तरफ व महिला थाना से शीतला चौक की तरफ टोटो व चार पहिया वाहनों का संचालन नहीं होगा। इसी प्रकार 20 अक्टूबर को शाम चार बजे से उपरोक्त मार्गों से शीतला चौक की तरफ दोपहिया वाहनों का आवागमन पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। एसपी की तरफ से आमजन से अपील की गई है की कृपया निर्धारित यातायात डायवर्जन का पालन करें तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सोनभद्र पुलिस का सहयोग करें।

त्योहार पर मानदेय न मिलने से शिक्षामित्रों में नाराजगी

बीजपुर(सोनभद्र)। बेसिक शिक्षा विभाग की तहत म्योरपुर ब्लॉक में कार्यरत शिक्षामित्रों को सितंबर माह का मानदेय अब तक न मिलने से उनमें भारी निराशा और नाराजगी है। त्योहार के मौके पर मानदेय भुगतान न होने को लेकर शिक्षामित्रों ने बैठक कर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की है। शिक्षामित्रों का कहना है कि अन्य विकास खंडों (ब्लॉकों) में नवमी व दशहरा के अवसर पर मानदेय पहुंच चुका है लेकिन म्योरपुर ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर और विभाग की कथित लापरवाही के कारण यहाँ के शिक्षामित्र त्योहार के समय भी आर्थिक तंगी झेलने को विवश हैं।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर बरगवां पुलिस अलर्ट

सिंगरौली। शारदीय नवरात्रि के समापन और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बरगवां पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल ने डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विसर्जन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। पुलिस ने सभी संचालकों से धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखने और कानून-व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया। विसर्जन जुलूस के दौरान ध्वनि का स्तर नियंत्रित रखें, ताकि आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को परेशानी न हो।

तिल काट घर लौट रही किशोरियों ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबिल गांव निवासी तीन किशोरियों ने पुलिस को तहरीर देकर दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया है। बताया कि शनिवार शाम को वे घर से दूर स्थित अपने खेत से तिल की फसल काट घर वापस लौट रही थी इसी दौरान सुनसान स्थान पर तीन युवक खड़े थे,करीब पहुंचने पर वे उन्हें पकड़ने लगे,जब किशोरियों ने हल्ला मचाना शुरू किया तो भागने लगे। तीनों ने मिलकर एक युवक को पकड़ लिया। किशोरियों ने डायल 112पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बाइक से गिरकर युवक घायल

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के महुअरिया गांव निवासी देव प्रसाद 18 वर्ष पुत्र शंकर गोंड़ सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा लिलासी गांव के आगे कुदरी गांव के पास उस समय हुआ, जब युवक बाइक से अपने बुआ के लड़के को छोड़ने चैन गांव जा रहा था। घुमावदार सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वह गंभी रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

२३० लोगों की आंख की जांच, ३८ का होगा मोतियाबिंद आपरेशन

चोपन(सोनभद्र)। गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को चोपन ब्लाक के गुरुमुरा ग्राम स्थित पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल और पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में 230 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें से 38 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाएगा।

एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने चलाया संपर्क अभियान

दुद्धी(सोनभद्र)। एमएलसी चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा ने दुद्धी में व्यापक संपर्क अभियान चलाया और कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर जोश भरा। भाजपा के स्नातक विधान परिषद प्रत्याशी केदार नाथ सिंह के समर्थन में जन सम्पर्क अभियान को गति देते हुए प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों और जीरो टॉलरेंस से आम जनमानस में राहत व हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर जीत सिंह खरवार, रमेश मिश्रा, कमलेश मोहन, डॉ लवकुश, रामलोचन तिवारी, कुलभूषण पांडेय मौजूद रहें।

लंका विजय की तैयारी... श्रीराम की सेना ने समुद्र पर बांधा सेतु...

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के सातवें दिन विभीषण शरणागति, रावण मंदोदरी वार्ता और सेतुबंध रामेश्वर स्थापना की लीला का जीवंत चित्रण किया गया। रावण को उनके अनुज विभीषण द्वारा समझाया जाता है कि राम और आप संधि कर लीजिए और माता जानकी को आदर सहित राम को सौंप दीजिए। ऐसा करने से आपका ही भला होगा। यह सुनकर रावण क्रोधित हो जाता है और विभीषण को पैर की ठोकर मारकर लंका से बाहर कर देता है। विभीषण राम जी की शरण मे आ जाता है। राम जी विभीषण से पूछते है कि सागर को कैसे पार किया जाए, तब विभीषण के बताए अनुसार राम जी सागर से रास्ता मांगने के लिए उनसे विनय करते है। तीन दिन बीत जाने के पश्चात राम जी क्रोध से सागर को सुखाने के लिए ब्रह्मास्त्र का संधान करते है। तब सागर प्रकट हो जाता है। क्षमा याचना करता है। और राम जी को सेतु बनाने के लिए मार्ग बताता है। नल-नील के नेतृत्व में सेतु निर्माण का कार्य प्रारंभ होता है और राम जी रामेश्वरम की स्थापना करते हैं। उसके बाद सुग्रीव के कहने पर श्री राम रावण को समझने के लिए अंगद को लंका जाने को कहते हैं। मंचन से पहले मुख्य अतिथि रिडक्शन प्लांट हेड जयेश पावर ने सपत्नी वैदिक विधि-विधान से गणेश पूजन कर मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी0 के0 उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं निर्देशक राजेन्द्र सिंह और राजेश सिंह मौजूद रहे।



अष्टमी पर मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, जयकारों से गूंजे पूजा पंडाल

६३६ स्थानों पर स्थापित की गयी मां की प्रतिमाएं, विद्युत झालरों से जगमगाये पंडाल













बलिया। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को जिले भर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्थापित पूजा पंडालों में मां के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। माताराती के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस बार पूजा समितियों की ओर से एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडालों का निर्माण कराया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और आकर्षक सजावट से पंडालों की छटा देखते ही बन रही है। शाम होते ही रोशनी से जगमगाते पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पूजा स्थलों पर बज रहे देवी गीतों की धुन पर युवा थिरकते नजर आए। वहीं, परिवार के साथ दर्शन करने पहुंचे लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। जिले में कुल 636 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पंडालों के पास मेले जैसा दृश्य रहा। श्रद्धालुओं की आवाजाही से प्रमुख मार्गों और पूजा स्थलों पर चहल-पहल बनी रही। बच्चों और युवाओं में भी दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह दिखाई दिया। नगर क्षेत्र में गांधीनगर, ओक्डेनगंज, शास्त्रीनगर, बड़ा गड़हा, आर्यसमाज रोड, कासिमबाजार रोड, सेंट थॉमस स्कूल जगदीशपुर, रेलवे कालोनी, कृष्णानगर, स्टार क्लब कोतवाली, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, गुदरी बाजार, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग रोड, जापलिनगंज, भृगु मंदिर, कदमतर, महावीर घाट काली मंदिर, सुतरपट्टी, बड़ा गड़हा सहित विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन स्थानों पर सप्तमी से ही प्रतिमाओं के पट खुलने के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया था। अष्टमी पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच पूजा पंडालों में उत्सव का माहौल बना रहा।

बेल्थरारोड। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार की शाम विभिन्न पूजा पंडालों में विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, हवन एवं आरती के बाद मां के पट खोले गए थे। पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूजा पंडालों में मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।वहीं, नवरात्र की अष्टमी के दिन रविवार की सुबह से ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई पूजा पंडालों में विशेष सजावट और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

सिकंदरपुर। नगर के गोलाबाजार, हॉस्पिटल तिराहा, स्टेशन रोड, जलालीपुर, बस स्टेशन चौराहा, बेल्थरा मार्ग, सोनार गली और सेंट्रल बैंक के समीप सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल सजाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चट्टी-चौराहों पर भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विधि-विधान से पट खोलने के बाद श्रद्धालुओं ने मां की आरती उतारी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंडालों में पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई जा रही है।

नवरात्रि पर प्रेरणा कैंटीन की शुरुआत

बेल्थरारोड (बलिया)। क्षेत्र पंचायत कार्यालय सीयर के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप रविवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया गया। भोलेनाथ स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अवाया के सौजन्य से रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा संकुल संघ के तत्वावधान में शुरू हुई इस कैंटीन का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश, एडीओ पंचायत मनोज सिंह, अभिषेक सिंह आनन्द सिंह राजीव सिंह टिल्लू, ध्रुव सिंह सहित स्वयं सहायता समूह एवं रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा संकुल संघ से जुड़े लोग मौजूद रहे।

त्योहारों में न हो उपद्रव, बना रहे सामाजिक सौहार्द-डीएम

नवरात्रि और विजयदशमी पर डीएम ने की अपील

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के समस्त नागरिकों को नवरात्रि और विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इन पावन त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव न करें और सामाजिक सद्भाव बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, समानता और एकता का संदेश देता है। समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिल-जुलकर इन त्योहारों को मनाना चाहिए, ताकि जनपद में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि बलिया जनपद के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को सभी के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से दूर किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि जनपदवासी एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और विकास में अपनी सहभागिता निभाएं। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी सद्भाव और उल्लास के साथ मनाएं तथा उत्तर प्रदेश और बलिया जनपद की उन्नति एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी के सामूहिक प्रयासों से बलिया जनपद विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से शांति, एकता, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने तथा मिल-जुलकर त्योहार मनाने का आह्वान किया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका, १२ नवंबर से शुरू होंगे दावे-आपत्तियां

बलिया। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत मतदेय स्थलों का सम्भाजन एवं पुनर्स्थापन दो नवंबर तक पूरा किया जाएगा। वहीं, निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को निर्धारित है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसे सभी अर्ह नागरिक, जिनकी आयु एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है और जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र नागरिक 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक निर्धारित प्रारूप में दावे एवं आपत्तियां अपने संबंधित बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में आवेदन कर पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने नाम के पंजीकरण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचक नामावली में पात्र मतदाताओं का नाम शामिल किया जा सके।

आनंद दुबे ने एसटीओ के पद पर पुन: संभाला पदभार

बलिया के मुख्य कोषाधिकारी आनंद को कोषागार निदेशालय, उप्र लखनऊ से किया गया था संबद्ध



बलिया। सेवानिवृत कर्मचारी, अधिकारी कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बरमेश्वर नाथ पांडेय के नेतृत्व में चला धरना आखिर का रंग लाया। पेंशनरों की मांग पर शासन ने मुख्य कोषाधिकारी आनंद कुमार दुबे को पुन: बलिया मुख्य कोषाधिकारी के पद पर तैनात किया। इसके बाद मुख्य कोषाधिकारी आनंद कुमार दुबे ने शनिवार की रात करीब 7 बजे मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि बलिया जिले के मुख्य कोषाधिकारी आनंद दुबे को अगस्त 2026 में तत्काल प्रभाव से कोषागार निदेशालय, उप्र लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया था। वही जग नारायण झा, संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आजमगढ मण्डल, आजमगढ को वरिष्ठ कोषाधिकारी, बलिया के पद का अतिरिक्त प्रभार बिना किसी अतिरिक्त वेतन भत्ते के प्रदान किया गया था। इसकी जानकारी होने पर सेवानिवृत कर्मचारी, अधिकारी कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के पेंशनरों ने अध्यक्ष बरमेश्वर नाथ पांडेय के नेतृत्व में बलिया मुख्य कोषागार परिसर में धरना प्रदर्शन किया। जिनकी मांग पर शासन ने मुख्य कोषाधिकारी आनंद कुमार दुबे को पुन: बलिया एसटीओ के पद पर तैनात कर दिया। इसके बाद आनंद कुमार दुबे ने शनिवार की रात पेंशनरों के साथ कोषागार में अपना कार्यभार ग्रहण किया। पेंशनरों व जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अनुमति के पेच में फंसा केबल बदलने का काम, दो लाख की आबादी परेशान

बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन और दलछपरा हाल्ट रेलवे स्टेशन के उत्तर बसे श्रीनगर, नारायणगढ़, दुर्जनपुर, गंगापुर, उपाध्यायपुर समेत दो दर्जन गांवों की करीब दो लाख आबादी पिछले एक पखवाड़े से आटे और शुद्ध पेयजल के संकट से जूझ रही है। बिजली विभाग के अंडरग्राउंड केबल में खराबी के कारण 72 आटा चक्कियां और आठ पानी की टंकियां बंद हैं। वहीं, बिजली के अभाव में एक कोल्ड स्टोर में रखा आलू भी सड़ रहा है। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के उत्तर अंडरग्राउंड केबल बदलने के लिए विद्युत विभाग ने करीब छह माह पहले ऑनलाइन आवेदन किया था। अनुमति मिलने में देरी होने पर छात्र नेताओं ने आंदोलन भी किया था। इसके बाद रेल प्रशासन ने विद्युत विभाग को 10 लाख 51 हजार रुपये जमा करने का आदेश दिया, जिसे विभाग ने जमा कर दिया। लेकिन अब रेल प्रशासन ने अनुमति देने के लिए पांच लाख रुपये की अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी जमा करने की शर्त रख दी है। इससे केबल बदलने का काम फिर अटक गया। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ब्रजेश कुमार ने बताया कि पांच लाख रुपये की सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। मंगलवार तक धनराशि रेल प्रशासन के खाते में जमा हो जाएगी। उधर बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को गेहूं पिसवाने और शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों को उम्मीद है कि सिक्योरिटी मनी जमा होने के बाद केबल बदलने का काम शुरू होगा।

घर, जमीन, भविष्य बचाने की ग्रामीणों ने की मांग

२८ अक्तूबर को बांसडीह तहसील का घेराव करने का ऐलान



बांसडीह (बलिया)। सरयू नदी की कटान से प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने अपने घर, जमीन और भविष्य को बचाने की मांग को लेकर 28 अक्टूबर को बांसडीह तहसील का घेराव करने का ऐलान किया हैं। अस्तित्व बचाओ आंदोलन की सुल्तानपुर में रविवार को हुई बैठक में ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को रखने का निर्णय किया। जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर की बैठक में सरयू की कटान से प्रभावित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि कटान का संकट उनके जीवन और आशियाने के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। ऐसे में प्रभावित परिवारों को राहत देने के साथ कटान रोकने के लिए ठोस और स्थायी उपाय किए जाने जरूरी हैं। स्थायी ठोकर व आधुनिक रेगुलेटर बनाने की मांग किया। ग्रामीणों ने सरयू की कटान रोकने के लिए स्थायी ठोकरों का निर्माण, कटान पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित पुनर्वास तथा पर्वतपुर-जयनगर रेगुलेटर के स्थान पर आधुनिक रेगुलेटर का निर्माण कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का जोर है कि समस्या का समाधान अस्थायी उपायों के बजाय ऐसी स्थायी व्यवस्था से किया जाए, जिससे क्षेत्र को कटान के खतरे से राहत मिल सके। बैठक में निर्भय नारायण सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, संजय परिहार, भरत सिंह, शिवजी सिंह आदि थे।

राम वनगमन का सजीव मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम

नगरा (बलिया)। सार्वजनिक रामलीला समिति के तत्वाधान में जनता इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित रामलीला के सातवे दिन शनिवार को श्रीराम के राजतिलक की घोषणा, कैकेयी कोप भवन व वनगमन की लीला का मंचन किया गया। राम वन गमन का सजीव मंचन देखकर दर्शकों की आंखे नम हो गई। कलाकारों द्वारा मंचित लीला के अनुसार श्रीराम के राजतिलक की घोषणा के प्रसंग में राजा दशरथ,गुरु वशिष्ठ अपने अमात्यों से विचार-विमर्श करते हैं। सब लोग श्रीराम को राजगद्दी सौपने का समर्थन करते हैं।श्रीराम के राजतिलक की सूचना मिलने पर कैकेयी की दासी मंथरा चिंतित हो जाती है और भरत के राजतिलक के लिए कुटिल चाल चलती है। मंथरा कैकेयी के पास जाती है और उसे राजा दशरथ, श्रीराम और कौशल्या के खिलाफ भड़काती है। मंथरा कहती है कि श्रीराम के राजा बन जाने पर भरत राम के दास हो जाएगें और कैकेयी कौशल्या की दासी बन जाएगी। कैकेयी राजा दशरथ से दो वरदान मांगती है। पहले वरदान में भरत को राजगद्दी और दूसरे में श्रीराम को 14 वर्ष के लिए वनवास। अंतत: राम, लक्ष्मण व माता सीता के साथ वन गमन की तैयारी करते हैं। लीला का शुभारंभ रसड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी, विशाल, राजीव वर्मा, डॉ. आरएस वर्मा ने किया। निर्भय प्रकाश, राजेश गुप्ता, रामायण ठाकुर, शशि प्रकाश कुशवाहा, हरेराम गुप्ता, मन्नू मद्धेशिया, कृष्ण पाल यादव आदि मौजूद रहे।

जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र पकडी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित रमेश सिंह ने अपने सगे भाई बृजेश सिंह पर गाली-गलौज करने और हथौड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। रमेश सिंह के अनुसार, 15 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे जमीन विवाद को लेकर उनके भाई बृजेश सिंह ने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर लात-घूंसों और हथौड़े से मारपीट की, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेवा भारती के कन्या पूजन कार्यक्रम में २५१ कन्याओं का पूजन

नवरात्र में नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक समरसता का दिया संदेश



बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया के सेवा विभाग और सेवा भारती की ओर से रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जगदीशपुर के विशाल सभागार में 251 कन्या पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा के स्वरूप में सुसज्जित कन्याओं का विधिवत पूजन कर नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सह जिला संघचालक डॉ. विनोद, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर, विशिष्ट अतिथि सेवा भारती गोरक्ष प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण उपाध्याय, प्रांत सेवा प्रमुख रविशंकर और विभाग मंत्री अंजना तिवारी ने मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कन्याओं के पांव पखारकर और तिलक लगाकर पूजन किया गया। देवी स्तुति और जयघोष से पूरा सभागार भक्तिमय हो उठा। मुख्य अतिथि युद्धवीर ने नवरात्र, नवदुर्गा और विजयादशमी के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्र केवल उपासना का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति के जागरण का अवसर है। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामकृष्ण उपाध्याय ने विषय प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम का संचालन और अतिथियों का परिचय निधि पांडेय ने कराया। अंत में कन्याओं को बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया गया। डॉ. संतोष तिवारी, चंद्रशेखर, रितेश, गोपाल कृष्ण सिन्हा, दीपक अग्रवाल, सूनाथ सोनी, अजय गुप्ता, उषा राय, उमेश आदि मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

भागलपुर पुल से युवक ने सरयू में लगायी छलांग

बेल्थरारोड (बलिया)। देवरिया जिले के भागलपुर पुल से शनिवार को पनिका गांव निवासी 17 वर्षीय सेराज मोहम्मद ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद से युवक लापता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई गई। बताया जा रहा है कि सेराज मोहम्मद कक्षा 11 का छात्र है। पढ़ाई को लेकर परिजनों की डांट से नाराज होकर वह अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से भागलपुर पुल पर पहुंचा था। पुल पर पहुंचने के बाद अचानक उसने सरयू नदी में छलांग लगा दी। युवक के नदी में कूदते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही उभांव थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन देर तक उसका कोई पता नहीं चल सका। लोगों ने भागलपुर पुल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल पर सुरक्षा जाली और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके।

पुरानी रंजिश में मारपीट, दो पर मुकदमा

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में ले जाकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रानीपुर निवासी रम्भा देवी पत्नी राजकुमार राजभर ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 अक्टूबर को पुरानी रंजिश को लेकर गोलू राजभर पुत्र योगेंद्र राजभर के घर में ले जाकर अभिषेक राजभर पुत्र दिलीप राजभर ने गाली-गलौज करते हुए रम्भा देवी की पुत्री रमिता राजभर के साथ मारपीट की। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि गोलू राजभर ने मारपीट में सहयोग किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मनियर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज की।

पिता-पुत्र की पिटाई कर बदमाशों ने छीनी बाइक

भीमपुरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के नगरा- भीमपुरा मार्ग पर टिकुलिया गांव के सामने मुख्य मार्ग शनिवार की देर शाम करीब आधा दर्जन की संख्या में बाइक सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर नई बाइक छीन कर भागने में सफल हो गए। घटना के बाद डरे - सहमे पिता - पुत्र पुलिस को सूचना दिए। चंदन चौहान निवासी निवासी किड़िहरापुर अपने पुत्र निखिल चौहान के साथ बाइक से नगरा से अपने घर जा रहे थे। टिकुलिया गांव के समीप मुख्य मार्ग पर तीन बाइक सवार आठ बदमाशों ने पीछे से ओवरटेक करके रोक लिया और मारने - पीटने लगे और बाइक छीन कर धमकाते हुए नगरा की तरफ भाग गए। एसओ मिथिलेश कुमार ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

राधिका देवी की पुण्यतिथि पर पौधों का वितरण

सुखपुरा (बलिया)। भाजपा नेता अनूप सिंह की दादी स्व. राधिका देवी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को ग्रामसभा भलुही में भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राधिका देवी की बहु शैल सिंह एवं सपरिवार द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 111 फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुरेश सिंह, रविंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, हृदय सिंह, विनय सिंह, जोगीसिंह, बबलू सिंह, घनश्याम सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, मालती देवी, बिंदा देवी, निधि सिंह, नेहा सिंह, गोलू सिंह आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण को शक्तिबाण लगते ही राम की सेना में मची खलबली

रावण विभीषण संवाद, रामेश्वरम की स्थापना का हुआ सजीव मंचन, छोटी काशी की रामलीला देखने उमड़ी भीड़



रसड़ा (बलिया)। रामलीला मैदान में छोटी काशी की रामलीला के नौवें दिन रविवार को रावण विभिषण संवाद रामेश्वरम की स्थापना रावण अंगद संवाद चार फाटक की लड़ाई, लक्ष्मण को शक्तिबाण, सुलोचना सती आदि लीलाओं का सजीव मंचन किया गया। महाबली हनुमान द्वारा सोने की लंका जला दिये जाने पर विभिषण अपने भाई रावण को माता जानकी को वापस कर प्रभु श्री राम से मांफी मांगने को कहते है। जिसपर रावण क्रोधित होकर विभीषण को भगा देता है। इधर प्रभु श्रीराम अपनी सेना के साथ रामेश्वरम की स्थापना कर लंका की सीमा मे पहुचते है। प्रभु श्रीराम ने अंगद को रावण के दरवार में उसे समझाने के लिये भेजते है। जहां रावण अंगद की एक भी नही सुनता है। अतत: लड़ाई प्रारम्भ हो जाती है। युद्ध के द्वारा इन्द्रजीत द्वारा छोड़े गये शक्तिवाण से लक्ष्मण मूर्छित होकर जमीन पर गिर जाते है। तब सुसेन वैध के सलाह पर महाबली हनुमान जी संजीवनी बुटी लाते है। संजीवनी बूटी से लक्ष्मण का मुर्छा छुटते ही राम की सेना मे खुशी की लहर दौड़ जाती है। इधर पति लक्ष्मण को शक्तिवाण को लगने की जानकारी पाकर सुलोचना अत्यंत ही दुखी हो जाती है। पति के वियोग मे वह अपने प्राण त्याग देती है। लीला के सफल संचालन में पंडित मनोज पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय आदि लोग सहयोग में लगे रहे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन

दोकटी (बलिया)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरली पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन कर मरीजों का निरीक्षण व दवा वितरण का कार्य किया गया। उक्त मेले में डा. शैलेन्द्र रावत ने उपस्थित मरीजों को टीबी, मलेरिया, डेंगू, कालाज्वर, दिमागी बुखार, फाईलेरिया एवं कुष्ट आदि रोगों की जानकारी तथा इन बीमारियों से बचाव के त्वरित उपाय उपस्थित मरीजों को दिये। उसके बाद अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करने की सलाह भी दिये। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनाओं व संचालित अभियान की जानकारी दी। मेले में वशिष्ठ सिंह, तेतरी देवी, काजल सहित दर्जनों मरीजों का जांच एवं दवा वितरण किया गया। डा. मयंक मिश्रा, डा.मनोज उपाध्याय, डा.एसएन पाण्डेय, डा.आनन्द शर्मा, मनोहर प्रसाद केशरी आदि रहे।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम-मानधाता सिंह

सिकंदरपुर (बलिया)। दिव्य भारत नवनिर्माण अभियान के तहत शनिवार को क्षेत्र के तड़वा मोड़, एकईल स्थित गुरुकुल ज्ञान ज्योति अकादमी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारियों का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी मानधाता सिंह ने कहा कि विद्यार्थी और युवा ही देश के भविष्य की सबसे बड़ी ताकत हैं। आज के विद्यार्थी कल देश की बागडोर संभालेंगे। ऐसे में जरूरी है कि शिक्षा के साथ उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। मानधाता सिंह ने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता और अनेकता में एकता की भावना है। अलग-अलग धर्म, भाषा और संस्कृति के बावजूद देश के लोग एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं। इस परंपरा को बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे का सम्मान करने तथा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाने की अपील की। प्रबंधक काशीनाथ यादव, डायरेक्टर राघवेंद्र नाथ, संचालक रमेन्द्रनाथ, रामगोविंद, रजनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

महाअष्टमी पर देवी मां के समक्ष श्रद्धानवत हुआ जनमानस

मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, महागौरी के स्वरूप की हुई पूजा

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र में पूरा जनपद देवी के समक्ष श्रद्धानवत हो गया है। महाअष्टमी

शारदीय नवरात्र

घंट-घड़ियाल की ध्वनि के बीच लगता रहा मां का जयकारा

पर रविवार को देवी मंदिरों में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पहले और आखिरी दिन व्रत रखने वालों ने व्रत रखकर अपने-अपनए हिसाब से पूजा-अर्चना की। घंट-घड़ियाल की ध्वनि के बीच महागौरी के स्वरूप की पूजा की गई। वहीं घरों में स्थापित कलश के सामने सुबह-शाम लोगों ने दीपक जलाकर देवी के सामने शीश झुकाया। किसी ने





दुर्गा सप्तशती का पाठ किया तो किसी ने दुर्गा चालीसा का वाचन। शहर के मुख्य चौक पर स्थित सिद्ध स्थल दक्षिण मुखी देवी मंदिर, बड़ादेव, रैदोपुर स्थित दुर्गा मंदिर, पाल्हमेश्वरी धाम, शीतला माता धाम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्रत पर्व होने के कारण शहर से लेकर गांवों तक में फलों की बिक्री तेज रही। हालांकि, दाम में कोई बहुत अंतर नहीं दिखा। महाअष्टमी के दिन देवी को कमल का फूल और डाल सहित बेल चढ़ाने की परंपरा को देखते हुए रात से ही दुकानें लग गई थीं। उधर नवरात्र में विंध्याचल भवानी और चौकिया धाम के दर्शन की भी परंपरा है इसलिए रविवार को भी

व्रत के कारण पूजा के साथ फलाहार की हुई खरीदारी

सुबह से लोग विंध्य धाम के लिए रवाना होते रहे। उधर सप्तमी के दिन अधिकतर स्थानों पर पंडाल में देवी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के कारण भी रौनक बढ़ गई है। शाम को लोग देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के बाद मेले का आनंद लेने के लिए निकलने लगे हैं। दुकान से लेकर सड़क के किनारे खिलौने-गुब्बारे के साथ चोटहिया जलेबी दुकानें लगने से दशहरा की आहट मिलने लगी है।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के अईनिया गांव में शनिवार की रात घर के अंदर युवक का फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अईनिया गांव निवासी 26 वर्षीय राजू यादव वाहन चालक था। उसकी शादी छह माह पहले हुई थी। उसकी पत्नी तीन माह की गर्भवती बताई गई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात करीब आठ बजे राजू की पत्नी घर में खाना बना रही थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर थे। कुछ देर बाद परिजन घर पहुंचे तो छत के पंखे से गमछे के सहारे राजू का शव लटकता मिला। यह देख घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी जुट गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तेजापुर को हराकर लोहरा की टीम ने जीता कबड्डी का पहला मुकाबला



अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के तेजापुर में रविवार को विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल के प्रति उनके जुनून की सराहना की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला तेजापुर और लोहरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबले में लोहरा की टीम ने जीत दर्ज की। चंद्रशेखर यादव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद बेहद आवश्यक है। खेल के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। आयोजन ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने का संदेश दिया।

अंबारी में सड़क दुर्घटना में मृत युवक की हुई पहचान



फाइल फोटो-दिनेश यादव

फूलपुर, आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली के अंबारी पुलिस चौकी से 100 मीटर पूरब ढाबा के पास शुक्रवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान हो गयी। पुलिस के अनुसार व्यक्ति की पहचान दिनेश यादव के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार 38 वर्षीय दिनेश यादव पुत्र रामबचन यादव निवासी शेखवलिया थाना दीदारगंज अपने ननिहाल फूलपुर के हथनौरा पैदल जा रहे थे। शुक्रवार की शाम लगभग 6.30 बजे लखनऊ-बलिया मार्ग पर हाजीपुर गांव के ढाबा के सामने बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिसके चलते उनकी मौत हो गयी। दिनेश घर पर ही रहकर खेतीबारी का काम करते थे। उनके पास 2 बेटे और दो बेटियां बेटी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, दिनेश के घर नहीं पहुंचने पर परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। रविवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे तो पुलिस ने अज्ञात युवक की सड़क दुर्घटना में मौत होने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मोर्चरी पहुंचे, जहां शव की पहचान दिनेश के रूप में की।

पूजा कमेटी के सदस्यों ने खुद संभाली सफाई की कमान

रानी की सराय, आजमगढ़। दुर्गा पूजा की तैयारी में जहां कमेटियां लगी हैं वहीं सफाई के अभाव मे कमेटी के सदस्य खुद ही रात में सफाई कर रहे हैं। सूचना के बाद भी विभाग की तंद्रा नही भंग हो रही है। पल्हनी ब्लाक के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित पान दरीबा पर पूजा कमेटियों द्वारा प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस बार प्रतिमा स्थापना के साथ कार्यक्रम भी अलग-अलग आयोजित होंगे। पूजा कमेटी सदस्यों ने नगर पालिका को सफाई के लिए सूचना भी दी परंतु पांच दिन बाद भी नगर पालिका मौन दिखा। विवश होकर पूजा कमेटी सदस्यों ने अपने कार्यों से समय मिलते ही रात में खुद ही कचरों की सफाई शुरू कर दी। सफाई व्यवस्था को लेकर पूजा कमेटियों में रोष है।

ठाकुर जी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों की नजर

आजमगढ़। जिले में जमीन कब्जे को लेकर विवाद की बात कई बार सामने आ चुकी है। इसे लेकर

सूचना पर प्रशासन ने पुलिस के साथ जमीन को घेरवा दिया, फिर भी नीयत खराब

कभी-कभी बड़ी घटनाएं भी होती रही हैं, लेकिन समय रहते प्रशासन ऐसे मामलों में कार्रवाई में पीछे हट जाता है और उसके बाद जब कभी बड़ी घटना होती है तो मुकदमा के आगे उसके हाथ कुछ नहीं कर पाते। कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है महाराजगंज थाना क्षेत्र में आया है। हालांकि, इस मामले में प्रशासन ने समय रहते शिकायत के बाद कार्रवाई भी कर दी, लेकिन उसके बाद भी कब्जा



करने वालों की नजर गड़ी हुई है।

करमहा डींगुरपुर में ठाकुर जी मंदिर परिवार की जमीन में साफ-सफाई का काम चल रहा था जो सदियों से मंदिर की है और मंदिर के कब्जे में है। ग्रामीणों का कहना है कि साफ-सफाई के दौरान उसी गांव की मूल रूप से रहने वाली रंजना सिंह पत्नी दुर्विजय सिंह व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मंदिर की जमीन में अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया, जबकि मंदिर की जमीन पहले से ही तार एवं पिलर द्वारा फेंसिंग की गई है। रंजना सिंह एवं उनके परिवार द्वारा जमीन कब्जा करने की नीयत से अनेकों हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। वहां पर मौजूद

हर दिन अपनाएं जा रहे तरह-तरह के हथकंडे, विरोध में हैं ग्रामीण

ग्राम सभा के रामदरस, मिठाई लाल गुप्ता, उर्मिला सिंह, अभिषेक यादव, करिया, प्रदीप, राणा आदि अनेकों लोगों ने बताया कि यह जमीन ठाकुर जी मंदिर की है जिसकी देखरेख मंदिर के सचिव अग्नेश द्वारा की जाती है। रंजना सिंह द्वारा उक्त जमीन को हड़पने के नियत से अनेकों फर्जी तरह की शिकायत की जा रही है। अगर प्रशासन ने सख्ती नहीं बरती तो यह लोग कभी भी कोई घटना कर सकते हैं।

रानी की सराय में चला सफाई अभियान

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे में मेले की तैयारी को लेकर शनिवार को सफाई अभियान में पूरे कस्बे की साफ सफाई की गई। मेले की तैयारी के साथ सड़क पटरियों पर कचरे और पूजा पांडालों के आसपास सफाई आवश्यक थी। समस्या को देखते हुए शनिवार को पंचरतन सिंह की देखरेख में सफाई कर्मियों को अलग-अलग ग्रुप बनाकर पूरे बाजार में साफ सफाई की।

रानी की सराय के ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुरू

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे के ऐतिहासिक मेले की जहा तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, वही प्रतिमा स्थापना से पहले पूजा कमेटी द्वारा बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ बाजार में भ्रमण के बाद स्थापित कर दी गई। स्थापित प्रतिमा का हर दिन अलग-अलग रूपों में श्रृंगार के साथ दर्शन होंगे। कस्बे के ऐतिहासिक मेले की तैयारी अंतिम चरण में है। मार्गों पर सजावट का कार्य शुरू हो चुका है। मुख्य मार्ग पर सजावट के चलते जाम की भी समस्या आ रही है। आजाद दल पूजा कमेटी द्वारा इस बार नई परंपरा की शुरुआत की गई। ट्रैक्टर-ट्राली पर भव्य सजावट के साथ माता की शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा पटेलनगर, रुदरी मोड़ होते हुए स्थापना स्थल तक पहुंची।पटाखों की गूंज व जयघोष से पूरा वातावरण भक्ति मय रहा। प्रतिमा के पीछे युवा थिरकते भी रहे। भ्रमण के बाद प्रतिमा स्थापित कर दर्शनार्थ पट खोल दिए गये। सुरक्षा के लिए सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

शिकायत से परेशान पीड़ित ने जनसुनवाई में लगायी न्याय की गुहार

मार्टीनगंज, आजमगढ़। नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम सभा कोरागहनी के वार्ड नंबर 1 की अर्चना देवी पत्नी सोहन गौतम, सुरेश पुत्र लालता, सोहन पुत्र बनवारी, शिवकुमार पुत्र चन्द्रबली, जफर आलम पुत्र असलम, अयाज पुत्र एजाज ने तहसील में जनसुनवाई कर रहे आला अधिकारियों से फर्जी शिकायत की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कहा कि गांव के ही कुछ लोगों ने अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति को रोड किनारे सरकारी जमीन पर कब्जा कराया, जिसकी शिकायत सोहन गौतम ने उपजिलाधिकारी से करके जांच करवाई और अवैध कब्जे पर राजस्व विभाग द्वारा बेदखली की नोटिस भी चस्पा हो गई। इससे क्षुब्ध होकर दूसरे पक्ष के लोग अनुसूचित जाति के व्यक्ति की पत्नी से थाने में छेड़खानी व मारपीट का फर्जी प्रार्थना पत्र दिलवा रहे स्थानीय थाने द्वारा जांच पर उक्त शिकायत झूठी पाई गई। अब पुनः सरायमीर थाने मारने पीटने व असलहे से फायर करने की झूठी मनगढ़ंत शिकायत कर रहा।

मोतियाबिंद आपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण को वाराणसी भेजे गये ४० मरीज

आजमगढ़। लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा रविवार को केएन लाल मेमोरियल हॉस्पिटल लक्षिरामपुर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद की जांच की गई। इस दौरान चयनित 40 मरीजों को ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए वाराणसी स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी भेजा गया। इस दौरान 25 मरीज हाई ब्लड प्रेशर व हाई शुगर के कारण आपरेशन के लिए नहीं भेजे जा सके। शूगर व ब्लड प्रेशर के बढ़ते मरीजों पर चिकित्सकों ने चिंता व्यक्त की। शुभारंभ डिस्टिक्ट चेयर पर्सन लायंस क्लब इंटरनेशनल व होमियोपैथिक चिकित्सक डा. भक्तवत्सल, सर्जन निर्मल श्रीवास्तव, लायंस क्लब अध्यक्ष रवि जायसवाल, सचिव सुनील अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शशिभूषण गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मकान में लगी आग, २.८० लाख नकदी और लाखों के जेवर राख

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर के हर्रा की चुंगी स्थित नई बस्ती ज्ञानोदय कॉलोनी में रविवार दोपहर बिजली की शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। आग में 2.80 लाख रुपये नकदी और तीन से चार लाख रुपये के जेवर समेत लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की भयावहता देखकर कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया। तीन दमकल गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर कोतवाली क्षेत्र के हर्रा की चुंगी स्थित नई बस्ती ज्ञानोदय कॉलोनी निवासी संजय मद्धेशिया के मकान की पहली मंजिल पर रविवार दोपहर अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सामान उसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर बलरापुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची।

सुखीपुर मार्ग पर जानलेवा गड्ढा

अतरौलिया, आजमगढ़। सरकार की ओर से सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अतरौलिया से सुखीपुर जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क के बीचों-बीच बना गहरा गड्ढा महीनों से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक मरम्मत नहीं कराए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों को आशंका है कि समय रहते गड्ढे को ठीक नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मार्ग पर बना यह गड्ढा लंबे समय से जस का तस है। दिन में किसी तरह वाहन चालक इसे देखकर बच निकलते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में या अचानक सामने आने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

लक्ष्मण ने काटे सुपर्णखा के नाक-कान, राम ने खर दूषण को मारा

मेंहनगर, आजमगढ़। कस्बे के गोला बाजार में चल रही रामलीला के सातवें दिन की रात कई प्रसंगों का कलाकारों में जीवंत मंचन कर दर्शकों को विभोर कर दिया। सुपर्णखा के नाक-कान कटने पर लोगों ने श्रीराम-लक्ष्मण का जयकारा लगाया तो वहीं राम वनगमन का मंचन देख दर्शकों के नयन भींगते नजर आए। लीला के प्रथम चरण में मंच संचालक राम कुबेर जी ने श्रीरामचंद्र जी के चरणों में राम आरती गाकर सभी दर्शकों को आकर्षित किया। लीला के प्रथम चरण में दर्शाया गया कि भरत लाल ननिहाल से लौटकर अवधपुरी पहुंचते हैं तो वहां पर श्रीरामचंद्र जी को न पाकर विचलित हो जाते हैं। उन्हें ज्ञात होता है कि रामचंद्र जी वन को चले गए हैं और पिताजी का स्वर्गवास हो चुका है, तो वह तड़पने के साथ माता कैकेयी से रुष्ट हो जाते हैं। दूसरी ओर रामचंद्र जी को लेने के लिए भरत वन की ओर प्रस्थान करते हैं और वन पहुंचकर रामचंद्र से अयोध्या चलने के लिए आग्रह करते हैं, लेकिन श्रीराम अयोध्या वापस नहीं आते और अपनी चरण पादुका भरत को देकर विदा कर देते हैं। उसके बाद रामजी आगे बढ़ते हैं, जहां पर पंचवटी में मायावी सुपर्णखा से मुलाकात होती है और वह राम-लक्ष्मण को रिझाने की कोशिश करती है। फिर माता सीता पर हमला करने की कोशिश करती है तो राम का इशारा मिलने पर लक्ष्मण ने उसके नाक और कान काट दिए। इसके बाद सुपर्णखा पंचवटी में रह रहे खर दूषण के पास पहुंचती है और उन्हें अपना वृत्तांत सुनाती है। इसे सुनकर खर दूषण और त्रिसरा राम को मारने का प्रयास करते हैं, लेकिन श्री रामचंद्र जी के बाणों का शिकार हो जाते हैं।



राम-सुग्रीव मित्रता का मंचन, खाटू श्याम की झांकी ने मनमोहा

पवई, आजमगढ़। पवई की रामलीला के पांचवें दिन शनिवार को खर-दूषण वध, सीता हरण

झांकी के दर्शन के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी

और राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंगों का मंचन किया गया। वहीं, खाटू श्याम की भव्य झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। झांकी के दर्शन के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु खाटू श्याम की एक झलक पाने के लिए लालायित दिखे और भक्ति भाव से सराबोर हो उठे।

रामलीला में कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। खर की भूमिका राहुल अग्रहरि, दूषण की भूमिका धीरज मौर्य, रावण की भूमिका ग्राम प्रधान प्रमोद यादव और राम की भूमिका अंकित अग्रहरि ने निभाई। वहीं, सुग्रीव के किरदार में मोहित विश्वकर्मा और हनुमान की भूमिका में शैलेंद्र प्रजापति ने अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। खर-दूषण वध के प्रसंग में कलाकारों ने राम की वीरता का मंचन किया, जबकि सीता हरण के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंग के माध्यम से मित्रता, विश्वास और सहयोग का संदेश दिया गया। धार्मिक प्रसंगों के मंचन और खाटू श्याम की झांकी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

ई-रिक्शा और कार की टक्कर में चार घायल

सगड़ी, आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के खालिसपुर पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को दिन के लगभग डेढ़ बजे कार से आमने-सामने हुई टक्कर में ई-रिक्शा पलट गया और रिक्शा सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रिक्शा जीयनपुर से बिलरियागंज की तरफ जा रहा था। लोगों ने आनन-फानन में ई-रिक्शा को उठाया और 108 नंबर व 112 नंबर पर कॉल किया। वहीं कार चालक साकिब निवासी सौन बुजुर्ग की पिटाई भी की। घायलों में अनीता देवी पत्नी मातबर निवासी खालिसपुर, राजू सरोज पुत्र रामअवध निवासी बाजार गोसाईं, अबीबा खातून पुत्री एनुमुल्लाह निवासी खालिसपुर और चालक जुल्फेकार खान पुत्र जुम्मन निवासी समुन्द्रपुर शामिल हैं। जिन्हें 108 नंबर एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। जीयनपुर पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं पड़ी थी।

नशेड़ियों के कारनामे से राहगीर परेशान

रानी की सराय, आजमगढ़। थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर नशेड़ियों के कारनामे से राहगीर परेशान रहे। थाना क्षेत्र के शाहपुल पर नशे में धुत्त युवक सड़क किनारे से गुजर रहे राहगीरों पर फब्तियां कसता रहा। किसी तरह नागरिकों ने घर भेजा। वहीं ऊंजीगोदाम बाजार में दो नशेड़ी आपस में ही तकरार कर बैठे। विरोध करने पर नागरिकों से ही उलझते रहे। क्षेत्र के रविन्द्र राम, विमलेश कुमार आदि ने कहा कि नशेड़ियों के खिलाफ अभियान न चलने के कारण अंकुश नहीं लग पा रहा है। भोर से देर रात तक नशेड़ी उपद्रव करते हैं, परंतु इन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

फूल बिछाओ डगरिया में, माता रानी पधारीं नगरिया में...

आजमगढ़। नारी शक्ति संस्थान की ओर से 17वां नारी शक्ति डांडिया महोत्सव का आयोजन सिधारी स्थित

नारी शक्ति संस्थान की ओर से १७वां डांडिया महोत्सव

श्रीमन मंगलम होटल में शनिवार की देर शाम हुआ। शुभारंभ कंचन मिश्रा के साथ अध्यक्ष मंजू उपाध्याय एवं संरक्षक मंडल रानी अनामिका सिंह, सुधा तिवारी, प्रियंका पांडेय, डॉ. प्रीति गुप्ता, मधु तिवारी, दीप शिखा पांडेय, डॉ. नेहा दुबे, श्वेता यादव ने माता रानी की आरती से की। कार्यकारी अध्यक्ष अर्चना वत्सल,रश्मि डालमियां, रिंकी प्रशांत, आभा अग्रवाल, पूनम यशपाल सिंह, ममता राय, अनिता श्रीवास्तव, गीता यादव, सुमन सिंह, नीतू कश्यप और अनुपमा तिवारी ने नौ दुर्गा का पूजन किया गया। नौ दुर्गा रूप में सजी बच्चियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष मंजू उपाध्याय व संचालन अंशु अस्थाना एवं प्रत्यक्षा तिवारी ने संयुक्त रूप से किया गया। 'मैं तो आरती उतारूं रे...,हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम...,शेर पर सवार भइल माई मयरिया...और फूल बिछाओ डगरिया में, माता रानी पधारी नगरिया में... भजन पर सभी नारी शक्तियां देर रात तक झूमती रहीं। डांडिया नृत्य जो शुरू हुआ तो देर रात्रि तक माता रानी के गीतों पर सारी नारी शक्तियां झूमती रहीं। संस्था की कुवांरी शक्तियों मानसी प्रकाश, वंशिका, मनस्वी, काजल, वैष्णवी, श्रेया, पंखुड़ी, समृद्धि, नंदनी, बागीशा, अनुपमा, रिमझिम द्वारा लहर लहर लहराता लाली चुनरिया... माता रानी के गाने पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। अनीता श्रीवास्तव, पूनम यशपाल सिंह, मीना सैनी, अमिता बरनवाल, अनामिका प्रजापति, उमा प्रजापति, सोनी सिंह, पूर्णिमा उपाध्याय ने भी ओ जंगल के राजा मेरी मैया को लेके आजा...पर नृत्य कर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। डांडिया महोत्सव में आयी हुई समस्त अतिथियों का सम्मान संस्था की अध्यक्ष मंजू उपाध्याय व सचिव डॉ पूनम तिवारी ने मांगटीका पहनाकर किया। निर्णायक की भूमिका में गरिमा अस्थाना, श्रेया चित्रांशी और तेजस्विनी बरनवाल रहीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।



दक्षिणमुखी देवी दरबार में जलती है भक्तों की आशा ज्योति

बारहों महीने श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना रहता है मंदिर, सुबह-शाम होती है भीड़

आजमगढ़। शहर के मुख्य चौक स्थित दक्षिणमुखी देवी का मंदिर बारहों महीने श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना रहता है। कारण कि यहां भक्तों की आशा ज्योति बारहों महीने जलती रहती है और उनकी झोली कभी खाली नहीं होती।

यहां प्रतिदिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता है। शारदीय नवरात्र में तो अपार भीड़ उमड़ती है। जिले से दूर रहने वाले भी मां के दर्शन को यहां पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। नवरात्र के मद्देनजर देवी मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाता है। यहां मंदिर आकर्षक बनवाया गया है। मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा करने का स्थान सुरक्षित है। यहां सुबह-शाम श्रद्धालु पूजन-अर्चन करते हैं। दक्षिणमुखी



देवी हर मनोकामनाएं पूरी करती हैं। मां की महिमा अपरंपार है। यहां हर साल मां का भव्य श्रृंगार होता है। यहां की छटा ही निराली होती है। खास बात यह कि यहां

नवरात्र में की गयी है विशेष सजावट, भीड़ नियंत्रण को बैरिकेटिंग

परिस्थितियां कोई भी रही हों, लेकिन पूजा कभी बंद नहीं होती है। दक्षिण मुखी देवी दरबार की स्थापना काल के बारे में तो कोई कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, लेकिन कहा जाता है कि सैकड़ों साल पहले यहीं से होकर तमसा नदी बहती थी और वहां पर पुजारी शरद तिवारी के पूर्वज बैठकर तपस्या कर रहे थे। उनकी तपस्या से प्रसन्न हो मां ने उनको दर्शन दिया था। इसके बाद उन्होंने यहां दक्षिणमुखी देवी की स्थापना की। तबसे अब तक इस परिवार का कोई न कोई मां का पूजन करता चला आ रहा है। यह भी कहा जाता है कि तपस्या से प्रसन्न होकर देवी स्वत: जमीन से प्रकट हुईं। दक्षिणमुखी देवी मंदिर दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। यहां दर्शन कर श्रद्धालु अपने आप को धन्य समझते हैं। देवी मंदिर की महिमा अपरंपार है। आरती के दौरान घंट-घड़ियाल की ध्वनि सुनने के बाद आस-पास के लोग भी जुट जाते हैं।

शारदीय नवरात्र में मां के कई भाव देखने को मिलते हैं

मां की ममता का बखान आम आदमी के वश की बात नहीं है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा सुबह-शाम समय से कपाट खोले जा रहे हैं। इसके बाद मंदिर बंद रहता है। सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं का रेला लगना शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहता है।




शरद तिवारी

सरायमोहन बाजार के मेले में देवी दर्शन के बाद खरीदारी

भीरा, आजमगढ़। ठेकमा ब्लॉक के बगल में स्थित सराय मोहन गांव में शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर लगने वाले

गुड़ की जलेबी और पेठा संग बच्चों ने लिया झूलों का आनंद

पारंपरिक मेले में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। ठेकमा ब्लॉक के बड़े और अधिक आबादी वाले गांवों में शुमार सराय मोहन का यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा को संजोए हुए है। मेले में सुबह से ही लोगों की आवाजाही बनी रही। बच्चों की खिलखिलाहट, दुकानदारों की आवाज और पारंपरिक मिठाइयों की खुशबू से पूरा मेला क्षेत्र गुलजार रहा। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं, जहां छोटे-छोटे बच्चों ने झूला झूलकर खूब आनंद उठाया। वहीं, पारंपरिक खानपान के शौकीनों के लिए गुड़ से बनी स्वादिष्ट जलेबी खास आकर्षण का केंद्र रही। मेले में पेठा बेचने वाले



दुकानदार का गाना गाकर ग्राहकों को आकर्षित करने का अंदाज भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। सराय मोहन गांव के समीप प्रयागराज-गोरखपुर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध दुर्गा माता मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर में वर्षों से प्रत्येक नवरात्र की अष्टमी को मेले का आयोजन होता चला आ रहा है। मंदिर की मान्यता के चलते यहां दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र के इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहता है। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बरदह थाना पुलिस तैनात रही। पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और मेले में आने वाले लोगों की सुविधा का ध्यान रखने में जुटे रहे। ग्रामीण परंपरा, धार्मिक आस्था और मेल-मिलाप की भावना को समेटे सराय मोहन का यह अष्टमी मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आज भी जीवंत बनाए हुए है।

पंडालों, विसर्जन स्थलों पर करें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

डीएम ने अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर कमियों का तत्काल निस्तारण कराने को कहा

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा को देखते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जिले के दुर्गा पूजा पंडालों और प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से पूजा पंडालों का संयुक्त निरीक्षण करने और खामियों को तत्काल दूर कराने को कहा। डीएम ने उपजिलाधिकारियों, पुलिस, विद्युत, अग्निशमन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंडालों में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए जाएं। भीड़ नियंत्रण के लिए मजबूत बैरिकेडिंग, आपातकालीन निकासी मार्ग और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्युत वायरिंग सुरक्षित रखने के साथ अस्थायी पंडालों की मजबूती की भी जांच कराई जाए। अग्निशमन वाहनों के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध रहे। लोक निर्माण विभाग को पंडालों तक पहुंचने वाले मार्गों पर गड्ढों और अन्य अवरोधों को दूर कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस को पर्याप्त बल तैनात करने, यातायात नियंत्रित रखने, पार्किंग की व्यवस्था करने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। विसर्जन मार्गों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ रात में रोशनी की समुचित व्यवस्था करने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो और विसर्जन सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सके। डीएम ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से तत्काल दूर कराया जाए। दुर्घटना की आशंका या गंभीर लापरवाही सामने आने पर प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए।

बेरासपुर में ५०० से अधिक कन्याओं का पूजन

गोपीगंज। शारदीय नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर बेरासपुर स्थित बाबा बेरासनाथ मंदिर परिसर में आयोजित दुर्गा पूजनोत्सव के तहत विशाल कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बेरासपुर समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कन्या पूजन के दौरान मुख्य यजमान रविकांत तिवारी ने सपत्नीक विधि-विधान से कन्याओं के पैर पखारे और उन्हें रोली-चंदन लगाकर पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर भोजन, फल, मिठाई एवं दक्षिणा भेंट की गई। यजमान ने कन्याओं से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। आयोजन में 500 से अधिक कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य यजमान रविकांत तिवारी, अशोक मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, शिवचंद तिवारी, राहुल तिवारी, कमलेश यादव, भगवान दास शर्मा, धरमु यादव, बीरेंद्र यादव, सुनील प्रजापति, विनय शर्मा, हवन यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



एक जनवरी को १८ वर्ष पूरे करने वाले मतदाता सूची में जुड़वायें नाम

ज्ञानपुर। निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले के सभी 705 मतदान केंद्रों के 1404 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों, प्राथमिक विद्यालय कावल सहित अन्य बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करें। अभियान का उद्देश्य किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहने देना है। उन्होंने मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं का नियमानुसार सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

प्यारा सजल बा दरबार भवानी मईया.....

चौरी। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को चौरी बाजार सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मां महागौरी के स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। सुबह से देर रात तक भक्तों की काफी भीड़ रही। वही बाजार से लेकर गांव तक स्थापित दुर्गा पंडालों में पूजन अर्चन संग भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। आरती पूजन कर सुख संबृद्धि की कामना की गई। चौरी बाजार चौराहा स्थित प्राचीन शिव, हनुमान मंदिर में श्री दुर्गा पूजन समिति ज्योति स्टार क्लब के पंडाल को रक्षासूत्र व मटकी से बनाया गया है। प्यारा सजल बा दरबार भवानी मईया.... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया.... आदि देवी गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। क्षेत्र के कंधिया, बहरी, लक्षापुर, आसोगापुर, मनापुर, भुलईपुर, अमवाखुर्द, पचपटिया, बरदहां, चौरी, कोल्हड़, रोटहां, मानिकपुर, भकोड़ा, डोमनपुर, निदुर, कन्तापुर, बरैला, महुआपुर, अठगोडवा, बरवां, गोहिलाव, सवरपुर, लठियां, ममहर, भगवानपुर, गिरिया, दरुनहां, परसीपुर, माधोरामपुर, सहित विभिन्न पंडालों में देवी जागरण का आयोजन किया गया।

निरंकारी संत समागम की तैयारियां अंतिम चरण में

भदोही। जहां ब्रह्मज्ञान से चेतना जागृत हो, प्रेम से हृदय आलोकित हो और सेवा जीवन का संकल्प बन जाए, वहीं संत समागम आत्मिक जागृति का ऐसा पावन उत्सव बन जाता है, जो मनुष्य को अपने भीतर झाँकने और परमात्मा से जुड़ने की प्रेरणा देता है। इसी दिव्य भाव और आध्यात्मिक चेतना को साकार करते हुए, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर, 2026 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित होने जा रहा है।

जदयू की बैठक में सम्मेलन की सफलता पर हुई चर्चा

भदोही। जनता दल (यूनाइटेड) जिला इकाई की बैठक रविवार को नगर के श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल कॉलेज में हुई। जिसमें संगठनात्मक विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को पार्टी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष सर्वेश राय ने संगठन के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में नमन दुबे, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में अरविंद बिंद, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में शैलेंद्र राय को जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर प्रसाद राय, परवेज हसन सीबू, संदीप कनौजिया, अबरार अहमद, देवी प्रसाद गुप्ता, नैरंग आलम खान, मेराज अहमद, बबलू अंसारी, रामदास बिंद, दिलीप यादव, शाह आलम अंसारी, अंकुश दूबे, अजय यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आज नवमी पर हवन-पूजन के साथ पूर्ण होगी नवरात्र साधना

कांवल। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही रही। नवरात्र के समापन की ओर बढ़ने के साथ ही देवी भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। धूप और गर्मी के बावजूद श्रद्धालु मां के दर्शन-पूजन में जुटे रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी अमोघ फल प्रदान करने वाली देवी हैं। उनकी आराधना से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि आती है। नवमी तिथि में हवन-पूजन और कन्या पूजन का विशेष महत्व है। श्रद्धालु हवन के बाद कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हृषिकेश पंचांग के अनुसार मंगलवार सुबह 9 बजकर 33 मिनट के बाद दशमी तिथि में अन्न ग्रहण करना उपयुक्त रहेगा।

बाइक की टक्कर से पशु चिकित्सक घायल

कस्तूरीपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर चौराहे पर भदोही-दुर्गागंज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पशु चिकित्सक घायल हो गए। उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, चकचंदा निवासी पशु चिकित्सक चंद्रेश कुमार (30) सुरियावां की तरफ से आ रहे थे। कस्तूरीपुर चौराहे से वह अपने घर की ओर मुड़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए।

लंका दहन लीला का भव्य मंचन, जयकारों से गूंजा पंडाल

गोपीगंज। नगर के रामलीला मंडल मंदिर बाबा कबूतरनाथ में शुक्रवार रात लंका दहन लीला का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान हनुमान जी के जयकारों से पूरा रामलीला परिसर गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु लीला का मंचन देखकर भावविभोर हो गए। रामलीला के दौरान कलाकारों ने हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने और रावण की लंका में आग लगाने के प्रसंग का सजीव चित्रण किया। र्यक्रम में विनय जायसवाल, मोहित सिंह, मनोज जायसवाल, धर्मेंद्र मौर्य सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

भरत मिलाप में दिखेगा आस्था और भव्यता का संगम

गोपीगंज। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, आस्था और परंपरा का प्रतीक गोपीगंज के ऐतिहासिक भरत मिलाप मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। विजयदशमी का मेला 20 अक्टूबर को रामलीला मैदान में लगेगा, जबकि 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुख्य चौराहे पर प्रभु श्रीराम और भरत का भावुक मिलन होगा। भरत मिलाप के 64वें वर्ष के आयोजन को यादगार और भव्य बनाने के लिए नवयुवक दल तथा बघेल परिवार के लोग तैयारियों में जुटे हैं। इस बार आयोजन में 31 लाग विमान, 10 आकर्षक झांकियां, मां दुर्गा और मां काली के सजीव स्वरूप, बैंड-बाजे तथा लंकेश की सेना और हनुमान दल की शोभायात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। पत्रकार वार्ता में राजेंद्र पुष्पकार, श्रीकांत जायसवाल, संजय प्रताप सिंह, शिवशंकर गुप्ता, सुनील जायसवाल, संजय गुप्ता, कल्लू अग्रवाल और गोपाल अग्रवाल सहित नवयुवक दल के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पीएमश्री विद्यालय चोरीकांड का खुलासा, एक गिरफ्तार

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का एक स्टेबलाइजर, दो सीसीटीवी कैमरे और घटना में प्रयुक्त पुरानी साइकिल बरामद हुई है। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जमाल अख्तर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 16/17 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर दो सीसीटीवी कैमरे, मॉनिटर, डीवीआर, रसोईघर से तीन भरे गैस सिलेंडर, एक स्टेबलाइजर और आहूजा कंपनी का एम्पलीफायर चोरी कर लिया। चोरों ने विद्यालय के कुछ सामान को क्षतिग्रस्त भी कर दिया था। उसके पास से एक स्टेबलाइजर, दो सफेद सीसीटीवी कैमरे और एक पुरानी साइकिल बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई।

साइकिल यात्रा निकाल महिला सुरक्षा का दिया संदेश

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत रविवार को महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से संयुक्त साइकिल यात्रा और पैदल मार्च निकाला गया। दुर्गागंज तिराहा, ज्ञानपुर से शुरू हुई रैली में पुलिसकर्मियों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान नारों, तख्तियों और प्रचार वाहन के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, समानता और स्वावलंबन का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने किया। यात्रा में जनपद के विभिन्न थानों की महिला पुलिसकर्मियों के साथ अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर लोगों को महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

सांसद को जनहित के मुद्दों से कराया अवगत

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार खटाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गोपपुर स्थित कार्यालय पर सांसद भदोही डॉ. विनोद बिंद से मुलाकात की। इस दौरान नगर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के रखरखाव, तालाबों के संरक्षण, जर्जर सड़कों के निर्माण और रेल सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से नगर के तालाबों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विकास कार्य कराने की मांग की। इसके अलावा कई जर्जर सड़कों की समस्या से अवगत कराते हुए उनके निर्माण की आवश्यकता बताई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन से रेलवे को अच्छी आय होती है, ऐसे में यहां यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।

ब्रेकर बना जानलेवा, बालक घायल

गोपीगंज। नगर पालिका परिसर स्थित प्राचीन बाबा बड़े शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर बनाया गया ऊंचा ब्रेकर राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क के बीच बने इस ब्रेकर से आए दिन दोपहिया वाहन और साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। हाल ही में बाइक सवार दंपती भी हादसे का शिकार हो गए, जिसमें उनका चार वर्षीय बालक शिवानंद गंभीर रूप से घायल हो गया।

विधान परिषद चुनाव : २३ अक्तूबर को शराब की दुकानें रहेंगी बंद

मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम ने घोषित किया ड्राई डे

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के मद्देनजर जिले में 23 अक्टूबर को मदिरा की सभी संबंधित दुकानें बंद रहेंगी। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मतदान दिवस पर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 23 अक्टूबर को जनपद की देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग एवं ताड़ी की दुकानों पर बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा बार अनुज्ञापन, एफएल-2/2बी और सीएल-2 सहित संबंधित अनुज्ञापनों के तहत मद्य पदार्थों की बिक्री भी नहीं की जा सकेगी। आदेश में संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 (यथासंशोधित) की धारा-59 के तहत प्रदत्त शक्तियों का हवाला दिया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं और सभी अनुज्ञापियों को बंदी की जानकारी उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बंदी के एवज में अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर करें मतदान-सांसद

ज्ञानपुर। शनिवार को विकासखंड ज्ञानपुर के सराईग्राम पंचायत में भाजपा नेता डॉ. प्रभा शंकर पांडे के आवास पर मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र्च प्रथम के सिद्धांत पर मतदान करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने भाजपा के सिद्धांतों, रीतियों-नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज का बुद्धिजीवी वर्ग है, जो समाज को दिशा देता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह ही चुनाव में जीत का संकेत है। उन्होंने कहा कि आज बूथ स्तर तक कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय है। गांव सभा सर ई में उमड़ा यह जनसैलाब इस बात का प्रमाण है। कार्यक्रम के आयोजक एवं भाजपा नेता डॉ. प्रभाशंकर पांडे ने आए हुए सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल दो प्रत्याशियों का चुनाव नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का चुनाव है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख पति अखिलेश्वर सिंह बबलू, जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन राय, प्रधानाचार्य सुशील मिश्रा, अधिवक्ता मनोज पांडे, जिला मंत्री सुनील बिंद, टिंकू शुक्ला, शिवम त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, दशरथ बिंद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, प्रधान एवं स्नातक मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश्वर सिंह बबलू द्वारा किया गया।

रामलीला में अंगद ने जमाया पांव, हिला नहीं सके रावण के शूरवीर

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत रामलीला मैदान गोपीगंज बघेल परिवार की ओर से रविवार को अंगद रावण संवाद लीला का मंचन किया गया रावण के दरबार में श्री राम के दूत महाबली अंगद का पांव बड़े बड़े सूरबीर नही डिगा सके विभीषण की राम भक्ति से नाराज रावण उनको देश निकाले का फरमान सुनाता है तो विभीषण प्रभु श्रीराम के पास पहुंचते हैं। श्रीराम उनको अपनी शरण में ले लेते हैं। इसके बाद वानर सेना के साथ श्रीराम-लक्ष्मण समुद्र के किनारे जाते हैं और समुद्र से रास्ता मांगते हैं। विनती के बाद भी जब समुद्र रास्ता नहीं देता है तो क्रोधित होकर श्रीराम अपने धनुष पर बाण चढ़ाते हैं और डरा हुआ समुद्र श्रीराम के समक्ष प्रकट होता है और क्षमा प्रार्थना करता है। साथ ही मार्ग भी देता है। इसके बाद श्रीराम समुद्र तट पर ही भगवान शंकर का पूजन कर रामेश्वरम की स्थापना करते हैं ,इसके बाद वानर सेना समुद्र पर पत्थर का पुल बनाती है और सभी लंका पहुंच जाते हैं। जिसके बाद राम अंगद को दूत बनाकर लंका भेजते हैं। अंगद दरबार में पहुंचते हैं और रावण से संवाद होता हैं।अंगद शर्त रखते हैं कि कोई मेरा पैर हिला दे तो मैं मान जाऊंगा कि आप श्रीराम को पराजित कर सकते हैं। कोई भी अंगद का पैर नहीं हिला पाता। अंगद का पांव उठाने के लिए रावण उठता है तो अंगद समझाते हैं कि अगर आप मेरी जगह श्रीराम का पैर पकड़ते तो आपका कल्याण हो जाता।

डांडिया प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

ऊंज। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मनवासा विद्या पब्लिक स्कूल, मगापट्टी के परिसर में भव्य डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। पारंपरिक गुजराती परिधानों में सजी छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं स्कूल की निदेशक माधुरी सिंह ने मां सरस्वती और मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना और देवी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजे परिसर में डीजे की धुन पर छात्र-छात्राएं डांडिया करते नजर आए। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस मौके पर निदेशक माधुरी सिंह ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आपसी भाईचारे और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। नवरात्र में डांडिया का विशेष महत्व है। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि शक्ति की उपासना और मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम भी है। प्रतियोगिता के समापन पर स्कूल के प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह मुन्ना ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से डांडिया खेला और मां दुर्गा से देश की तरक्की व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जानसन जॉर्ज, सुमन श्रीवास्तव, ट्विंकल, खुशबू, ज्योति, हरि मदज्न सिंह, नितेश कुमार, प्रदीप मौर्य, रितुपर्णा, भोला सिंह सहित शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावक मौजूद रहे।



महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत भदोही पुलिस की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पिंक पाठशाला, मिशन शक्ति केंद्रों और एंटी रोमियो टीमों के माध्यम से महिलाओं व छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में संचालित अभियान के तहत औराई सर्किल में पिंक पाठशाला के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। वहीं, ऊंज थाने के मिशन शक्ति केंद्र पर प्राथमिक विद्यालय वहीदा की छात्राओं को थाने और केंद्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। थाना प्रभारी ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला आरक्षी आकांक्षा सिंह मौजूद रहीं। इसी क्रम में चौरी थाने की एंटी रोमियो टीम के हेड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश दुबे और महिला कांस्टेबल नीतू गिरी ने गोडापार क्षेत्र में महिला चौपाल लगाई। इसमें महिलाओं को सुरक्षा के उपायों और पुलिस की सहायता लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के आसपास भी महिलाओं व बालिकाओं से संवाद किया गया। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीमों ने 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए। पुलिस के अनुसार, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं।



आबकारी विभाग ने चार शराब दुकानों का किया औचक निरीक्षण

ज्ञानपुर। आबकारी विभाग की टीम ने जिले में शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण कर बिक्री व्यवस्था और स्टॉक की जांच की। आबकारी आयुक्त, संयुक्त आबकारी आयुक्त, उप आबकारी आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोहित कुमार और क्षेत्र-1 रजनीश कुमार पांडेय ने मर्यादपट्टी स्थित देशी शराब की दुकान, कंपोजिट दुकान तथा उलेनमिल नंबर-1 और नंबर-2 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से गोपनीय तरीके से मदिरा का टेस्ट परचेज भी किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को पॉस मशीन के माध्यम से मदिरा की शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राज्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

गोपीगंज। राजमार्ग चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' का भाजपा कार्यकर्ताओ ने वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार खटाई के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने राज्य मंत्री को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि वर्ष 2027 में एक बार फिर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार खटाई सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुघवै की रामलीला में बाली वध और लंका दहन का मंचन

उंज। सुघवै के रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में शनिवार रात बाली वध और लंका दहन सहित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला में कलाकारों ने सुग्रीव और बाली के बीच युद्ध का सजीव चित्रण किया। बाली के अहंकार और भगवान श्रीराम द्वारा उसके वध के प्रसंग का मंचन किया गया। इस दौरान दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके बाद हनुमान जी की ओर से लंका दहन की लीला प्रस्तुत की गई।

सर्पदंश से छात्रा अचेत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के खानापुर गांव में घर में काम कर रही 23 वर्षीय छात्रा को सर्प ने डस लिया। सर्पदंश के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह अचेत हो गई। घबराए परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपीगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। खानापुर गांव निवासी हंसराज यादव की 23 वर्षीय पुत्री कविता घर में काम कर रही थी। इसी दौरान घर के पास छिपे सर्प ने उसे डस लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिससे परिजन परेशान हो गए। बिना देर किए परिजन उसे लेकर सीएचसी गोपीगंज पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने छात्रा का उपचार किया।

२४ अक्तूबर को भी लगेगा शिविर

अगला विशेष अभियान दिवस 24 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम चार बजे तक सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा। इस दौरान बीएलओ नाम जोड़ने और मतदाता सूची में संशोधन संबंधी कार्य करेंगे। पात्र नागरिक अपने बूथ पर पहुंचकर सूची में नाम जांच सकते हैं और नाम नहीं होने पर आवेदन कर सकते हैं। अभियान की निगरानी के लिए एडीएम शुभांगी शुक्ला सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे।

जमीन की पैमाइश और बाउंड्रीवाल के विवाद में मारपीट, तीन गिरफ्तार

ज्ञानपुर। थाना क्षेत्र के झींगुरपुर गांव में जमीन की पैमाइश और बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 17 अक्टूबर की बताई गई है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर अलग-अलग मुकदमे दजज़ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, जमीन की पैमाइश और बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। मामले में प्रथम पक्ष की तहरीर पर मुकदमा संख्या 269/2026 और दूसरे पक्ष की तहरीर पर मुकदमा संख्या 270/2026 दर्ज किया गया था। दोनों मुकदमों में मारपीट, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को उपनिरीक्षक हरिकेश सिंह और हेड कांस्टेबल रामअवतार यादव ने कार्रवाई करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में झींगुरपुर निवासी इंद्रेश कुमार दुबे उर्फ नंद कुमार (40) और मनीष कुमार दुबे (28) शामिल हैं। दोनों मुकदमा संख्या 269/2026 में वांछित थे। वहीं, इसी गांव के प्रमोद कुमार मिश्रा (45) को मुकदमा संख्या 270/2026 के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 17 अक्टूबर को जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपियों के शरीर पर पुरानी चोटों के अतिरिक्त कोई ताजा चोट नहीं पाई गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विधान परिषद चुनाव : मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें 23 पोलिंग पार्टियों के मतदान कार्मिकों, सात सेक्टर मजिस्ट्रेट और 23 माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाएं। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी समस्या या असमंजस की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से तत्काल मार्गदर्शन लेने को कहा। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 15 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पांच मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण में मतपत्र, निर्वाचन सामग्री, मतदान प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों और मतदान समाप्ति के बाद सामग्री जमा करने की प्रक्रिया समझाई गई। मतदान स्थलों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय सहित संबंधित अधिकारी और मतदान कार्मिक मौजूद रहे।

अभिया बाजार में तीन दुर्गा पूजा समितियों ने की मां दुर्गा की आराधना

सुरियावां। शारदीय नवरात्र के अवसर पर क्षेत्र में मां दुर्गा की भक्ति और आराधना का माहौल रहा। अभिया बाजार में आदिशक्ति दुर्गा पूजा समिति, आनंद दुर्गा पूजा सेवा समिति और सार्वजनिक नवदुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। वहीं, भीमसेनपुर-मानसाहपुर में नवयुवक मंडल दुर्गा पूजा समिति ने भी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। नवरात्र के दौरान भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूजा समितियों की ओर से धार्मिक आयोजन कर नवरात्र की परंपरा को आगे बढ़ाया गया।



बड़वापुर में ५०१ कन्याओं का पूजन कर बांटे उपहार

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर ज्ञानपुर तहसील अंतर्गत बड़वापुर गांव में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजनकर्ता उत्कर्ष त्रिपाठी ने 501 कन्याओं का विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर उन्हें उपहार वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विद्वान आचार्य ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजन संपन्न कराया। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप कन्याओं का पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कन्याओं को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है।

शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध का संदेश लेकर निकली आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा

गोपीगंज। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज के निर्देश पर 108 दिवसीय शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा के तहत भदोही जिले में सत्संग और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोइरौना बाजार से निकली प्रचार यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए अगिलहवां गांव पहुंची, जहां पंधारी प्रजापति के आवास पर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान मझगवां, निबिहा, केवटाही, मनोहरपुर, मठहां, बारीपुर, फूलवरिया, कलिंजरा, बेरवां, मदनपुर, जुड़ऊपुर, रइयापुर और खेदोपुर सहित विभिन्न गांवों में लोगों को शाकाहार अपनाने, सदाचार के मार्ग पर चलने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

अस्थायी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने बहुत ही सोच समझकर विदेश मंत्री मार्को रूबियोकी भारत यात्रासे ठीक पहले रूस से तेल खरीदने वाले देशोंपर सौ प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगानेकी घोषणा को फिलहाल टाल दिया है। इससे भारतको अवश्य राहत मिली है लेकिन इसे अस्थायी राहत ही समझना ज्यादे उपयुक्त होगा। ट्रम्प की इस घोषणाको व्यापक सन्दर्भोंमें देखने और समझनेकी जरूरत है। इसमें सावधानी भी बरतनेकी आवश्यकता है। इस फैसलेका जितना आर्थिक महत्व है, उतना ही कूटनीतिक और रणनीतिक महत्व भी है। एक बात और महत्वपूर्ण है कि यह भारतको स्थायी रूपसे १०० प्रतिशत टैरिफ से मुक्त करने वाला फैसला नहीं है। ट्रम्पने सम्बन्धित कानूनके तहत शुल्क और प्रतिबंधोंको फिलहाल टाला है। अर्थात भविष्यमें परिस्थितियां बदलनेपर इन्हें पुन: लागू करनेका विकल्प अमेरिकी राष्ट्रपतिके पास बना हुआ है। इसे अस्थायी राहत माननेके पीछे कारण हैं। लिंडसे ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एण्ड ईरान ऐक्टके तहत रूस से बड़े पैमानेपर ऊर्जा खरीदने वाले देशोंपर १०० प्रतिशत तक टैरिफ लगानेका अधिकार अमेरिकी राष्ट्रपतिको मिला है। भारत और चीन इसके प्रमुख निशाने पर थे। ट्रम्पने इस प्रावधानको लागू करनेसे फिलहाल रोक लगा दी है। इसलिए इस कदमको स्थगन कहना अधिक उचित होगा, न कि स्थायी समाप्ति। भारतके लिए इसका सीधा अर्थ है कि सौ प्रतिशत टैरिफका खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। रूबियोकी भारत यात्रासे पहले ट्रम्पका फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रूबियो १७ से २२ अक्तूबर तक भारत यात्रामें मुम्बई और जामनगर उनके महत्वपूर्ण पड़ाव है तथा ऊर्जा सहयोग और भारत अमेरिकी सम्बन्धोंपर महत्वपूर्ण चर्चाएं भी होंगी। ऐसेमें टैरिफ खतरेको रोकनेसे बातचीतका वातावरण कुछ बेहतर बनेगा। भारत और अमेरिकाके बीच व्यापार समझौतेपर लम्बे समयसे बातचीत चल रही है। इसे गति देनेकी दिशामें ट्रम्पकी घोषणा काफी सहायक साबित हो सकती है। भारतको सौ प्रतिशत टैरिफ रोकनेसे लाभ अवश्य मिलेगा। फिलहाल बड़ा जोखिम टल गया है। ऊर्जा सुरक्षाके साथ ही रुपये और व्यापार दबावमें कमी भी आयेगी। भारतको पूरी तरह से निश्चिंत नहीं होना चाहिए क्योंकि टैरिफका खतरा अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। भारतको आगेके लिए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। इस दृष्टिसे भारतको राहत, अवसर और सावधानी तीनोंपर ध्यान देना होगा। भारतकी कूटनीतिकी अगली परीक्षा भविष्यमें होगी।

प्रशासनिक विफलता

यह अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है कि शारदीय नौरात्रिकी अष्टमीकी पूर्व संध्यापर पश्चिम बंगालके एक सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालमें मची भगदड़में १९ श्रद्धालुओंकी जान चली गयी। कोलकाताके चोरबागान दुर्गा पूजा पंडालमें शनिवारको भगदड़ मचने से १९ लोगोंकी मौत हो गयी और २५ लोग घायल हो गये। इनमें एक की हालत गम्भीर बतायी जा रही है। मृतकोंमें चार पुरुष, १३ महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। घायलोंको एसएसकेएम अस्पताल रेफर किया गया है। इस हादसेके सन्दर्भमें पुलिसने आयोजक समेत १४ लोगोंको हिरासतमें लिया है। यह हादसा व्यवस्थामें चूक और जिला प्रशासनकी विफलताका परिणाम है। हादसेके दौरान पंडालमें अंधेरा था, बाहर निकलनेके रास्ते सकरे थे और बारिशके कारण भीड़ और भी बढ़ गयी थी। सप्तमीपर मां के दर्शनके लिए पहले से ही बड़ी संख्यामें श्रद्धालु पहुंचे थे। बारिशसे बचनेके लिए लोग पंडालके अन्दर जमा होने लगे। भीड़का दबाव बढ़नेसे बाहर निकलनेके दरवाजेका एक हिस्सा टूट गया और सुरक्षाकर्मी ने लोगोंसे पंडालसे बाहर निकलनेका अनाउंस कर दिया जिससे भगदड़ मच गयी। लोग एक दूसरेपर गिरते-पड़ते निकलने लगे जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ। खास बात यह है कि इस दर्दनाक हादसेके दो दिन पहले ही इस पंडालको पश्चिम बंगाल सरकारने 'देवी दुर्गा सम्मान २०२६' से सम्मानित किया था। इसे 'बेस्ट आफ बेस्ट' कैटेगरीमें चुना गया था। हादसेके बाद पूजा अनिश्चित कालके लिए रोक दी गयी। इस घटनापर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संतप्त परिजनोंके प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। प्रधान मंत्री ने मृतकोंके स्वजनको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५०-५० हजार रुपये देनेकी घोषणा की है। वहीं मुख्य मंत्री शुभेन्दु अधिकारीने बंगाल सरकार की ओर से जान गंवाने वाले प्रत्येक के स्वजन को २५-२५ लाख रुपये और परिवारके एक व्यक्तिको नौकरी देनेका ऐलान किया है। इस दौरान हादसेको लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है जो उचित नहीं है। हर मामलेको राजनीतिके चश्मेसे नहीं देखा जा सकता है।

लोक संवाद

रातमें धरतीपर आयेगी सूर्यकी रोशनी

महोदय,-कल्पना कीजिए कि रातके घने अंधेरेमें भी धरतीके किसी खास हिस्सेपर सूरजकी रोशनी पहुंचायी जा सके। अमेरिकी स्टार्टअप कंपनी रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल इसी विचारको हकीकतमें बदलनेकी तैयारी कर रही है। कंपनी अंतरिक्षमें विशाल दर्पणोंसे लैस उपग्रह स्थापित कर मांगके अनुसार धरतीपर रोशनी पहुंचाना चाहती है। इसके लिए उसने भारतकी निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेसके साथ समझौता किया है। समझौतेके तहत कंपनीके दो उपग्रह स्काईरूटके प्रक्षेपण यानोंके जरिये अंतरिक्षमें भेजे जायंगे। पहला उपग्रह विक्रम-१ रॉकेटसे और दूसरा निर्माणाधीन विक्रम-१ यू प्रक्षेपण यानसे भेजनेकी योजना है। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल ऐसे उपग्रहोंका समूह तैयार कर रही है, जिनके दर्पण सूर्यकी रोशनीको परावर्तित करके धरतीके चुने हुए हिस्सोंतक पहुंचा सकेंगे। कंपनीका लक्ष्य एक समयमें लगभग पांच किलोमीटर क्षेत्रमें जरूरतके मुताबिक रोशनी उपलब्ध कराना है। कंपनीके अनुसार इस रोशनीकी तीव्रता घटायी-बढ़ायी जा सकेगी और आवश्यकता नहीं होनेपर इसे बंद भी किया जा सकेगा। इस तकनीकका इस्तेमाल आपदा प्रभावित क्षेत्रोंमें रातके समय खोज और बचाव अभियान चलाने, दूरदराजके औद्योगिक इलाकोंमें कामकाज जारी रखने तथा महत्वपूर्ण स्थलोंको रोशन करनेके लिए किया जा सकता है। कंपनीका दावा है कि इससे सौर ऊर्जा संयंत्रोंमें बिजली उत्पादनकी अवधि बढ़ानेकी संभावनाएं भी खुल सकती हैं। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेसके साथ हुए समझौतेके तहत दो अलग-अलग प्रक्षेपण यानोंका इस्तेमाल किया जायगा। विक्रम-१यू में पहले चरणके अतिरिक्त बूस्टर लगाये गये हैं और इसकी क्षमता पहलेसे बेहतर बतायी गयी है। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलने अपने बयानमें कहा कि अमेरिकामें पहलेसे तय अन्य प्रक्षेपण अभियानोंके साथ ये दोनों प्रक्षेपण उसे निर्धारित समयसीमामें काम करने और अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध करानेमें मदद करेंगे। स्काईरूटके मुख्य कार्यकारी अधिकारीने एक्सपर इस साझेदारीको लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि कंपनी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकीके अनूठे इस्तेमालसे धरतीपर नयी संभावनाएं खोलनेके प्रयासमें रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलका साथ देनेके लिए उत्साहित है। कंपनीको जुलाईमें अमेरिकी संघीय संचार आयोगसे एक प्रोटोटाइप उपग्रह बनाने, उसे अंतरिक्षमें भेजने और संचालित करनेकी मंजूरी मिली थी। कंपनीके सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन नोवाकके अनुसार अंतरिक्ष यानके संचालनके लिए भी लाइसेंस मिल चुका है। अंतरिक्षसे धरतीपर सूर्यकी रोशनी पहुंचानेका विचार नया नहीं है। वर्ष १९९३ में रूसी वैज्ञानिकों और इंजीनियरोंने अंतरिक्षकी कक्षामें लगभग ६५ फुट चौड़ा दर्पण स्थापित कर धरतीपर सूर्यकी रोशनीकी एक किरण पहुंचायी थी। जनामया नामका यह प्रयोग सफल रहा था, लेकिन धनकी कमीके कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलकी योजनाको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। कई पर्यावरण संघटनोंने एफसीसीसे प्रोटोटाइप उपग्रहको दी गयी मंजूरी रद करनेकी मांग की है। पर्यावरणविदोंकी चिन्ता है कि रातके समय अंतरिक्षसे आने वाली कृत्रिम रोशनी वन्यजीवोंके प्राकृतिक व्यवहार और जीवनचक्रको प्रभावित कर सकती है। इससे खगोलीय अध्ययनोंमें बाधा आने और मनुष्योंकी प्राकृतिक जैविक घड़ीपर असर पड़नेकी आशंका भी जतायी गयी है। **-आर.पी. सिंह, वाया ईमेल।**

सुप्रीम कोर्टके निष्पक्ष फैसले

लोकतंत्रकी मजबूतीका वास्तविक प्रमाण केवल चुनावोंका नियमित आयोजन, संसदमें बहुमत अथवा राजनीतिक दलोंकी लोकप्रियता नहीं है, बल्कि संविधानके सामने सत्ता, विपक्ष और सामान्य नागरिककी स्थिति समान हो। जब आरक्षण और चुनावी निष्पक्षता जैसे प्रश्न विमर्शके केन्द्रमें आते हैं, तब सुप्रीम कोर्टकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

❐ ललित गर्ग

न्यायपालिका वह संवैधानिक संस्था है, जिससे नागरिक यह अपेक्षा करता है कि वह राजनीतिक आग्रहों, सामाजिक दबावों और सत्ताके प्रभावसे मुक्त रहकर न्यायका मार्ग प्रशस्त करेगी। आज आरक्षणकी पात्रता और धर्मान्तरणसे जुड़े विवादोंसे लेकर निर्वाचन प्रक्रिया तथा न्यायालयकी गरिमातक, अनेक प्रश्न इसी अपेक्षाकी कसौटी बनकर सामने हैं। इन प्रश्नोंपर विचार करते समय आवश्यक है कि हम न किसी राजनीतिक पक्षके प्रचारक बनें, न किसी धार्मिक समुदायके प्रति पूर्वाग्रह रखें, बल्कि संविधानकी भावना और न्यायके व्यापक उद्देश्यको केन्द्रमें रखें। अनुसूचित जातियोंके लिए आरक्षण भारतीय संविधानकी उन ऐतिहासिक व्यवस्थाओंमें है, जिनका उद्देश्य सदियोंसे चले आ रहे सामाजिक बहिष्कार, अस्पृश्यता और भेदभावके दुष्परिणामोंको दूर करना है। यह केवल रोजगार अथवा शिक्षामें कुछ अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करानेकी व्यवस्था नहीं, बल्कि उस सामाजिक अन्यायके विरुद्ध संवैधानिक हस्तक्षेप है, जिसने बड़ी आबादीको लम्बे समयतक समान अवसरोंसे वंचित रखा। इसलिए आरक्षण और धर्मान्तरणके संबंधमें होने वाली बहसको भावनाओं, धार्मिक आग्रहों अथवा राजनीतिक आरोपोंके बजाय संवैधानिक प्रावधानों और सामाजिक वास्तविकताओंके आधारपर समझना चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों द्वारा धर्मान्तरण करनेपर उन्हें आरक्षणका लाभ नहीं मिलेगा। तमिलनाडु सरकार द्वारा इसे उच्च न्यायालयमें चुनौती देना और अपने राज्यमें इस प्रकारकी सुविधा जारी रखना कि इस्लाम या ईसाई धर्म अपनानेके बाद भी आरक्षणका लाभ मिलता रहे, वास्तवमें सनातन संस्कृतिके आरक्षित वर्गोंके हितोंको कमजोर करने वाला और धर्मान्तरणको परोक्ष रूपसे बढ़ावा देने वाला कदम था। यह विडंबना ही है कि एक तरफ कुछ संघटन यह दावा करते हैं कि उनके यहां जातिगत भेदभावका अस्तित्व नहीं है, वहीं दूसरी ओर वे एससी और ओबीसी वर्गके लोगोंको अपने पंथमें आनेके बाद भी आरक्षणका लाभ मिलनेकी पुरजोर वकालत करते हैं। इस प्रकारके दोहरे लाभ और प्रलोभनोंके कारण न केवल धर्मान्तरणकी प्रवृत्तिको बल मिलता है, बल्कि हिन्दू समाजको इसका भारी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि धर्मान्तरित लोग आरक्षणके साथ-साथ अल्पसंख्यक दर्जेके लाभोंका भी अनुचित दोहन करने लगते हैं। हालांकि विभिन्न राज्य सरकारें छल-कपटसे होने वाले धर्मान्तरणके विरुद्ध कड़े कानून बना रही हैं, फिर भी यह समस्या थमनेका नाम नहीं ले रही है, जिसका प्रमुख कारण धार्मिक स्वतंत्रताके नामपर हो रहा इसका दुरुपयोग है। अब समय आ गया है कि इस गम्भीर विषयपर केन्द्र सरकार और सर्वोच्च न्यायालय मिलकर ठोस और प्रभावी कदम उठायें, ताकि इस दुरुपयोगको रोका जा सके।

इसी व्यापक संवैधानिक परिप्रेक्ष्यमें सर्वोच्च न्यायालयका चुनावी प्रक्रियासे जुड़े विवादोंपर हस्तक्षेप भी उल्लेखनीय है। १२ अक्तूबर २०२६ को राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओंने मतदाता सूचियोंके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सर्वोच्च न्यायालयकी ओर मार्च किया, इसपर सुप्रीम कोर्टका सख्त रवैया भी सराहनीय है। भले ही विपक्ष ने मतदाता सूचीमें कथित अनियमितताओं, मतदाताओंके नाम हटाये जाने और निर्वाचन प्रक्रियाकी पारदर्शितापर सवाल उठाये, इन आरोपोंकी सत्यताका निर्धारण न्यायिक परीक्षण और संबंधित अभिलेखोंके आधारपर होना चाहिए, लोकतंत्रमें चुनाव केवल सरकार चुननेका माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिकको अपनी राजनीतिक इच्छा व्यक्त करनेका संवैधानिक अवसर है। इसलिए मतदाता सूचीकी शुद्धता और विश्वसनीयता किसी एक दलका नहीं, पूरे लोकतंत्रका प्रश्न है, लेकिन सुप्रीम कोर्टतक मार्च करना एक गलत परम्पराका सूत्रपात है।

१५ अक्तूबरको सर्वोच्च न्यायालयने विपक्षी नेताओंकी याचिकापर निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशीसे जवाब मांगा। इससे स्पष्ट होता है कि निर्वाचन आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाके निर्णय भी न्यायिक समीक्षाके दायरेमें आ सकते हैं। आयोगकी स्वतंत्रताका अर्थ यह नहीं कि उसके प्रत्येक निर्णयको प्रश्नोंसे परे मान लिया जाय। इसी प्रकार किसी निर्णयसे असहमति अपने आपमें यह प्रमाणित नहीं करती कि आयोगने अनुचित कार्य किया है। न्यायिक समीक्षाका उद्देश्य आरोपों और तथ्योंके बीच अंतर स्पष्ट करना, निर्णय प्रक्रियाकी वैधानिकता जांचना तथा नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करना है। इसी घटनाक्रममें सर्वोच्च न्यायालयने १२ अक्तूबरके मार्चको लेकर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य संबंधित नेताओंसे भी जवाब मांगा। न्यायालयकी चिन्ता यह थी कि राजनीतिक प्रदर्शनके माध्यमसे न्यायपालिकापर दबाव बनानेकी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस प्रसंगका मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि शांतिपूर्ण विरोध, राजनीतिक असहमति और न्यायालयकी गरिमा-तीनों लोकतंत्रके महत्वपूर्ण पक्ष हैं। विपक्षको सरकार और निर्वाचन आयोगसे प्रश्न पूछनेका अधिकार है, लेकिन न्यायिक संस्थाओंकी स्वतंत्रताका सम्मान करना भी उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। दूसरी ओर, न्यायालयकी गरिमाकी रक्षाके नामपर वैध आलोचना और शांतिपूर्ण असहमतिके अधिकारको सीमित नहीं किया जाना चाहिए। नोटिस जारी होना किसीको दोषी घोषित करना नहीं, बल्कि उसका पक्ष जाननेकी न्यायिक प्रक्रियाका हिस्सा है।

यही वह बिन्दु है जहां न्यायिक सक्रियता और न्यायिक संयमके बीच संतुलनका प्रश्न सामने आता है। यदि न्यायपालिका सामाजिक अन्याय, प्रशासनिक मनमानी अथवा संवैधानिक अधिकारोंके उल्लंघनपर मौन रहे तो आम नागरिकका न्याय व्यवस्थासे विश्वास कमजोर हो सकता है। लेकिन यदि न्यायपालिका प्रत्येक राजनीतिक विवादमें स्वयंको निर्णायक नीति-निर्माताकी भूमिकामें रखे तो शक्तियोंके पृथक्करणका सिद्धांत प्रभावित हो सकता है। लोकतंत्रकी संस्थाएं एक-दूसरेकी प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक-दूसरेको संवैधानिक मर्यादाओंमें रखने वाली व्यवस्थाएं हैं। विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उन्हें लागू करती है और न्यायपालिका यह सुनिश्चित करती है कि कानून तथा उनका क्रियान्वयन संविधानकी सीमाओंके भीतर हों। इन तीनोंके बीच स्वस्थ संतुलन ही लोकतांत्रिक स्थिरताकी आधारशिला है। सर्वोच्च न्यायालयकी प्रतिष्ठा उसके आदेशोंकी कठोरतासे अधिक उसकी निष्पक्षता, स्वतंत्रता और तर्कपूर्ण निर्णयोंसे निर्मित होती है। आज देशको ऐसी न्यायिक सक्रियताकी आवश्यकता है, जो अन्यायके सामने निर्भीक हो, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्रके प्रति सजग भी रहे, जो नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करे, लेकिन राजनीतिक आग्रहोंसे अप्रभावित रहे, जो संवैधानिक संस्थाओंकी गरिमा बनाये रखे, लेकिन उनकी जवाबदेहीको भी सुनिश्चित करे। न्याय वह विश्वास है, जो नागरिकको यह भरोसा देता है कि उसकी आवाज सुनी जायगी, उसके अधिकारोंका निष्पक्ष परीक्षण होगा और शक्तिशाली व्यक्ति या संस्था भी कानूनसे ऊपर नहीं होगी। सर्वोच्च न्यायालयकी वास्तविक शक्ति तभी सिद्ध होगी, जब उसका प्रत्येक निर्णय राजनीतिक शोरसे ऊपर उठकर संवैधानिक विवेक, सामाजिक संवेदनशीलता और विधिक निष्पक्षताका उदाहरण बने।

> **आज देशको ऐसी न्यायिक सक्रियताकी आवश्यकता है, जो अन्यायके सामने निर्भीक हो, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्रके प्रति सजग भी रहे, नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करे, लेकिन राजनीतिक आग्रहोंसे अप्रभावित रहे, जो सवैधानिक संस्थाओंकी गरिमा बनाये रखे, लेकिन उनकी जवाबदेहीको भी सुनिश्चित करे। न्याय वह विश्वास है, जो नागरिकको यह भरोसा देता है कि उसकी आवाज सुनी जायगी, उसके अधिकारोंका निष्पक्ष परीक्षण होगा और शक्तिशाली व्यक्ति या संस्था भी कानूनसे ऊपर नहीं होगी। सुप्रीम कोर्टकी शक्ति तभी सिद्ध होगी, जब उसका प्रत्येक निर्णय राजनीतिक शोरसे ऊपर विवेक और विधिक निष्पक्षताका उदाहरण बने।**

शक्ति प्रदान करतीं मां जगतजननी

शारदीय नवरात्रमें मां भगवतीकी उपासनाके साथ बेटियोंमें आत्मविश्वास, सजगता और संतुलित प्रगतिशील सोच विकसित करना जरूरी है। यह आदिशक्तिके प्रेरणादायी गुणोंसे जोड़नेका मौका भी है।

❐ डा. मोनिका शर्मा

शारदीय नवरात्रमें हर परिवार अपनी बेटीमें मानसिक मजबूती, वैचारिक चेतना, आत्मसम्मानका भाव और सही-गलतकी समझ पैदा करे। आधुनिकता और प्रगतिशीलताका अर्थ विवेकपूर्ण सोच तथा सामाजिक जिम्मेदारियोंके प्रति सजग रहना है। हमारे घरोंमें बेटियोंको शक्तिस्वरूपा मानकर पूजा जाता है। मां आदिशक्तिका ही रूप माना जाता है। देवीका मान दिया जाता है। ईश्वरीय आस्थाका यूं मानवीय धरातलपर जुड़ा होना सुखद है, परन्तु बेटियोंको मां शक्तिसे जुड़े प्रेरणादायी पहलुओंसे मिलवाना भी जरूरी है। मौजूदा दौरमें मातृशक्तिके पूजन-अर्चनकी सार्थकता यह भी है कि मांके पौराणिक चरित्रसे बेटियां प्रेरणा लें। छोटी उम्रसे घरकी लाड़लियोंमें मनको सशक्त और मस्तिष्कको सार्थक दिशा देनेकी समझ पोसना जरूरी है। यह कटु सच है कि बर्बर आपराधिक घटनाओंसे लेकर रिश्ते-नातोंके टूटनकी नकारात्मक योजनाओंतक बेटियोंकी भागीदारी भी दिखने लगी है। यह दिशाहीनता पूरे समाजको चकित करने वाली है। हर परिवारको चिंतित करती है। शिक्षित, ऊर्जावान युवतियां भी कहीं स्वयं दिशाहीन हो रही हैं तो कहीं दूसरोंके बहकावेमें आकर नकारात्मक मार्ग पकड़ रही हैं। मौसमी बदलावका यह समय बेटियोंकी अपनी चेतनाको जगाने का भी है। आस्था मनको साधनेका काम है तो क्यों न बेटियोंको समग्र संसारकी पालक मां भगवतीके गुणोंसे मिलवायें। शक्तिसम्पन्न होते हुए भी विनाश नहीं सृजनका मार्ग चुनने वाली माता आदिशक्तिसे जुड़ी हर बात मन, जीवन, परिवार या समग्र परिवेश आत्मशक्तिसे बलपर सब कुछ सहेजना ही सिखाती है।

आदिशक्तिके हर रूपकी गाथा और गुण भावनात्मक धरातलपर सशक्त बननेका पाठ पढ़ाते हैं। आस्थाके भाव संग अंतर्मनकी शक्ति साधनेके उत्सवीय दिन हर बहकावेसे बचनेका संदेश देते हैं। आये दिन होने वाले वाकये बताते हैं कि बेटियोंको हर तरहके भ्रमजालसे बचनेकी सीख देना आवश्यक है। ऐसेमें किसी भी तरहके शोषणके जालमें न फंसनेकी सजगताका पाठ पूरा परिवार पढ़ाये। मनकी चेतना जगाने वाले इन दिनोंमें आदिशक्तिकी उपासना करनेके साथ ही अपनी बेटियोंसे संवाद भी करें। सामयिक घटनाओंपर बात हो। देशकी बेटियोंकी उपलब्धियोंकी चर्चा की जाये। सार्थक संवादके माध्यमसे बेटियोंको मां दुर्गाके उस रूपसे मिलवायें जो भारतीय स्त्रीके चेतनामय स्वरूपका प्रतीक है। जो असहाय नहीं, बल्कि मातृशक्तिके रूपमें पोषककी भूमिकामें पूजनीय है। स्वजनोंको यह समझना होगा कि भावनात्मक रूपसे मजबूत बनकर ही घरकी लाड़लियां मानमर्दन और शोषणके खेलको समय रहते पहचान सकती हैं। बुराइयोंका प्रतिकार कर सकती हैं। अपने विरुद्ध होने वाले हर अत्याचारको लेकर आवाज बुलंद करनेका बल जुटा सकती हैं। बचपनसे ही अन्याय और अनीतिका प्रतिकार करनेकी सजग सोच पाती हैं। हर तरहकी दिशाहीनतासे बचकर अपने सम्मान और स्वाभिमानकी रक्षक बननेके लिए मनकी मजबूती सबसे अहम है।

मां दुर्गाका हर रूप भारतीय स्त्रीके दमकते चेहरेका प्रतीक है। मातृशक्तिके रूपमें पोषक और चेतनामयी रूपमें सजगता और जागरूकताका प्रतिबिम्ब। शक्ति-सम्पन्न होनेके बावजूद बिखरने-उजाड़नेके भाव दूर-दूरतक नहीं। समग्र सृष्टिका विनाश करनेकी शक्ति रखने वाली भगवतीका एक पालकके रूपमें ममतामय स्वरूप ही हमारे मनमें बसा है। दुष्टोंके संहारके लिए कालीका रूप धरने वाली देवी दुर्गाने परिस्थितिके अनुसार भी कई रूप धरे हैं। जरूरी है कि बेटियां मां भगवतीसे प्रेरणा लेकर अपनी ऊर्जाको सही दिशामें लगाना सीखें। मौजूदा दौरमें प्रगतिशील होनेके नामपर स्वयं अपनी ही हानि करने वाली गतिविधियोंमें शामिल होनेका भी चलन है। इसीलिए जागरूक और सजग रहना आवश्यक है। आधुनिक होना मानवीय अनुभूतियोंसे दूर होना नहीं होता। याद रहे कि ज्ञान और विवेककी अधिष्ठात्री मां सरस्वती भी आदिशक्तिका ही एक रूप हैं। चेतना-सम्पन्न हो अपने दमपर जीनेका भाव ही प्रगतिशील होना है। हर बदलावमें बेहतरी ढूंढ़नेकी सोच ही आधुनिक होना है। बेटियोंको समझना होगा कि सबल व्यक्तित्वके लिए समझकी पक्की बुनियाद आवश्यक है। परिवर्तनके सकारात्मक पक्षोंको अपनाना जीवनमें संतुलन बनाये रखता है। ऐसी सधी सोचसे निडर होकर चुनौतियोंका सामना करनेकी शक्ति मिलती है। पूरा परिवेश ही जीवंत एवं चेतनामयी आभासे दमकता सा। मां भगवतीकी उपासनाके इन दिनोंमें बेटियोंको समझायें कि जीवनमें मौसम बदलते रहते हैं। नयापन भी आता है। पारिवारिक रिश्ते हों या व्यक्तिगत जीवन, इस नयेपनको पुराना आधार ही थामता है। संतुलित समझका यह मेल प्रगतिशील होना है।

शारदीय नवरात्र, मां दुर्गाकी आराधना और मौसमके नयेपनके उल्लासका उत्सव है। नव संवत्सरकी शुरुआत और मौसमी बदलावके इस पड़ावपर धरतीका हर हिस्सा चेतनामयी लगता है। शक्तिको साधनेका यह उत्सव हर किसीके मन जीवनको नयी ऊर्जा, नया उत्साह देता है। मांकी आराधना करते हुए हर परिवार अपनी बेटियोंके लिए वैचारिक चेतनाकी आशीष मांगे। लाड़लियोंका सजग व्यक्तित्व गढ़नेकी सोचे। उनकी सोच और समझके दायरेको विस्तार दे। जहां भी मौका मिले उनमें सार्थक और सकारात्मक पहल करनेका भाव भरें। घर-दफ्तरकी जिम्मेदारियोंको पूरा करनेके साथ ही अपने सामाजिक दायित्वोंके प्रति भी सजग रहना सिखायें। यह वैचारिक सजगता बेटियोंके व्यक्तित्वको पूर्णता देते हुए जीवनसे हर भयको दूर करने वाली तो है ही, नयी शक्तिका संचार करने वाली भी है। वैचारिक चेतनाके अभावमें व्यावहारिक धरातलपर बेटियां सशक्त नहीं बन सकतीं। तकनीकसे घिरे आजके जीवनमें बहुत-सी घटनाएं बताती हैं कि मनकी सजगताके अभावमें बेटियां भी सही फैसले लेनेमें चूक रही हैं। सम्बन्धोंके निर्वहनमें पीछे रह जाती हैं। आधुनिक होनेके भ्रममें अनगिनत उलझनोंमें उलझती जाती हैं। शक्तिस्वरूपा मांके पूजन-वंदनका यह अवसर वैचारिक शक्तिके संतुलनको साधनेका पर्व भी है। बेटियोंको न तो खुदको किसीसे कम आंकना है और न अहंकारके भावसे भर जाना है। जिन्दगीके हर मोर्चेपर सशक्त भागीदारी निभानेके लिए बेटियोंको वैचारिक मोर्चेपर भी सजग रहना ही होगा।



जीवनका आधार

❐ जग्गी वासुदेव

जीवनके बहुतसे पहलूमें जन्म, बचपन,जवानी और बुढ़ापा है। प्रेम, कोमलता, मिठास और कड़वाहट भी है। सफलताकी खुशी है, कुछ पानेका संतोष है, दर्द भी है और आनन्द भी। यदि आपने अपने मनको बोधके एक ठीक स्तरपर रखा है तो ये सब बातें आपकी समझमें आ सकती हैं। परन्तु जीवनको समझाने वाला जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है मृत्यु, वह किसी भी मनकी पकड़के बाहर है चाहे आप अपने आपको कितना ही बुद्धिमान, होशियार या बड़ा बुद्धिजीवी मानते हों। क्योंकि हम मरणशील हैं, मरने वाले हैं, इसीलिए जीवन उस तरहसे चल रहा है जैसे वह चल रहा है। यदि हम मरने वाले नहीं होते तो न कोई बचपन होता, न जवानी और न बुढ़ापा। तब हम ये सवाल भी न उठा पाते कि जन्म क्या होता है। मृत्यु जीवनका आधार है। यदि आप मृत्युको नहीं समझते तो अभी जीवनको नहीं जान सकेंगे, न ही उसे संभाल पायंगे क्योंकि जीवन और मृत्यु सांस लेने और छोड़नेकी तरह हैं। वे बिना अलग हुए साथ-साथ रहते हैं। आध्यात्मिक प्रक्रिया तभी शुरू होती है जब आप मृत्युका सामना करते हैं या तो खुदकी या फिर किसी ऐसे व्यक्तिकी जो आपको प्रिय है और जिसके बिना जीनेकी बात आप नहीं सोच सकते। जब मृत्यु आ रही हो या हो गयी हो, तब ही अधिकतर लोगोंके मनमें ये सवाल आता है, ये सब क्या है और इसके बाद क्या होगा। जबतक केवल जीवन ही सत्य लगता है तबतक आपको यह विश्वास नहीं होता कि ये बस ऐसे ही खत्म होने वाला है। जब मृत्यु पास आ जाती है, तभी मन ये सोचना शुरू करता है कि कुछ और भी है, जो इससे ज्यादा है। परन्तु मन चाहे कितना भी सोच ले, ये वास्तवमें जानता कुछ नहीं है क्योंकि मन सिर्फ उसी डेटाके आधारपर काम करता है जो वो पहलेसे इकट्ठा कर चुका है। मनका मृत्युके साथ कोई वास्ता नहीं पड़ा है तो वह मृत्युके बारेमें नहीं जानता, क्योंकि इसके पास उसके बारेमें कोई आधारभूत जानकारी नहीं है, सिर्फ कुछ गप्पबाजी है। आपने ऐसी गप्पें सुनी होंगी कि कैसे जब आप मर जायंगे तो आप जाकर भगवानकी गोदमें बैठेंगे। यदि ऐसा है तो आज ही मर जाना चाहिए। आपने स्वर्ग और नरकके बारेमें सुना होंगा। परन्तु कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये सोचनेमें समय बर्बाद मत कीजिए कि मृत्युके बाद क्या होता है, क्योंकि वह आपके मनकी सीमाके बाहर की बात है। जाननेका एक ही तरीका है और वह प्रज्ञाकी मददसे है, जैसा हम इसे भारतीय भाषाओंमें कहते हैं यानी कि जागरूकता।

बहुधर्मी भारतमें साझा संस्कृतिकी खूबसूरती

❐ विश्वनाथ सचदेव

पश्चिम बंगालकी राजधानी कोलकाताके मुस्लिमबहुल क्षेत्रका नाम है अलीमुद्दीन स्ट्रीट। मुस्लिमबहुल इलाकेमें सालोंसे दुर्गापूजा की तैयारियां इसी जोश-खरोशके साथ होती थीं। फिर मनमुटावकी कुछ घटनाएं हुईं और पूजाका यह क्रम टूट गया था। पांच साल पहले फिर शुरू हो गया और अब यह जोश साल-दर-साल बढ़ता ही दिख रहा है। विशेषता यह भी है कि तैयारियोंमें आगे बढ़कर हाथ बंटाने वालोंमें ज्यादातर युवा मुसलमान हैं। यहां पूजा पूरे विधि-विधानसे होती है और हिंदू-मुसलमान मिलकर करते हैं! साझा संस्कृतिका यह दृश्य कोलकाताके इसी मोहल्लेमें नहीं दिख रहा। आस-पासके इलाकोंमें न जाने कबसे यह परम्परा चली आ रही है। दुर्गापूजाके अवसरपर पूरे बंगालमें ऐसे दृश्य दिख जाते हैं। हल्दियामें मां दुर्गाकी प्रतिमा बनाने वालोंमें मुस्लिम कारीगर सबसे आगे हैं और यह काम पूरी श्रद्धाके साथ होता है। हिन्दू पड़ोसियोंके साथ मिल-जुलकर अल्पना सजाती मुस्लिम महिलाएं दिख जाना तो एक आम बात है। मुर्शिदाबादमें तो मां दुर्गाकी पूजाकी शुरुआत ही मुस्लिम परिवारके चढ़ावेसे होती है।

अस्सी प्रतिशत और बीस प्रतिशतकी राजनीतिके माहौलमें, जहां पहने हुए कपड़ोंके आधारपर व्यक्तिको पहचाननेकी बातें की जाती हैं, वहां भाईचारेके इस तरहके दृश्य सुख देने वाले हैं। देशके अलग-अलग हिस्सोंमें इस तरहके दृश्य दिख जाना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। हां, कम जरूर दिखते हैं अब ऐसे दृश्य, परन्तु यह कम भी बड़ा आश्वासन देने वाला है। बहुधर्मी देश है हमारा। शायद ही दुनियाका कोई और देश होगा, जहां सभी धर्मोंको मानने वाले लोग सदियोंसे एक साथ रहते आये हों और इस साथ-साथका मतलब कोलकाताका मुस्लिमबहुल इलाका, अलीमुद्दीन स्ट्रीट, समझा रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि धार्मिक भाईचारेकी यह गंगा-जमुनी परम्परा अक्सर टूटती भी दिख जाती है। कष्ट होता है यह देखकर। सारे देशमें मनाया जाता है दुर्गापूजाका यह त्योहार। पूरे दस दिनतक गरबा कार्यक्रमोंकी धूम रहती है। कोलकाताकी अलीमुद्दीन स्ट्रीट जैसे दृश्य देशके दूसरे महानगर, मुंबईमें भी दिख जाते हैं। सभी धर्मोंके मानने वालोंका गरबामें हिस्सा लेना एक सामान्य बात थी। पचास साल पहले जब मैं मुंबई आया था तो पहली बार मैंने गरबाके एक शानदार कार्यक्रममें हिस्सा लिया था। आयोजन देखने वालोंमें मैंने मुसलमानोंको भी देखा था। किसीके आने-जानेपर प्रतिबंध नहीं था। परन्तु पिछले एक अर्सेमें इस परम्परामें भी बदलाव आया है। खुलेआम कहा जा रहा है कि गैर-हिन्दुओंको इसमें भाग नहीं लेना चाहिए। देशके एक वरिष्ठ राजनेताने तो स्पष्ट घोषणा कर दी है कि यदि संप्रदाय विशेषके लोगोंको गरबामें भाग लेना है तो उन्हें घर-वापसी करनी होगी। ऐसे सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रममें असामाजिक तत्वोंकी घुसपैठको रोकनेकी बात तो समझ आती है, परन्तु यह कहना कहांतक उचित है कि गैर-हिन्दू ही असामाजिक तत्व हैं और फिर इस बातका क्या तुक है कि घर-वापसी करने वाला असामाजिक तत्व नहीं रहेगा। आवश्यकता इस बीमार सोचको बदलनेकी है कि धर्मके आधारपर व्यक्तिकी नीयतको समझा जा सकता है।

धर्मके आधारपर व्यक्तिको अच्छा-बुरा इंसान मानने-बनानेकी मानसिकताको बदलनेकी आवश्यकता है। बरसों पहले एक फिल्म देखी थी, जिसमें एक बच्चेको गाना सुनाकर यह बताया जा रहा था कि उसकी सही पहचान उसका इंसान होना ही है-तू हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा। इंसानकी औलाद है, इंसान बनेगा। यह इंसान होना ही व्यक्तिकी सच्ची और पहली पहचान है। कोई भी व्यक्ति हिन्दू या मुसलमान होनेसे पहले कुछ तो था। इस कुछको समझनेकी आवश्यकता है। यही कुछ व्यक्तिके इंसान होनेकी पहचान है। आज आवश्यकता इस पहचानको बनाये रखनेकी है-मंदिर-मस्जिद तो बादके हैं/हम उससे पहले भी तो थे/हम उससे पहले जो भी थे/उस सचको जिन्दा रखना है।

आज इस 'सच' को समझनेकी आवश्यकता है-यह सच हमें बताता है कि हमारा हिन्दू या मुसलमान होना अथवा सिख या ईसाई होना, एक संयोग मात्र है। मेरा जन्म जिस परिवारमें हुआ, वह मेरे धर्मका आधार बन जाता है, परन्तु व्यक्तिके इंसान होने और इंसान बने रहनेकी कोशिश करनी पड़ती है। जब कोई मुसलमान पूरी निष्ठा और आस्थाके साथ मां दुर्गाकी मूर्ति बनाता है तो वह अपने इंसान होनेका प्रमाण दे रहा होता है और यही बात उस हिंदू मांपर भी लागू होती है, जो अपने बेटेको ताजियेके जुलूसमें ले जाकर उसकी बेहतरीकी दुआ करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघके सरसंघचालक मोहन भागवतने कुछ अर्सा पहले न्यूयॉर्कके एक सम्मेलनमें कहा था कि जो हिन्दू यह मानता है कि मुसलमानोंको भारतसे बाहर निकाल देना चाहिए, वह हिन्दू नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दू शब्दको एक विशेष भाषा, पूजा-पद्धति या जीवनशैलीतक सीमित नहीं किया जा सकता। इसमें इंसानोंकी तमाम विविधताएं शामिल हैं। इस विविधताका सम्मान होना चाहिए। यह विविधता इंसानकी ताकत है। मोहन भागवतकी किसी बातसे आप असहमत हो सकते हैं, परन्तु उनकी यह बात सोचनेके लिए बाध्य करने वाली है कि भारतमें जन्म लेने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है। इस हिन्दूको भारतीय कहकर हम अनावश्यक विवादोंसे बच सकते हैं। हमें इस बातपर गर्व करना चाहिए कि हमारा भारत बहुधर्मी है।

●●●● ●●●● ●●●●

नयी इस्पात नीति से चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा



नयी दिल्ली। प्रस्तावित राष्ट्रीय इस्पात नीति से चक्रीय अर्थव्यवस्था और देश में मूल्यवर्धित इस्पात उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस्पात उद्योग से जुड़े हितधारकों ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि इस नीति में भारतीय इस्पात उद्योग द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने पर भी जोर दिया गया है। आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पंकज मल्हन ने कहा कि मसौदा नीति में पुरानी रिफ़ैक्टरी सामग्री को दोबारा काम में लाने और कच्चे माल के तौर पर मैग्नेसाइट की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी गई है। यह कदम मजबूत और प्रतिस्पर्धी इस्पात उद्योग परिवेश विकसित करने के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है। बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हर्ष बंसल ने कहा कि नीति में इस्पात उद्योग के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसमें मूल्यवर्धित और इस्पात परत वाले उत्पादन पर जोर देने के साथ द्वितीयक इस्पात उत्पादकों को प्रोत्साहित करने पर भी ध्यान दिया गया है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार राजीव मैत्रा ने कहा कि नीति में चार चरणों के माध्यम से वर्ष 2047 तक इस्पात क्षेत्र की औसत कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 2.54 टन कार्बन डाइऑक्साइड प्रति टन कच्चे इस्पात से घटाकर लगभग 1.54 टन करने की परिकल्पना की गई है। कामधेनु समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि उत्पादन क्षमता बढ़ाने, कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण, विशेष इस्पात और कार्बन उत्सर्जन में कमी पर जोर देने से देश में एकीकृत इस्पात उत्पादकों तथा द्वितीयक इस्पात विनिर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। सरकार ने कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2047 तक बढ़ाकर 60.4 करोड़ टन करने, उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और आयात से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से नई इस्पात नीति का मसौदा जारी किया है।

डीएलएफ का आवासीय बिक्री, बेहतर मार्जिन और किराये से आय वृद्धि पर जोर- त्यागी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड लक्जरी आवासों की मजबूत अग्रिम बिक्री, बेहतर लाभ मार्जिन और वाणिज्यिक संपत्तियों से किराये की आय बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक त्यागी ने शनिवार को यह बात कही। त्यागी ने बाजार विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि कोरोना महामारी के बाद शुरू की गई आवासीय परियोजनाओं के अगले कुछ वर्षों में पूरा होने पर कंपनी का राजस्व उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद कंपनी अपने खातों में उनसे होने वाली आय दर्ज कर सकेगी। उन्होंने कहा, हमारे कारोबार को आगे बढ़ाने वाले तीन प्रमुख कारक हैं- चुनिंदा आवासीय उत्पादों की मजबूत अग्रिम बिक्री, नकदी और लाभ मार्जिन में अच्छी वृद्धि तथा किराये से होने वाली आय के कारोबार में वृद्धि। त्यागी ने भरोसा जताया कि कंपनी इन तीनों प्रमुख कारकों के आधार पर वृद्धि हासिल करने में सफल रहेगी। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 4,457 करोड़ रुपए की संपत्तियों की बिक्री की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 में करीब 20,000 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य रखा है। डीएलएफ के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) बादल बागड़ी ने कहा कि कंपनी ने सितंबर तिमाही में एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन कंपनी की संपत्तियों की गुणवत्ता, योजनाबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने, ब्रांड की मजबूती और विकास परियोजनाओं तथा नियमित आय देने वाले कारोबार में पूंजी के विवेकपूर्ण आवंटन को दर्शाता है।

नेस्ले इण्डिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर पर एफएसएसएआई का बड़ा एक्शन, भ्रामक दावों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी

नयी दिल्ली। देश में खाद्य सुरक्षा पर नज़र रखने वाली संस्था स्नस्र्द्ध (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) ने कड़ा रुख अपनाते हुए दिग्गज कंपनियों नेस्ले इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई भ्रामक दावों और सरकारी नियमों की अनदेखी करने पर की गई है। इसके साथ ही, खाद्य सुरक्षा से जुड़े गंभीर नियमों को तोड़ने पर %सुखदर्शन फार्मा% और बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में नियामक ने बताया कि हिंदुस्तान यूनिलीवर अपने प्रसिद्ध हेल्थ ड्रिंक्स- हॉर्लिक्स विमेंस प्लस (चॉकलेट) और %हॉर्लिक्स मदर्स प्लस (केसर) -के प्रचार में ऐसे दावे कर रही थी जो उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं। कंपनी ने इन प्रोडक्ट्स में हड्डियों को मजबूत बनाने, नवजात शिशु के सही वजन और नो एडेड शुगर जैसे बड़े-बड़े दावे किए थे। एफएसएसएआई की जांच में ये सभी दावे या तो भ्रामक पाए गए या फिर खाद्य सुरक्षा के तय पैमानों पर खरे नहीं उतरे। अथॉरिटी ने कंपनी से एक तय समय-सीमा के भीतर इस पर जवाब मांगा है। दूसरी ओर, नेस्ले इंडिया और दो अन्य डेयरी उत्पादक कंपनियों को नेस्कैफे रेडी-टू-ड्रिंक कॉफी की लेबलिंग और इंटरनेट पर दिए गए विवरण में गड़बड़ी के चलते नोटिस थमाया गया है। जांच में पाया गया कि प्रोडक्ट के डिब्बे पर लिखी जानकारी और सरकार के पास दर्ज उसकी कैटेगरी आपस में मेल नहीं खा रही थीं इतना ही नहीं, नेस्ले के एक अन्य प्रोडक्ट रिसोर्स रीनल वैनिला फ्लेवर पाउडर को लेकर भी नोटिस जारी हुआ है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने से गेहूं 10/15 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। जबकि मोटे अनाजों में मांग बढऩे से मक्की-बाजरा व ज्वार के भाव 50/200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि दाल मिलों की मांग कमजोर होने से मसूर के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से राजमा की कीमतों में 300 रुपये क्विंटल की तेजी रही। खाद्य तेलों में आपूर्ति कमजोर होने से राइसब्रान ऑयल, बिनौला तेल के भाव 20/50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि उठाव न होने से सरसों तेल में 50 रुपये की नरमी रही। ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से चीनी 100 रुपये प्रति क्विंटल दब गई। जबकि आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। किराना जिंसों में मांग बढऩे से धनिया, जीरा, हल्दी के भाव 200/900 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण मगजतरबूज की कीमतों में 15 रुपये की सुर्खी रही। मेवों में घटे भाव पर ग्राहकी निकलने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया के भाव 25 रुपये प्रति किलो बढ़ गए।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने से गेहूं 10/15 रुपये मुलायम होकर मिल डिलीवरी 3060/3065 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3070/3075 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। ग्राहकी निकलने से ज्वार 100/200 रुपये तेज होकर पीली 3000/3100 रुपये तथा सफेद 3900/4100 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मोटे अनाजों में बिकवाली कमजोर होने से मक्की 50 रुपये बढक़र 2700/2825 रुपये तथा बाजरा 50/75 रुपये बढक़र 2600/2625 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से मोटी मसूर 150 रुपये घटकर 6050/6075 रुपये तथा छोटी 8200/9400 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। इसके विपरीत दाल मिलों की मांग बढऩे से अरहर रंगून 50 रुपये बढक़र 9950/9960 रुपये प्रति क्विंटल



हो गई। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से राजमा के भाव 300 रुपये बढक़र ब्राजील इंडियन 12800/13100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।

तेल-तिलहन

रिफाइंड वालों की मांग बढऩे तथा आपूर्ति कमजोर होने से बिनौला तेल 50 रुपये बढक़र 15250 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। राइसब्रान ऑयल भी बिकवाली घटने से 20 रुपये बढक़र 12870 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से सरसों तेल 50 रुपये घटकर 17900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। विदेशों में सीपीओ के भाव 1245 डॉलर प्रति टन बोले जाने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव 12000 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। जबकि औद्योगिक मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से अखाद्य तेलों की कीमतों में स्थिरता रही।

गुड़-चीनी

ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने तथा रीसेलरों की बिकवाली आने से चीनी 100 रुपये मुलायम होकर 6000/6200 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। महाराष्ट्र में भी नया सीजन शुरू होने के कारण बिकवाली बढऩे से चीनी के भाव 100 रुपये घटकर एस-ग्रेड 5192/5292 तथा एम-ग्रेड के भाव 5342/5452 रुपये प्रति क्विंटल रह गये। उत्तर प्रदेश की मंडियों से नए मालों की आवक न बढऩे तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ पेड़ी के भाव 5900/6000 रुपये तथा ढैया के भाव 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

किराना-मेवे

स्टाकिस्टों की लिवाली बढऩे से हल्दी 800/900 रुपये बढक़र ईरोड 22700/22800 रुपये तथा सेलम फली के भाव 23600/28600 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। धनिया भी बिकवाली कमजोर होने से 200 रुपये बढक़र बादामी 17800/18100 रुपये तथा ग्रीन माल के भाव 19100/21200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। पूछपरख बढऩे से सौंफ के भाव 200/300 रुपये बढक़र 14900/28200 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मगजतरबूज भी हाजिर में माल की कमी के कारण 15 रुपये बढक़र 680/685 रुपये प्रति किलो हो गया। निचले स्तर पर आयातकों की बिकवाली घटने तथा मांग निकलने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया 25 रुपये बढक़र 1025/1125 रुपये प्रति किलो हो गई।

सर्राफा

विदेशों के मंदे समाचार आने तथा मांग कमजोर होने से सोने के भाव 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 1500 रुपये प्रति किलो घट गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 20 डॉलर घटकर 4165 डॉलर प्रति ओंस रह जाने तथा मांग कमजोर होने से सोना 800 रुपये गिरकर किलोबार 150000 रुपये तथा स्टैंडर्ड 150750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। विदेशों में चांदी के भाव भी 70 सेंट घटकर 5700 सेंट प्रति ओंस रह जाने से चांदी हाजिर 1500 रुपये गिरकर 216500 रुपये प्रति किलो रह गई। स्टोरिया लिवाली घटने से चांदी वायदे में मंदे का रुख रहा।

अदालत का फैसला, बजट भाषण आईडीबीआई बैंक विनिवेश में नीति के क्रमिक विकास को दर्शाते हैं- मंत्रालय

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि आईडीबीआई (निरसन) अधिनियम, 2003 का विधायी इतिहास, दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले और लगातार आम बजट भाषण से आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश की दिशा में सरकार की नीति के क्रमिक विकास का पता चलता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को लगभग 53,000 करोड़ रुपए में आईडीबीआई बैंक की 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दी थी। यह सौदा भारत के वित्तीय क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश और देश के बैंकिंग निजीकरण अभियान में एक बड़ा मील का पत्थर है। आईडीबीआई बैंक में सरकारी हिस्सेदारी घटाने से संबंधित विधायी घटनाक्रमों पर एक स्पष्टीकरण में मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 दिसंबर, 2018 को फैसला सुनाया था कि आईडीबीआई (निरसन) अधिनियम, 2003 में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड में सरकार की हिस्सेदारी कम करने पर कोई रोक नहीं है। उल्लेखनीय है कि आम बजट 2003 की चर्चाओं और आईडीबीआई (निरसन) अधिनियम, 2003 पर संसदीय बहस के दौरान सरकार ने एक संशोधन पेश किया था, जिसमें सरकारी हिस्सेदारी में कमी को सीमित करने की बात कही गई थी। हालांकि, यह संशोधन खारिज हो गया था और लागू कानून का हिस्सा नहीं बन सका था। इसके बाद, दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन बनाम भारत संघ तथा अन्य मामले में 17 दिसंबर, 2018 को फैसला सुनाया कि आईडीबीआई निरसन अधिनियम, 2003 की भाषा में कोई अस्पष्टता नहीं है और उक्त अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान जोड़ने की कोई गुंजाइश नहीं है जो सरकार को आईडीबीआई लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी कम करने या बेचने से रोकता हो। संसद में लगातार पेश किए गए बजट भाषणों में भी आईडीबीआई बैंक के कायाकल्प और रणनीतिक विनिवेश को लेकर सरकार की नीति को दोहराया गया था। वित्त वर्ष 2016-17 के आम बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि आईडीबीआई बैंक के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

अमेरिकी पाबंदियों से छूट के बाद भारत जारी रखेगा रूसी तेल का आयात

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल के प्रमुख खरीदारों पर एक नए कानून के तहत अनिवार्य प्रतिबंधों और शुल्कों से छूट दिए जाने के बाद विश्लेषकों का मानना है कि भारत मौजूदा स्तर के करीब ही रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ट्रंप ने %लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट% के तहत लगाए जाने वाले प्रतिबंधों, पाबंदियों और शुल्कों से छूट देते हुए शुक्रवार देर रात एक कार्यकारी आदेश जारी किया। यह कदम कानून लागू करने की 30 दिवसीय समयसीमा खत्म होने से ठीक एक दिन पहले उठाया गया। उन्होंने इस कानून पर 18 सितंबर को हस्ताक्षर किए थे। यह छूट केवल भारत के लिए नहीं है और इससे चीन को भी लाभ मिल सकता है। यह आदेश प्रशासन को बाद में इस पर पुनर्विचार करने का अधिकार भी देता है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाले आंकड़ों से पता चलता है कि भारत इस साल औसतन 18 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) के साथ समुद्री मार्ग से रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक रहा है, जो चीन (12 लाख बीपीडी) से अधिक है। इटली, तुर्किये और नीदरलैंड शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। ऊर्जा शोध संस्था केपलर को उम्मीद है कि अक्टूबर में आयात 18-19 लाख बीपीडी के आसपास बना रहेगा। हालांकि, यह मात्रा साल के मध्य के उच्चतम स्तरों से काफी कम है। भारतीय आयात जून में 26 लाख बीपीडी और जुलाई में 25.7 लाख बीपीडी के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। विश्लेषकों का कहना है कि इस छूट के साथ तेल रिफाइनरी कंपनियों द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखने की संभावना है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा कि इस विधेयक के तहत भारत को 100 प्रतिशत तक के संभावित शुल्कों का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि वह रूसी तेल के शीर्ष पांच वैश्विक खरीदारों में शामिल है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी
(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांकः- 4964/183काम-वा0वृत्त/2026-27 दिनांकः 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रु0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में										
विधानसभा सैयदराजा										
1	चन्दौली	उकनी यादव बस्ती से दूदौली राजभर बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	69.50	5.48	Rs. 2714.00 (Including GST)	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B,C

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.10.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।)

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:-258638 दिनांक-17.10.2026 वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी
(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांकः- 4919/183काम-वा0वृत्त/2026-27 दिनांकः12.10.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रु0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में										
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)										
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली में स्थित चन्दाइत ग्राम में डी0आर0ए0ए0 इन्डस्ट्रीयल एरिया पार्क के पहुंच मार्ग का चार लेन में निर्माण कार्य।	186.00	11.30	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B
2	चन्दौली	विकास खण्ड सदर के ग्राम सभा कुरहुआ में मझुई चन्दौली मार्ग से नए सरकार के कुटिया से होते हुए जसवंत सिंह के खेत तक।	91.00	6.55	Rs. 2714.00 (Including GST)	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.10.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।)

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:-258639 दिनांक-17.10.2026 वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1633/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांकः- 26.09.2026

मैनुअल निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु एस0बी0सी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0 के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
विधान सभा शाहगंज वि0नि0 योजना के 05 कार्य (2026-27)									
01	जौनपुर	विकासखण्ड सुइथाकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिरेली में शशि तिवारी के घर से यज्ञ नारायण तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 160 मी0	8.898	0.44490	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकासखण्ड सुइथाकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालापुर में दयाराम यादव की गौशाला से पारस यादव के घर तक सी0सी0रोड का निर्माण कार्य 90 मी0	6.618	0.33090	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
03	जौनपुर	विकासखण्ड सुइथाकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत ईशापुर में अहियाई सम्पर्क मार्ग से ब्रहमचारी दूबे के घर होते हुए डावर तक इन्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 150 मी0	7.016	0.35080	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
04	जौनपुर	विकासखण्ड खुटहन अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसूलपुर पाल बस्ती में रामधारी पाल के घर से बलिराम/अनिल गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 180 मी0	8.310	0.41550	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
05	जौनपुर	विकासखण्ड खुटहन अन्तर्गत ग्राम पंचायत शाहबुद्दीनपुर उमरौली में मेन रोड से लालमणि के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 100 मी0	5.900	0.29500	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

06 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए कालम सं0 5 में वर्णित है।
07 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं ली जा सकती।
08 कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding documents) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, के कार्यालय के कार्यालय से जैसा कि कालम 8 में पता अंकित है, से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 22.10.2026 से 06.11.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 4:00 बजे के मध्य (अवकाश दिवस को छोड़कर) कालम संख्या 5 में अंकित धनराशि के अनुसार नकद या किसी भी शिड्यूल कामर्शियल बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखड-जौनपुर के पक्ष में जौनपुर में, भुगतान हेतु देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड की अवस्था में ड्राइंग सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से जैसा कि कालम सं0 8 में दर्शाया गया है, से सम्बन्धित कार्य हेतु प्राप्त की जा सकती है।
09 निविदायें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखड-जौनपुर के कार्यालय, जौनपुर के कार्यालय जिनका पता कालम सं0 8 में अंकित है, को दिनांक 07.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से दोपहर 12:00 बजे तक डाली जाएगी। निविदायें उसी कार्यदिवस अर्थात दिनांक 07.11.2026 को विकास भवन जौनपुर पंचम तल स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर यदि कार्यालय बन्द रहता है तो निविदायें अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर प्राप्त व खोली जायेगी तथा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी, जो टी-1 के साथ संलग्न रहेगा।
10 अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

Email: eeredjaunpur@gmail.com
Mob 9801208240

उ.प्र.:- 258469
दिनांकः- 16.10.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चन्दौली
(pwdchandauli.cd@gmail.com)

पत्रांकः- 2300/4ए./26-27 दिनांकः- 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में 'ए' श्रेणी में रोड साइनेज श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करनें नियमों से अवगत हो लें।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0)	धरोहर धनराशि लाख रू0	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह)	अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8
	जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना (विधान सभा चकिया)-						
1	चन्दौली	अहरौरा चकिया इलिया मार्ग। (सैदूपुर, चकिया, शिकारगंज, अमरा, अहरौरा, इलिया) पर रोड सेफ्टी का कार्य।	19.89	1.99	944.00 (Including GST)	03 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली
2	चन्दौली	लेवा-इलिया मार्ग। (लेवा, उतरौत, तियरा, शहाबगंज, कलानी, इलिया बाजार) पर रोड सेफ्टी का कार्य।	10.51	1.05	856.00 (Including GST)	03 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश सं0-879(1)/23-7-2020, दिनांक-25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदा की धरोहर धनराशि शासनादेश सं0-63/78-2-2018-42आई0टी0/2017टी0सी0 दि0 07.02.2018 के क्रम में इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर भुगतान की जायेगी।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक-21.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक-28.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक-28.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक-28.10.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो उसे http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in पर Login करें।

उ.प्र.:- 258525
दिनांकः- 16.10.2026

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चन्दौली

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चन्दौली
(Email ID:-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांकः- 4870/183काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 08.10.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रु0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में										
विधानसभा सकलडीहा										
1	चन्दौली	आलमपुर खानजहांचक आलमपुर मार्ग का निर्माण।	88.00	6.40	Rs. 2714.00 (Including GST)	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B
2	चन्दौली	जलालपुर से हुण्डरहा सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	63.00	5.15	Rs. 2714.00 (Including GST)	06 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B,C
3	चन्दौली	चन्दौली में चहनिया ब्लाक के पूरागनेश में बुढवा बाबा मंदिर से पुराविजयी मिष रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	102.00	7.10	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A, B

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.10.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.10.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच कर ली गयी है, जो सही है।)

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:- 258527
दिनांकः- 16.10.2026

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

विंध्य त्रिकोण में उमड़ रही आस्था की भीड़

दो साल में ६० प्रतिशत बढ़े श्रद्धालु, शक्तिपीठ सर्किट का केंद्र बनेगा विंध्याचल

मीरजापुर। विंध्याचल में धार्मिक पर्यटन तेजी से विस्तार कर रहा है। मां विंध्यवासिनी, मां काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से विंध्य त्रिकोण धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2023 में तीनों मंदिरों में करीब 1.15 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे, जबकि 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 1.84 करोड़ हो गया। इस तरह दो वर्षों में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मां विंध्यवासिनी धाम में वर्ष 2023 में करीब 73 लाख, 2024 में 78.15 लाख और 2025 में लगभग 1.20 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। जनवरी से अगस्त 2026 तक करीब 90 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद से नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। सरकार की इस पहल से होटल, परिवहन, खानपान, फूल-माला और प्रसाद कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था के लिए भी नए अवसर पैदा कर सकती है।



दर्शन करने पहुंचे विदेशी भक्त। छाया:आज

काली खोह और अष्टभुजा में भी बढ़ी भीड़

मां काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिरों में वर्ष 2023 में करीब 42.36 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। 2025 में यह संख्या बढ़कर लगभग 64 लाख हो गई। पारंपरिक विंध्य त्रिकोण परिक्रमा मां विंध्यवासिनी मंदिर से शुरू होकर काली खोह होते हुए अष्टभुजा मंदिर तक पूरी होती है।

208 करोड़ से अधिक के विकास कार्य

विंध्याचल में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिरों के विकास पर करीब 208.09 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें संपर्क मार्ग, परिक्रमा पथ, मंदिर परिसर और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। वहीं, मां काली खोह क्षेत्र के विकास के लिए 35.50 करोड़ रुपये की परियोजना अक्टूबर में निविदा प्रक्रिया तक पहुंची।

धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विंध्याचल को विस्तारित शक्तिपीठ सर्किट का प्रमुख केंद्र बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने वाराणसी-विंध्याचल और लखनऊ-वाराणसी-विंध्याचल-प्रयागराज को जोड़ने वाले विशेष टूर पैकेज भी शुरू किए हैं।

चुनार में मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में स्थापित

चुनार। तहसील क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ शुरू हो गई है। नगर क्षेत्र में चुनार रेलवे स्टेशन सराय टेकौर व गांधी मैदान बेलबीर एबकपुर मोहाना सहित दर्जनों स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के रैपुरिया पटेल व निषाद बस्ती, जमुई, जमुहार, खानजादीपुर, नुआव, शुकुलपुरा, कैलहट, चुनार नगर पालिका के पास, दुमदुमा और रामसरोवर आदि स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित की गई हैं। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति ने प्रतिमाएं पंडाल में स्थापित की। अष्टमी पर मां दुर्गा की आरती में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी, फिर प्रसाद बांटा गया रैपुरिया और आसपास के गांवों में रंग-बिरंगे पंडाल सजे हैं, जहां नौ दिनों तक रामायण पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

सपा की बैठक में शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव पर मंथन

मीरजापुर। शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव पर रविवार को सपा के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर बैठक हुई। बैठक में शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव पर कार्यकर्ताओं के बीच मंथन किया गया। बैठक में चुनाव प्रभारी सपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद फतेहपुर नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों के सम्मान, उनके अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार में सहायता प्राप्त शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने सहित शिक्षा मित्रों के हित में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सदैव शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों, नौजवानों और बेरोजगारों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरना होगा। स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से निरंतर संपर्क स्थापित करने, मतदाता सूची का गहनता से अवलोकन करने और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक प्रयास करने होंगे। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, एकजुटता और जिम्मेदारी के साथ चुनावी अभियान में जुटने का आह्वान किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही चुनावी सफलता का आधार है।

विंध्याचल में दर्शन करने आये श्रद्धालु की बोलेरो चोरी

विंध्याचल। कोतवाली क्षेत्र के पटेगरा नाला पुल के पास से शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे श्रद्धालु की बोलेरो चोरी हो गई। बिहार के आरा निवासी अभिनव कुमार सिंह अपने मित्रों के साथ अष्टमी पर मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के लिए आए थे। रात करीब दो बजे उन्होंने पटेगरा नाला पुल के पास गाड़ी खड़ी की और गंगा स्नान व दर्शन के लिए चले गए। इसके बाद अष्टभुजा देवी मंदिर जाने पहुंचे तो बोलेरो गायब मिली। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देने के बाद विंध्याचल कोतवाली में लिखित तहरीर दी। थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

दों लाख श्रद्धालुओं ने शीतला धाम में टेका मत्था

अनुमान से अधिक भीड़ होने पर पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

सीखड़। क्षेत्र में स्थित जगत जननी मां शीतला के अदलपुरा धाम में शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि को दों लाख श्रद्धालुओं ने पहुंच कर मत्था टेक मन्नतें मांगी। धाम में शनिवार की देर रात से ही आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भोर होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मन्दिर की तरफ जाने वाली गलियां भक्तों की भीड़ से गुलजार रही। जय माता दी की जयकारे से समूचा मन्दिर परिसर गूंजायमान रहा। जैसे ही मंगला आरती के बाद मां का कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोला गया, भक्तों का रेला मां का दर्शन पाने के लिए उमड़ पड़ा। विभिन्न प्रकार के पुष्पों एवं रत्नजड़ित आभूषणों से सुसज्जित आदिशक्ति मां जगदम्बा के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर भक्त निहाल हो उठें। पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, धूप दीप नैवेद्य मां के चरणों में अर्पित कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। धाम में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उपजिलाधिकारी अनेग सिंह, क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव, चुनार थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह, चौकी प्रभारी कुमार संतोष मय पुलिस बल विमलेश सिंह, धनंजय राय, आशीष गुप्ता, रामजी यादव मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

अधिकारियों ने की दो पहिया वाहनों की चेकिंग

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने थाने के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शनिवार को शाम विभिन्न कमियों के तहत 11 दो पहिया वाहनों को सीज व चालान किया है। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष अदलहाट वैद्यनाथ सिंह व क्षेत्राधिकार चुनार गायत्री यादव की मौजूदगी में हुई। वाहन पर तीन सवारियां बैठाने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने, गाड़ियों के कागजातों के अभाव में सख्त कार्यवाही करते हुए की गई है। थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि इस चेकिंग से लोगों में भय का वातावरण बनेगा, जिससे वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आदत बनेगी व दुर्घटनाओं की रोकथाम होगी।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश के पैतृक आवास में चोरी

दस कमरों और छह अलमारियों के ताले टूटे, जांच करने पहुंची एसपी

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के खैरा गांव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय के पैतृक आवास में चोरी की घटना सामने आई है। वारदात की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर आवास पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, स्थानीय पुलिस, फोरेंसिक टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि खैरा स्थित पैतृक आवास पर उनके बड़े भाई माताम्बर उपाध्याय रहते हैं। एक अन्य बड़े भाई सेवानिवृत्त जिला जज हैं, जबकि छोटे भाई प्रयागराज हाईकोर्ट में न्यायाधीश हैं। श्रीकृष्ण उपाध्याय स्वयं मिर्जापुर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बड़े भाई माताम्बर उपाध्याय 20 सितंबर को इलाज कराने के लिए अपने बेटे के पास गाजियाबाद गए थे। सोमवार को घर पर पोते का मुंडन संस्कार और पूजा-पाठ का कार्यक्रम पहले से निर्धारित था। शनिवार शाम जब वह घर लौटे तो चोरी की घटना देखकर हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। श्रीकृष्ण उपाध्याय के मुताबिक, चोरों ने घर के मुख्य गेट सहित 10 कमरों और छह अलमारियों के ताले तोड़ दिए। घर में रखे दो बड़े टेलीविजन और फ्रिज को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके अलावा पीतल, फूल, तांबा और कस्कुट के बर्तन भी चोरी कर लिए गए। इनमें शादी-विवाह के दौरान मिले बर्तन भी शामिल थे। परिवार के अन्य सदस्यों के पहुंचने और सामान का मिलान करने के बाद ही चोरी गई संपत्ति की वास्तविक कीमत का पता चल सकेगा। जिगना थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि माताम्बर उपाध्याय की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कही है।


घटनास्थल पर जुटी भीड़। छाया:आज

छह पूजा पंडालों में स्थापित हुई मां की प्रतिमा

नरायनपुर। पुलिस चौकी नरायनपुर क्षेत्र के बैकुंठपुर व नरायनपुर में शारदीय नवरात्र में छः जगहों पर पूजा पंडाल में माता के प्रतिमा स्थापना के साथ दर्शन पूजन विधि विधान के साथ प्रारंभ किया गया। नव ज्योति दुर्गा पूजा समिति रेलवे क्रासिंग के पास, श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड,श्री डीह बाबा दुर्गा पूजा समिति बैकुंठपुर, श्री दुर्गा पूजा समिति शंकर जी मंदिर के पास बैकुंठपुर, नव युवक दुर्गा पूजा समिति रेलवे स्टेशन भितरी बाजार, श्री दुर्गा पूजा समिति फाटक पार नरायनपुर में पूजा पंडाल में माता की मनमोहक प्रतिमा स्थापित स्थापित की गयी है। पूजा समितियों ने आकर्षक पूजा पंडाल के निर्माण के साथ माता की दिव्य प्रतिमा, मनमोहक विद्युत सजावट व भजन कीर्तन संगीत के माध्यम से पूरे बाजार को भक्ति मय कर दिया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।बाजार के सड़कों पर दोनों किनारे खिलौने व फुलकी चाट की दुकानें सज गयी है। समितियों की ओर से शाम को महा आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पूजा समितियों के गोबिंद शंकर ओझा,कमलेश यादव, प्रभाल सिंह, दिलीप जायसवाल, मनीष अग्रहरी, सुमित जायसवाल, दिनेश चौरसिया, मुन्ने सरदार, अशोक केशरी, कुशल जायसवाल, राकेश जायसवाल, रवि गुप्ता, कवि गुप्ता, कैलाश जायसवाल, राघवेन्द्र पांडेय, मनोज गुप्ता आदि लोग व्यवस्था में लगे रहे।



बाल लोकगीत गायकों ने दी प्रस्तुति, झूमे श्रोता

इमिलियाचट्टी। क्षेत्र के भुड़कुड़ा, रानीपुर, पटिहटा, खुटहां, भगौती देई और सोनवर्षा खुर्द सहित कई गांवों में सप्तमी पर दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई गई। पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा, वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। सोनवर्षा खुर्द गांव के पंचायत भवन पर जय मां दुर्गा पूजा समिति की ओर से आकर्षक पंडाल बनाया गया। लाइट और झालरों से सजे पंडाल में दर्शन-पूजन के लिए आसपास के गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। सप्तमी पर वाराणसी से आए नौ वर्षीय बाल कलाकार रामकृष्ण ने अपनी छह वर्षीय जुड़वां बहनों के साथ भजन और लोकगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बिहार के गया जिले के रहने वाले रामकृष्ण सात भाषाओं में भजन और लोकगीत गाते हैं। कम उम्र में ही उन्हें बड़े मंचों पर सम्मान मिल चुका है। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा राज्यमंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर भजन-लोकगीत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ऋषभ पटेल ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामललित सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

चक्कर आने से गिरा व्यक्ति, हालत गंभीर

हलिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार दोपहर करीब अचानक चक्कर आने से एक व्यक्ति फर्श पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सिर में गंभीर चोट को देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हलिया स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निवास करने वाले राजू 45 को अचानक चक्कर आ गया और वह फर्श पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार और फार्मासिस्ट अजय कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों ने घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार करते हुए सिर में गंभीर चोट को देख बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि राजू स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के पति हैं और परिसर में ही रहते हैं। अचानक चक्कर आने से गिरकर उनके सिर में चोट लग गई थी।

आरोग्य मेले में २२९ मरीजों का हुआ उपचार

हलिया। स्थानीय विकास खंड के पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 229 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श लिया इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया औरआवश्यक दवाएं दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने स्वस्थ्य केंद्र में 51 मरीजों उपचार किया इसी प्रकार मतवार में डॉक्टर कामेश्वर तिवारी की देख रेख में 43, मरीजों का इलाज किया गया। वहीं, बरौंधा में 45, ड्रमंडगंज में 49 तथा मड़पेली में 41 मरीज पहुंच कर इलाज कराया पांचों स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 229 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे मरीजों को सामान्य बीमारियों के उपचार और चिकित्सकीय परामर्श के लिए दूर दराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर लापरवाही करने के बजाय समय से चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए, जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान और उपचार किया जा सके। पांच केंद्रों पर कुल 229 मरीजों का उपचार किया गया है।

संक्षेप

सुरक्षा के मद्देनजर ली उपनिरीक्षकों की बैठक

अदलहाट। स्थानीय थाने के थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह ने रविवार को दुर्गा पूजा के सुरक्षा के मद्देनजर थाने में तैनात सभी उपनिरीक्षकों व आरक्षीयों के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि दुर्गा पूजा स्थलों पर बने पंडालों पर अनियमितताओं के चलते प्रदेश व अंतर प्रदेशों में तमाम अप्रिय घटनाएं घट रही हैं। वहीं, पूजा व मेला की आड़ में अवांछनीय तत्व भी सक्रिय हो जा रहे हैं, जिससे पुलिस निगरानी के बावजूद भी चोरी छिनैती दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती है। इससे निजात पाने के लिए उपनिरीक्षकगण अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पूजा स्थलों पंडालों पर पूजा कमेटियों से संपर्क कर खास तौर से हाईवे या अन्य सड़कों के किनारे लगे पंडालों पर बैरिकेटिंग अवश्य करा दें, जिससे सड़क से चल रहे वाहनों से सुरक्षित रहे और हर पूजा स्थल पर भीड़ को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा का इंतजाम हो। यदि ऐसा नहीं पाया गया तो संबंधित उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

साड़ी में सांप लिपटते देख महिला की बिगड़ी तबियत

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव में शनिवार की रात साड़ी में सांप लिपटने की घटना से 26 वर्षीय महिला नीलम पांडेय घबरा गईं। परिजन उन्हें रात करीब नौ बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद करीब दो घंटे तक निगरानी में रखा। हालत सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात नीलम पांडेय को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। परिजनों के अनुसार, उनकी साड़ी में सांप लिपट गया था। जांच के दौरान शरीर पर कहीं भी सर्पदंश के निशान नहीं मिले। इसके बावजूद एहतियात के तौर पर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पर दो घंटे तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। स्थिति सामान्य रहने पर उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी गई।

छानबे क्षेत्र में रामलीला की धूम

छानबे। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रामलीला का मंचन धूमधाम से किया जा रहा है। विहसड़ा बाजार की प्रसिद्ध रामलीला में लंका दहन का भव्य मंचन हुआ। वहीं कटरा सर्रीई की श्री बजरंग रामलीला समिति सहित गौरा, श्रीनिवास धाम, तिवारीपुर मवैया, पाली, खम्हरिया दमुआन, बजटा और गोगांव में राम-सुग्रीव मित्रता व सीता की खोज का मंचन किया गया। खैरा, बदेवरानाथ, सिकरा कला और नरैनी सहित कई स्थानों पर भी रामलीला के विभिन्न प्रसंग प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शनिवार को कहीं सीता की खोज तो कहीं राम वन गमन का मंचन हुआ। रामलीला समितियों ने अतिथियों और दर्शकों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित भी किया।

अदवा नदी से निकलकर सड़क पर पहुंचा विशाल मगरमच्छ

हलिया। वन क्षेत्र के भटवारी गांव में शनिवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अदवा नदी से निकलकर करीब आठ फीट लंबा मगरमच्छ बासु मौर्य के होटल के पास घर के समीप सड़क पर पहुंच गया। रात में टॉर्च की रोशनी में मगरमच्छ दिखाई देते ही परिजनों में दहशत फैल गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया और रस्सी की सहायता से उसे ददरी बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आबादी के बीच सड़क पर विशाल मगरमच्छ पहुंचने से ग्रामीणों में काफी देर तक भय का माहौल बना रहा।

आरोग्य मेले में नहीं हुई सीबीसी-एलएफटी जांच, मरीज लौटे

छानबे। क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। हालांकि, किट उपलब्ध नहीं होने के कारण सीबीसी और एलएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांच नहीं हो सकी। इससे कई मरीजों को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा। लैब टेक्नीशियन राम मिलन ने बताया कि किट की कमी के कारण कुछ जांचें नहीं हो पा रही हैं, जबकि टाइफाइड, मलेरिया और डेंगू सहित अन्य जांच की जा रही हैं। मेले में कुल 66 मरीजों का उपचार किया गया। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में डॉ. कविता पांडेय ने 11, विजयपुर सर्रीई में डॉ. राम सिंह ने 20, नरोइया में पीयूष दीक्षित ने चार, बिरौरा में 10, कुशहा में फार्मासिस्ट सिद्धनाथ दुबे ने 11 और अकोढ़ी में डॉ. सोनिया दुबे ने 10 मरीजों का इलाज किया। मेले में सर्दी, बुखार, खुजली और पेट दर्द से पीड़ित मरीज पहुंचे।

रत्नेश नगर संघटन प्रभारी नामित

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की संस्तुति पर पूर्व नगर अध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव को खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए नगर संगठन का प्रभारी नामित किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उनसे नगर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव संचालन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा की है।

महानिशा पूजन को लेकर विशेष चौकसी

विन्ध्याचल । शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर्व पर मां विन्ध्यवासिनी दरबार में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई । प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो भक्तों की संख्या पांच लाख के पार रहो । शनिवार की रात्रि से उमड़ी भीड़ रविवार की शाम तक स्थापित दिखी । दर्शनार्थियों की कतारे टूटने का नाम नहीं ले रही थी । तीर्थपुरोहितों की माने तो यह सिलसिला सोमवार तक यूँही बना रहेगा । हवनकुंड में नवमी तिथि पर पूर्णाहुति के पश्चात ही श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव कम होगा । मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले सभी प्रमुख मार्गो पुरानी विशिष्ट मार्ग , न्यू विशिष्ट मार्ग , कोतवाली मार्ग , पक्का घाट मार्ग तथा जयपुरिया गली में लंबी लंबी कतारें देखने को मिली । प्रत्येक मार्गो गलियों में स्थित दुकानदारों के चेहरे प्रसन्नता से खिले नजर आए । हर दुकानों में श्रद्धालु कुछ न कुछ खरीददारी करते नजर आए । भीड़ की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार , पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मेलाप्रभारी नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सहित सभी जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आज खूब मेहनत करना पड़ा । पंडा समाज के पदाधिकारी अपनी अपनी टीम के साथ दर्शनार्थियों की सेवा में तल्लीन दिखाई दिए । डीएम एसपी ने सपरिवार मां विन्ध्यवासिनी का चरण पूजन भी किया । महानिशा पूजन को लेकर पुलिस / प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखा । तंत्र पूजन के विशेष स्थानों शिवपुर रामगया घाट पर स्थित मां तारा मंदिर , अष्टभुजा मंदिर के पास स्थित भैरो कुंड , मोतियातालाब, गेरूआतालाब इत्यादि स्थानों पर विशेष सुरक्षाबल की तैनाती की गई थी । महानिशा पूजन के लिए देश के कोने कोने से साधकों का जमावड़ा लगा रहा । त्रिकोण मार्गों पर दिन रात त्रिकोण यात्री नंगे पांव त्रिकोण परिक्रमा करते नजर आए । भारी भीड़ के दृष्टिगत जगह जगह अवरोधक लगाकर आवश्यकतानुसार भीड़ का डायवर्जन किया जा रहा था । समस्त गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की संख्या काफी ज्यादा दिखाई दे रही थी ।



साधकों ने यंत्र-तंत्र-मंत्र से किया महानिशा का पूजन

अष्टमी पर विंध्य की कंदराओं पर लगा साधकों का तांता

विंध्याचले शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर मां विंध्यवसिनी के दरबार लाखो श्रद्धालुओ ने दरबार मे मत्था टेका । सुबह मंगला आरती से देर रात ताल दर्शन पुका। का शिलशिला चलता रहा ।दोपहर राजश्री आरती, शाम को संध्या आरती और रात में बड़ी आरती के बाद भी दर्शन पूजन चलता रहा । अष्टमी तिथि पर पूरे दिन वीआईपी मार्ग से जाने को होड़ लगी रही । अष्टमी तिथि पर अष्टभुजा पहाड़ पर महानिशा का पूजन करने को साधकों का हुजूम उमड़ पड़ा 7 साधकों ने विधि-विधान से अर्धरात्रि में राम गया घाट, भैरव कुंड सहित अष्टभुजा पहाड़ की कंदराओ व गुफाओं में महानिशा का पूजन किया। विंध्याचल के पहाड़ पर जगह जगह आसन लगाकर बैठे साधक यंत्र तंत्र मंत्र के माध्यम से साधना करने में तल्लीन नजर आए 7 शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर महानिशा की पूजन करने के लिए विंध्य के पहाड़ पर दूरदराज से आए साधकों का जमावड़ा लगा रहा 7 देश के कोने-कोने से आए साधकों ने विधि-विधान पूर्वक भैरव कुंड, राम गया घाट और अष्टभुजा पहाड़ पर जगह जगह बैठकर बड़े ही भक्ति भाव से महानिशा का पूजन किया 7 महानिशा पूजन पर उमड़ी साधकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम कराए गए थे ताकि साधकों और उपासकों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े । अष्टभुजा पहाड़ पर महानिशा का पूजन देखने के लिए विंध्याचल सहित नगर के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि रविवार को सूर्यास्त होते ही अष्टभुजा पहाड़ के त्रिकोण मार्ग पर गहमागहमी काफी बढ़ गई थी। त्रिकोण मार्ग पर विभिन्न मंदिरों में तंत्र साधना का अद्भुत अनुष्ठान साधकों द्वारा किया गया। अष्टभुजा पहाड़ पर महाकाली मंदिर, तारा देवी मंदिर, काल भैरव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दूर दूर से आए तांत्रिकों, साधकों ने विधि-विधान पूर्वक महानिशा की विशेष पूजा अर्चना किया।

भदोही में सूबेदार सिंह तोमर और हंडिया में शैलेंद्र तिवारी बने अध्यक्ष

मीरजापुर। अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण संगठन की ओर से संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गईं। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता सुनील कुमार पांडेय ने भदोही में सूबेदार सिंह तोमर को युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष तथा प्रयागराज जनपद की हंडिया तहसील का अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी को मनोनीत किया। दोनों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि समाजसेवियों को संगठन से जोड़कर इसका विस्तार करने का अभियान लगातार जारी है। आने वाले दिनों में अधिक से अधिक लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई जाएगी, ताकि सामाजिक सरोकारों और मानवाधिकार संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिल सके।

१२ घंटे में मिला लापता बालक

मीरजापुर। लालगंज पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए सात वर्षीय लापता बालक को 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों से मिला दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की। पुलिस के अनुसार, संतोष कुमार पुत्र ज्वाला बनवासी, निवासी घुमचिया बहुती, थाना लालगंज के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन तथा अधिकारियों के पर्यवेक्षण में तलाश अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। मामले में विवेचक उपनिरीक्षक गुरुप्रसाद सिंह आगे की विधिक कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस ने अपील की है कि कोई बच्चा अकेला या बिछड़ा मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा यूपी-112 को सूचना दें।

राम सुग्रीव का हुआ मिलन

चुनार। नगर में श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय रामलीला मंचन के 15 वें दिन शनिवार की रात गोला साहबराम स्थित प्रसिद्ध रामलीला मंच पर सेवरी मिलन, सुग्रीव मिलन, बालि सुग्रीव युद्ध, सुग्रीव तिलक आदि लीला का मंचन किया गया। लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नगरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों से लीला प्रेमी पहुचें और लीला मंचन को देखा। लीला में समर्थ वैद्य(राम), अश्विनी दूबे (लक्ष्मण), गोविंद जायसवाल (सेवरी), उज्ज्वल केशरी (सुग्रीव), प्रतीक गुप्ता (बालि) समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने (हनुमान) का अभिनय बखूबी निभाया।

शारदीय नवरात्र : अष्टमी पर देवी मंदिरोंमें उमड़ा आस्था का सैलाब

लगी रही लम्बी कतारें, मंदिरोंमें गूंज रहे थे सप्तशतीके श्लोक, शंख ध्वनिसे माहौल हुआ धर्ममय

जौनपुर। वासंतिक नवरात्र की अष्टमी पर देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शीतला चौकिया धाम में भोर से ही इतनी लंबी कतार लगी कि श्रद्धालुओं को दो-चार घंटे बाद ही दर्शन मिल सका। यही हाल मां शारदा पीठ मैहर मंदिर परमानतपुर में भी रहा। नवरात्र की चढ़ती-उतरती व्रत रहने वालों ने भी श्रद्धा व भक्ति के साथ देवी की पूजा किया। मंदिरों में सप्तशती के श्लोक गूंज रहे थे तो घंट-घड़ियाल और शंख ध्वनि से माहौल धर्ममय हो गया। कई स्थानों पर मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का आयोजन किया गया। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी स्वरूप के पूजन का विधान है। देवी मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही कतारबद्ध हो गए। पचरा और देवी गीत से माहौल धर्ममय हो गया। मां को कड़ाही चढ़ाने के साथ ही मुंडन आदि संस्कार संपन्न कराए गए।



शीतला चौकिया धाम परिसर भोर से ही मां के जयकारे से गूंजने लगा। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। साढ़े चार बजे मां का पट खुलते ही दर्शन को लालायित श्रद्धालु उमड़ पड़े। धाम परिसर मां के जयकारे से गूंज उठा। भोर से ही सुल्तानपुर,अंबेडकरनगर, अकबरपुर, फैजाबाद आदि जनपदों से बसों द्वारा श्रद्धालु धाम में जयघोष करते हुए पहुंचे। यह सिलसिला रात तक चलता रहा। नगर के परमानतपुर स्थित मां शारदा शक्तिपीठ पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नगर के मड़ियाहूं पड़ाव स्थित सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित मां दक्षिणा काली मंदिर में भी दर्शन-पूजन करने वालों की भीड़ रही। शीतला चौकिया धाम परिसर में व्रती महिलाओं ने मां के आठवें स्वरूप महागौरी के दर्शन-पूजन के बाद



अन्न, वस्त्र व नकदी दान दिया।

सिकरारा संवाददाता के अनुसार :शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर सिकरारा क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। क्षेत्र के सार्वजनिक मां नव दुर्गा पूजा सेवा समिति श्री शिव रघुबीर धाम बलुआ लखेसर के अलावा शाहपुर, हरिरामपुर, खपरहा समेत विभिन्न बाजारों और गांवों में दुर्गा पूजा पंडाल सजाए गए हैं। आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नवरात्र की अष्टमी तिथि को विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई घरों में कन्या पूजन और हवन की भी तैयारी की गई। इस मौके पर ब्रह्मदेव तिवारी विनोद तिवारी सत्यनारायण तिवारी संतोष मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र तिवारी सुरेंद्र तिवारी माता सेवक तिवारी लल्लन प्रसाद तिवारी हरिहर तिवारी आशुतोष तिवारी पवन तिवारी सुरेंद्र तिवारी कड़े दिन तिवारी विनय तिवारी का भारी सहयोग मिल रहा है । शाम होते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही और बढ़ गई। दुर्गा पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। गांवों और बाजारों में नवरात्र को लेकर उत्सव जैसा माहौल है। श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति की प्रार्थना कर रहे हैं।

एक नज़र इधर भी

नवरात्रि की अष्टमी पर शशी यादव ने कराया कन्या भोज

खुटहन। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर रविवार को इमामपुर गांव स्थित राधा वल्लभ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन शशि यादव ने कॉलेज परिसर स्थित हनुमान मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान कन्याओं को विधिवत भोजन कराने के साथ ही श्रद्धा और भक्तिभाव से उनकी पूजा-अर्चना की गई।



सभी कन्याओं को दान स्वरूप धनराशि भी प्रदान की गई। संस्था की चेयरपर्सन शशि यादव ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन हमारी आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। उनके पूजन और सम्मान से आध्यात्मिक शांति के साथ सुख-समृद्धि एवं खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी में संस्कार, सेवा और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है। कन्या भोज के दौरान संस्थान परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

निर्वाचन कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर। विधान परिषद निर्वाचन-2026 के तहत खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पाल एन की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे से साढ़े तीन बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कृष्ण करुणाकर पांडेय ने निर्वाचन संबंधी दायित्वों एवं प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रश्नोत्तर सत्र में अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान सतर्कता बरतने और अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनरों ने मतपेटिका खोलने-बंद करने तथा पेपर सील लगाने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ठ, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

बदलापुर। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से डीडीयू 2.0 के तहत बदलापुर में संचालित केंद्र पर 16 अक्टूबर को मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रशिक्षार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। साइबर विशेषज्ञ प्रदीप कुमार बरनवाल ने प्रशिक्षार्थियों को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा अपना ओटीपी, पिन और अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह ने साइबर अपराधों और सोशल मीडिया पर होने वाली अनैतिक गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परियोजना से जुड़े स्टाफ सदस्य रचना नंदा, महेंद्र शुक्ला, सौम्या सिंह, अंकिता सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बाजारों में मिलावटी मिठाइयों की बिक्री का आरोप

जमालापुर। रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर, गोपालापुर और रामपुर बाजार में मिलावटी रेडीमेड मिठाइयों की बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। आरोप है कि बाहर से तैयार मिठाइयां मंगाकर बेची जा रही हैं, जिनकी गुणवत्ता और शुद्धता की जांच जरूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारों के मौसम में मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ इनके दाम भी बढ़ा दिए जाते हैं। मिठाइयों में खोया की जगह डालडा, सिंथेटिक दूध और अन्य मिलावटी सामग्री इस्तेमाल किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि खाद्य पदार्थों की जांच के बाद ही हो सकती है। जानकारों के अनुसार, दूषित या मिलावटी मिठाइयों के सेवन से फूड पॉइजनिंग और पेट संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच जरूरी है। स्थानीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बाजारों में नियमित जांच नहीं हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी से जमालापुर, गोपालापुर तथा रामपुर बाजार में मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच।

महिला को पीटा, सास-ससुर सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पवांरा। घरेलू विवाद को लेकर महिला को मारने-पीटने, गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने व सामान तोड़ने पर पुलिस ने सास, ससुर सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के रामपुर सवाई गांव निवासी एक महिला ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि 17 अक्टूबर की दोपहर करीब एक बजे घरेलू विवाद को लेकर ससुर राधेश्याम , सास सविता देवी व कुलदीप तथा अनुराधा उसको भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारेपीटे व घर का सामान तोड़ दिये तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मारने-पीटने से उसको चोटे आयी हैं। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराकर एवं उसकी तहरीर के आधार पर सास, ससुर सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आशा जनसहयोग सेवा ट्रस्ट के शिविर में ४३० लोगों की जांच

बदलापुर। आशा जनसहयोग सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार को प्राथमिक विद्यालय उदपुर गेल्हवा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 430 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद शर्मा और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक तिवारी ने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। वेलनेस ट्रेनर अंजलि सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। चिकित्सकों ने लोगों को आंखों और हड्डियों से संबंधित समस्याओं के प्रति सतर्क रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय से जांच कराने की सलाह दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष नभगेश शुक्ला ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ट्रस्ट की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले चिकित्सकों, वेलनेस ट्रेनर और सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया। ट्रस्ट की ओर से भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई।

बाक्सिंग में मोहम्मद हसन कालेज चैंपियन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीय महिला-पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता सत्र 2026-27 में मेजबान कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंकों के साथ चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीडी पीजी कॉलेज, जौनपुर की टीम 30 अंकों के साथ दूसरे तथा शिव गोविंद पीजी कॉलेज, मछलीशहर की टीम 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के खेल सचिव डॉ. शेखर सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



प्रतियोगिता में डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. शहनवाज खान, डॉ. कमरुद्दीन शेख और कॉलेज कोच मोहम्मद शफीक किरमानी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की जीत पर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है।

जटायु-रावण संवाद का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

मछलीशहर। नगर की ऐतिहासिक रामलीला आदर्श रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में जटायु रावण संवाद का मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और दर्शक भाव विभोर हो गए। मंचन के दौरान रामलीला परिसर जय श्री राम के जयकारों से गुंज उठा। आदर्श रामलीला समिति पुरानी बाजार द्वारा विगत 115वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। ऐतिहासिक आदर्श रामलीला समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली रामलीला नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्व पूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से लोगों को भगवान श्री राम के आदर्शों, धर्म, और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मंचन में रावण की भूमिका में धीरज अग्रहरि, जटायु में प्रमीत गुप्ता, सीता में अहम श्रीमाली, कौशल्या में राजेश गुप्ता रहे। शिवम, संदीप, अमन, मोनू रिंकू सहित अन्य ने अभिनय किया।



प्रभावशाली संवादों को देखकर अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रसंग को जीवंत कर दिया। जटायु रावण संवादों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला देखने के लिए नगर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। ऐतिहासिक आदर्श रामलीला समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली रामलीला नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्व पूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से लोगों को भगवान श्री राम के आदर्शों, धर्म, और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मंचन में रावण की भूमिका में धीरज अग्रहरि, जटायु में प्रमीत गुप्ता, सीता में अहम श्रीमाली, कौशल्या में राजेश गुप्ता रहे। शिवम, संदीप, अमन, मोनू रिंकू सहित अन्य ने अभिनय किया।

तीन दिन से लापता किशोरी का सुराग नहीं, गुमशुदगी दर्ज

मछलीशहर। नगर की एक नाबालिग किशोरी तीन दिन से लापता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की है। नगर के एक मोहल्ला निवासी पिता के अनुसार, उनकी 15 वर्षीय बेटी शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे मछलीशहर-सुजानगंज मार्ग स्थित अपने विद्यालय के लिए निकली थी। शाम तक वापस नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की। सहेलियों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। शनिवार शाम कोतवाली में किशोरी के पिता ने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

मयंक सिंह का एसआरजी पद पर चयन

मछलीशहर। ग्राम कुरनी, समाधगंज निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता तारकेश्वर सिंह के पुत्र मयंक सिंह का चयन बेसिक शिक्षा विभाग, हरदोई में स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) के पद पर हुआ है। चयन की खबर से गांव में खुशी है। एसआरजी के रूप में वे शिक्षकों को अकादमिक सहयोग देने और निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन में भूमिका निभाएंगे। राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रत्येक जनपद में तीन शिक्षकों का चयन एसआरजी के लिए किया जाता है।

दुर्गा पूजा में खलल डालने वालों पर होगी कारर्वाई- प्रभारी निरीक्षक

बरसठी। विकासखंड बरसठी के निगोह गांव में रविवार को नवदुर्गा पूजा के आठवें दिन प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव पुलिस टीम के साथ दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों से वार्ता कर शांतिपूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना, मेले के संचालन और प्रतिमा विसर्जन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल बिगाड़ने या दुर्व्यवहार करने पर उसके खिलाफ दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कमेटी से सतर्कता बरतने और विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

गैर इरादतन हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के परसादीपुर गांव में गुरुवार शाम जमीन संबंधी विवाद हुई मारपीट व इलाज के दौरान राज कुमार गोड़ की हत्या के मामले में आरोपित किए गए चार लोगों को पुलिस ने कीनाराम मठ से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। न्यायालय ने सभी आरोपितों को जेल भेज दिया। एस आई राजेश्वर पांडेय व सुरेश तिवारी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे थे इसी दौरान सूत्रों से जानकारी मिली कि हत्या में आरोपित हरिहरपुर स्थित कीनाराम मठ पर मौजूद हैं। पुलिस ने तत्परता से आरोपित परसादीपुर (उमरवार) निवासी राजकुमार वर्मा, राहुल वर्मा, राजीव वर्मा उर्फ राजू, रामप्रीत वर्मा उर्फ बद्धू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल विजय यादव और रिजर्व कांस्टेबल दुलेश चौधरी भी शामिल रहे।



निवेदिता जायसवाल बनीं 'परफॉर्मेंस ऑफ द ईयर'

शाहगंज। शिवब्रत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। 15 अक्टूबर को हुए सेमीफाइनल के पहले राउंड में ही निवेदिता जायसवाल का चयन हो गया। 16 अक्टूबर को दूसरे राउंड में निवेदिता अपनी कक्षा की विजेता बनीं। इसके बाद हुए बैटल राउंड में उन्होंने पूरे विद्यालय के प्रतिभागियों के बीच जीत हासिल की और 'परफॉर्मेंस ऑफ द ईयर' का खिताब अपने नाम किया। निवेदिता कक्षा 8 की छात्रा हैं। वह निहारिका ब्यूटी सैलून की प्रोपराइटर खुशबू जायसवाल की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

वेतन बिल जमा नहीं करने पर डीआईओएस सख्त, खाते के एकल संचालन का आदेश

आदर्श कन्या इंटर कालेज में तीन माह के वेतन बिल नहीं हुए प्रस्तुत, भुगतान में देरी पर की कारर्वाई

सरायख्वाजा। आदर्श कन्या इंटर कॉलेज खेतासराय में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी का मामला गंभीर हो गया है। बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद वेतन बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने विद्यालय के वेतन वितरण खाते का एकल संचालन करने का आदेश जारी किया है। अब अग्रिम आदेश तक वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), जौनपुर वेतन भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। डीआईओएस के मुताबिक विद्यालय की ओर से मार्च से मई 2026 तक के वेतन बिल कार्यालय में जमा नहीं किए गए। इसके बाद भी अद्यतन वेतन बिल उपलब्ध नहीं कराए गए। विभाग की ओर से कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इससे विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन भुगतान प्रभावित रहा। इस मामले में 25 जुलाई 2026 को सुनवाई निर्धारित की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रधानाचार्य उपस्थित हुईं, लेकिन संस्था प्रबंधक शामिल नहीं हुए। इसके बाद 12 अक्टूबर को आयोजित बैठक में संस्था प्रबंधक और प्रधानाचार्य को तत्काल अद्यतन वेतन बिल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके बावजूद बिल जमा नहीं किए गए। लगातार निर्देशों की अनदेखी और वेतन भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित होने के मद्देनजर डीआईओएस ने वेतन वितरण खाते के एकल संचालन का आदेश दिया। इसके लिए वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), जौनपुर को अग्रिम आदेश तक अधिकृत किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि संयुक्त शिक्षा निदेशक, वाराणसी मंडल समेत संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। इस सम्बंध में डीआईओएस देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कई बार निर्देश देने के बाद भी वेतन बिल प्रस्तुत नहीं किए गए। वेतन भुगतान प्रभावित होने के कारण विद्यालय के वेतन वितरण खाते के एकल संचालन का निर्णय लिया गया है।

सीओ सदर ने दुर्गा पंडालों में भ्रमण कर दिये आवश्यक निर्देश

बक्शा। नौपेड़वा बाजार में स्थापित दुर्गा पंडालों में सीओ सदर विजय चौधरी ने थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के साथ भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सार्वजनिक दुर्गा पंडाल पहुँचे सीओ ने दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों से सुरक्षा मानक की अनदेखी न करने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने विद्युत खंभों एवं विद्युत तारों के खुला न रहने करंट प्रवाह के प्रति सचेष्ट किया। उन्होंने प्रत्येक पूजा पंडालों में अग्नि शमन यंत्र रखने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद यादव, मुन्नीलाल कनौजिया, भैयालाल सोनकर, हिमांशू सिंह, अम्बिकेश द्विवेदी, रविन्द्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहें।



दाह संस्कार कर लौट रहे परिजनों की कार बिजली के पोल से टकरायी, चार घायल

बरसठी। परिवार में हुई मौत के बाद दाह संस्कार और अस्थि विसर्जन कराकर लौट रहे परिजनों की कार रविवार तड़के हादसे का शिकार हो गई,सरसरा गांव में सुबह करीब 4:30 बजे चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर संजय विश्वकर्मा के घर के सामने लगे बिजली के खंभे से टकरा गई टक्कर से खंभा टूटकर कार पर गिर पड़ा और बिजली की लाइन गाड़ी पर गिरने से उसमें आग लग गई, आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया और हादसे में घायल लोगों को बाहर निकाला गया जिसमें राकेश पांडेय उर्फ पप्पू एडवोकेट और, प्रीतम पांडेय के सिर में गंभीर चोटे आई, भरत शर्मा को हल्की चोटे और एक रिश्तेदार मुंह में गंभीर घायल हो गए। घायलों को मड़ियाहूं स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब सभी की हालत ठीक है कार में छह लोग सवार थे। जयप्रकाश पांडेय और कन्हैयालाल पांडेय को चोटें नहीं आईं,बताया गया कि परिवार के एक सदस्य की शनिवार सुबह ट्रेन हादसे में मौत हो गई थी। रामघाट, जौनपुर में दाह संस्कार के बाद वाराणसी से अस्थि विसर्जन कराकर परिजन घर लौट रहे थे। परिवार पर दु:खों का बोझ पहले ही था, इस हादसे ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी।



बुजुर्ग महिला को दबंगों ने पीट-पीट कर किया घायल, हालत गंभीर

पीड़िता की तहरीर पर पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार, एक फरार

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के हेमापुर तरहठी गांव में मकान बनवाने के लिए अपनी आराजी की सफाई कर रही एक बुजुर्ग महिला पर पडोस के ही आरोपित पांच लोगों द्वारा हल्ला बोलते हुए लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसमें वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस सम्बन्ध में पीड़िता की बहू अनिता मिश्रा पत्नी मंगेश मिश्रा द्वारा मुंगराबादशाहपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि 17 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे उसकी सास माला मिश्रा पत्नी लालचंद मिश्रा अपनी निजी जमीन पर मकान निर्माण के लिए साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही बृजेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, संतोष मिश्रा और राज मिश्रा वहां पहुंचते ही विरोध करने लगे। आरोप है कि आरोपितों ने एकजुट होकर माला मिश्रा के सिर पर ईंट-पत्थरों और डंडों से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गई तथा गिर पड़ीं। हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों को भी जान से मार डालने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया। जिसके कारण परिवार के लोग जान बचाकर घर में घुस गये। आरोपित गालियां देते तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिवार के लोगों ने घटना की सूचना मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदल बल मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने आरोपित बृजेश मिश्रा पुत्र हरिबरन मिश्रा, राकेश पुत्र चन्द्र भूषण, मुकेश मिश्रा पुत्र बृजेश मिश्र, संतोष मिश्रा पुत्र हरिबरन,राज मिश्र पुत्र बृजेश मिश्रा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 191(2) 109(1),115(2) 352 व 351(3) के तहत् मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पांच आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर 4 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया गया है तथा पांचवें अभियुक्त की तलाश में दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उसे भी गिरफतार कर लिया जाएगा।

अष्टमी के दिन दुर्गा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मुगलसराय। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पंडाल स्थापित कर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के बाद पूजन-अर्चन शुरू है जहाँ लोग पहुंचकर माँ दुर्गा का दर्शन कर रहे है। शाम को भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नियामताबाद क्षेत्र के कठौड़ी गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से शाम तक भक्त मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इससे पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा कर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के दर्शन कर रहे हैं। युवा और बच्चे भी उत्साह में हैं। कई लोग प्रतिमा के साथ सेल्फी लेते और तस्वीरें खिंचवाते दिखे। दुर्गा पूजा के साथ लगे मेले में भी रौनक है। यहां पकवानों और खाने-पीने की दुकानें सजी हैं, जहां लोग व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। यह मेला बच्चों और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। **चकिया प्रतिनिधिनुसार**- शारदीय नवरात्रि पर अष्टमी के दिन नगर सहित ग्रामीण इलाकों में देवी दर्शन के लिए नगर में दर्शनार्थियों की लगी रही कतार वहीं नगर में स्थित सहदुल्लापुर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा, बाल दुर्गा युवा पूजा समिति पुरानी सब्जी मंडी, नगर के महाराजा किला स्थित पूजा पंडाल, में मां दुर्गा की प्रतिमा, शारदीय नवरात्र के अष्टमी पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। अधिकांश लोगों ने व्रत रखकर श्रद्धा व विश्वास के साथ घरों व देवी मंदिरों सहित पूजा पंडालों में पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया। नगर के अलावा बैरी, मुबारकपुर, सिकंदरपुर, मुजफ्फरपुर हेतिमपुर, शिकारगंज,बलिया कला, मंगरौर सहीत स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चन किया। घरों में नौ दिन तक चलने वाले पूजा पाठ, जप, हवन का दौर जारी रहा। **सकलडीहा प्रतिनिधिनुसार**- शारदीय नवरात्र में कस्बा के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से वर्षों से नव दिवसीय मां के रूपों की झांकी सजायी जाती है। शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी को दिन माता महागौरी की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। शाम 7 बजे मां का पट खुलते ही भक्त जयकारा के साथ माताराणी के भव्य रूप का दर्शन कर निहाल होगये। इस दौरान चतुर्भुजपुर के डगरिया सरकार आश्रम और नागेपुर के दुर्गा मंदिर और काली मंदिर में दर्शन पूजन के लिये भीड़ उमड़ पड़ा था। शारदीय नवरात्र के महाष्टमी के दिन मां दुर्गा के नव रूपों में माता महागौरी देवी की झांकी सजाई गई। शाम 6 बजे से माता रानी के भव्य रूप का दर्शन पूजन के लिये महिलाये और ग्रामीण कतार में खड़े होकर पट खुलने का इंतजार में हाथ जोड़कर खड़े रहे। शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिर से लेकर मंदिर मार्ग पर दुर्गा मंदिर टिमिलपुर, नागेपुर और तेन्दुईपुर काली माता मंदिर और सकलडीहा काली माता मंदिर पर माता रानी की भव्य झांकी सजाई गई। दर्शन पूजन के दौरान माताराणी का पट खुलते ही जयकारा के साथ माता का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल होगये।







डालिम्स सनबीम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया डांडिया महोत्सव

सैयदराजा । डॉलिम्स सनबीम स्कूल, मरुई सैयदराजा में डांडिया महोत्सव का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या ''मेहरुनिशा'' तथा डायरेक्टर ''मोहम्मद रफीक अख्तर'' की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी सम्मिलित हुए और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। बच्चों के नृत्य, संगीत और पारंपरिक वेशभूषा ने पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। डांडिया महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना था। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए यादगार बन गया। अभिभावकों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। डॉलिम्स सनबीम स्कूल, मरुई सैयदराजा का यह आयोजन शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



डांडिया महोत्सव में महिलाओं ने दिखायी प्रतिभा

इलिया । इलिया स्थित संत कबीर एजुकेशन एकेडमी के मैदान में शनिवार को आदर्श महिला संगठन की ओर से डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया की धुन पर नृत्य कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने फीता काटकर किया। महोत्सव में महिलाओं ने समूह में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। नवरात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा की आराधना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। आयोजन में संगठन की पदाधिकारी सीमा गुप्ता, रानी देवी, संगीता देवी, किरणमाला , मंजू देवी, निरुपमा केसरी, सविता वर्मा, सीमा देवी,सहित महिलाओं ने भाग लिया।

बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

अलीनगर। थाना क्षेत्र के महेवा गांव के समीप नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में राहगीरों ने एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। अलीनगर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी कंचन यादव 38 वर्ष महेवा गांव के समीप एक निजी अस्पताल में अपनी मां का इलाज कराने के लिए गए थे। वापस लौटते समय वाराणसी की तरफ से आ रही बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। इस समय में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गगन राज सिंह ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं पड़ी है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आटो-इनोवा की टक्कर में महिला की मौत, दो घायल

इलिया । चकिया-इलिया मार्ग पर बरहुआ गांव के समीप रविवार को ऑटो और इनोवा कार की आमने-सामने टक्कर में मुन्नी देवी (65) की मौत हो गई, जबकि जामवंत (70) और गौरव (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अहरौरा थाना क्षेत्र के मूजडीह गांव निवासी दामोदर परिवार के साथ बिहार के चैनपुर स्थित हरसू ब्रह्म के दर्शन के लिए जा रहे थे। बरहुआ गांव के समीप पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रही इनोवा कार से उनके ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मुन्नी देवी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। इलाज के दौरान मुन्नी देवी की मौत हो गई, जबकि जामवंत और गौरव का उपचार जारी है। सैदूपुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ऑटो और इनोवा कार को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

संक्षिप्त

ऐतिहासिक विराट दंगल २१ को

कमालपुर। स्थानीय कस्बा का ऐतिहासिक विराट दंगल विजय दशमी बिहान 21 अक्टूबर को होने की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। समाजपार्टी के पूर्व सांसद जवाहरलाल जायसवाल द्वारा दंगल अखाड़े को पक्का छत देने का काम किया है जो इमाम बाड़ा के पास स्थित है जिस पर दंगल कराया जाता है। पुरानी परम्पराओं को जीवित रखते हुए हर साल विजयादशमी के दूसरे दिन विराट दंगल होता चला आ रहा है। प्रदेश के अलावा गैर प्रांत बिहार, बंगाल तथा पंजाब के पहलवान भाग लेते हैं। साधारणत: गाजीपुर, बनारस, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर तथा आजमगढ़ के पहलवान काफी संख्या में आकर कुश्ती लड़ते है।

प्रेमलता कनुडिया के निधन से शोक

मुगलसराय। सनबीम स्कूल मुगलसराय के चेयरमैन यदुराज कनुडिया की ९१ वर्षीय माता प्रेमलता कनुडिया का रविवार, 18 अक्टूबर की सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। हालांकि, हाल के दिनों में उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ था, लेकिन अचानक उनके निधन से परिजनों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। वह अपने पीछे तीन बेटियों, पुत्र यदुराज कनुडिया और बहू श्वेता कनुडिया (निदेशक) सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। निधन के समय पुत्र और बहू प्रदेश से बाहर थे। सूचना मिलने पर वे वापस घर पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 19 अक्टूबर को प्रात: 8:30 पर हरिश्चन्द्र घाट पर सम्पन्न होगा। प्रेमलता कनुडिया के निधन से परिवार में शोक का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



दुर्गा पूजा पर सजा नगर आकर्षण का केंद्र

सैयदराजा। शारदीय नवरात्र का दुर्गा पूजा का महापर्व सप्तमी को माँ दुर्गा जी का प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान पूर्वक पूजा-पाठ के साथ शुरू हो जाता है। नगर पंचायत सैयदराजा के पौहारी बाबा दुर्गा पूजा समिति, रेलवे फाटक, रामलीला मैदान व खोवा मंडी व वार्ड नम्बर तीन के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा पंण्डाल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया और पुरे नगर को रंग बिरंगे झालर लाईट से सजाया गया जिससे पुरा नगर खुब सूरत लग रहा था । पण्डाल के आसपास तरह तरह की दुकाने सज गयी और दुर्गा माता के दर्शन करने के लिए सप्तमी के रात से ही पण्डालो पर महिलाओं, पुरूषों के साथ बच्चे मेला देखने के लिए आये। पौहारी बाबा दुर्गा पूजा समिति का पण्डाल बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाया गया । पौहारी बाबा कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा उर्फ रोशन ने बताया कि पण्डाल की ऊंचाई लगभग 50 से 60 फीट तक उंचाई है। और पण्डाल के अंदर स्थापित मा दुर्गा और राक्षस महिषासुर का वध करते हुए दिखाया जा रहा जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

एयर शो: डीआईजी ने परखी सुरक्षा, यातायात व्यवस्था

मुगलसराय। आगामी एयर शो-2026 के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वैभव कृष्ण ने पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल की उपस्थिति में पचफेड़वा स्थित एसआरवीएस कॉलेज में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पुलिस बल की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 22, 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले एयर शो के दौरान दर्शकों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। डीआईजी ने निर्धारित पार्किंग स्थलों का प्रभावी उपयोग कराने, ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों की सतर्कता बनाए रखने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी निभाने को कहा। बैठक के बाद डीआईजी ने पचफेड़वा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त चकिया तिराहा, पड़ाव और पड़ाव चौराहे के आसपास के प्रमुख मार्गों एवं घाट क्षेत्र का जायजा लिया।

निर्माणाधीन विद्यालय का गिरा बारजा

चंदौली। सदर ब्लॉक के पड़या गांव में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत करीब 1.30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय का बारजा उद्घाटन से पहले ही गिरने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खुलती नजर आ रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि बारजा गिरने के दौरान कोई मौजूद नहीं था जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बालू, सीमेंट, गिट्टी और सरिया की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन से बन रहे विद्यालय के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना बेहद जरूरी है।

धराव ग्राम सभा सहित आस पास के मजरों में बजबजा रही नालियां

धानापुर । स्थानीय ब्लॉक के धराव व गांव के अन्य मजरो में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों का जीना मुहाल है। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं, गलियों में गंदा पानी और कूड़ा जमा है तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दो सफाईकर्मी नियुक्त होने के बावजूद भी गांव में सफाई करने के बजाय कुछ प्रभावशाली लोगो के यहां हाजिरी लगाकर लौट जातें है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों के मुताबिक धराव गांव सहित सीता पोखरी बाजार व गांव, बभनपुरा, छरबन्हिया, नई वस्ती, प्रसादपुर, रामजीयावन की मड़ई, दोनों हरिजन बस्ती दर्जनो गलियों में बनी नालियों की लंबे समय से नियमित सफाई नहीं हुई है। नालियों में कचरा और गंदगी जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित है। कई स्थानों पर गंदा पानी रास्तों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे संक्रमक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ गयी है। ग्रामीण ने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की जा चुकी है। उनका कहना है कि हर बार ठीक है, साफ करवा देंगे कहकर मामला टाल दिया जाता है, लेकिन गांव की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया।

मिलावटी खाद पदार्थों की जांच की मांग

चंदौली। दीपावली के आगमन को लेकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मिठाई कि दुकानों पर जाँच पड़ताल शुरू होने की चर्चा होने लगी है। लेकिन लोगों को कहना क्या कार्यवाही कि गई इसका ज्ञात नहीं हो पाता है। अब कार्यवाही पर लोगों कि टिकी है नजर। सकलडीहा प्रतिनिधिनुसार-नवरात्रि पर्व के बाद अब दीपावली की तैयारियां तेज हो गई हैं। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में मिठाई, खोवा, तेल, घी, मसाले और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। ऐसे में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाले खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। चतुर्भुजपुर, नोनार और तुलसी आश्रम,डेढ़ावल सहित आसपास के ग्रामीण बाजारों

कारवाई पर लोगों की नजर टिकी

में दुकानों की नियमित जांच और खाद्य पदार्थों के नमूने नहीं लिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की कार्रवाई सीमित दायरे में सिमटकर रह जाती है जबकि ग्रामीण बाजारों में भी खाद्य पदार्थों की बिक्री बड़े पैमाने पर होती है। दुकानों से नियमित नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच नहीं किए जाने से मिलावट की आशंका बनी रहती है। त्योहारों के दौरान अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में यदि कोई कारोबारी मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचता है तो इसका सीधा असर आम लोगों की सेहत पर पड़ सकता है। चतुर्भुजपुर, नोनार और तुलसी आश्रम, डेढ़ावल, डेढ़गांवा,जैसे बाजारों में भी खाद्य सुरक्षा विभाग को नियमित निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान चलाने की जरूरत है। केवल चुनिंदा दुकानों की जांच से मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। विभाग की जिम्मेदारी है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से कार्रवाई की जाए। दीपावली पर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ने के कारण खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। त्योहार के दौरान विशेष अभियान चलाकर मिठाई की दुकानों, किराना प्रतिष्ठानों और खाद्य पदार्थ बेचने वाले अन्य कारोबारियों की जांच की जाए। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने बताया कि जल्दी पत्र लिख कर विभागीय जांच पड़ताल कराया जाएगा।

बाल विवाह के खिलाफ किया गया जागरूक

चकिया। बाल विवाह सामाजिक कुरीति है, इसे रोकने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। इसी उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत पुलिस की ओर से नगर स्थित वार्ड नंबर 5 में मां काली जी मंदिर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक और बढ़ते बच्चे लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. चारु द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी चकिया अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें थाना चकिया की मिशन शक्ति टीम ने संबंधित विभागों और मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की परियोजना समन्वयक शहनाज बानो के सहयोग से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एएचटी प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव सहित मिशन शक्ति टीम के सदस्य और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

एरियर भुगतान,नियमित करने की मांग को लेकर अनुदेशकों का प्रदर्शन

सकलडीहा। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 14 वर्षों से कार्यरत अनुदेशको के लंबित अधिकारों, एरियर भुगतान एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर रविवार को सेवखर गांव स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अनुदेशकों ने मांगों को पूरा होने तक आन्दोलन जारी रखने की चेतावनी दिया। परिषदीय अनुदेशक उत्थान समिति के अनुदेशक शिक्षक विगत लगभग 14 वर्षों से विद्यालयों में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन आज भी उन्हें अपने भविष्य, सम्मानजनक मानदेय और सेवा की स्थिरता को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है। वर्षों से सेवा देने वाले अनुदेशकों की समस्याओं का स्थायी समाधान होना समय की मांग है। समिति की प्रमुख मांग है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 4 फरवरी 2026 को पारित आदेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश के अनुपालन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो तथा अनुदेशक शिक्षकों के लंबित एरियर का अविलम्ब भुगतान किया जाए। साथ ही वर्षों से कार्यरत अनुदेशकों को उनके वर्तमान पद पर ही नियमित किए जाने की मांग को गंभीरता से लेते हुए उचित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अनुदेशक शिक्षक केवल अपने आर्थिक हितों के लिए नहीं, बल्कि अपने सम्मान, सेवा-सुरक्षा और न्यायसंगत भविष्य के लिए यह संघर्ष कर रहे हैं। समिति लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। न्याय हमारा अधिकार हैए एरियर हमारा हक है और अपने पद पर नियमितीकरण हमारा संकल्प है। इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बीनू यादव , इंदुबाला, शशिकला सिंह, सोनी सोनकर अमरनाथ राय , नरेंद्र कुमार , प्रकाश सिंह , संतोष शत्रुघ्न सोनकर आदि दर्जनों अनुदेशक मौजूद रहे ।

समाजवादी व्यापार सभा की बैठक

मुगलसराय। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के दिशा निर्देश पर समाजवादी व्यापार सभा, चंदौली की अहम बैठक राम लक्ष्मी लॉन, मुगलसराय में आयोजित हुआ। जिसमें आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव, स्नातक एवं शिक्षक चुनाव और वाराणसी मंडल पीडीए व्यापार सभा सम्मेलन को लेकर चर्चा हुआ। प्रदीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश भर में व्यापारियों के साथ जो उत्पीड़न हो रहा है। इस सरकार में छोटे और खुदरा व्यापारी का व्यापार चौपट होता जा रहा है, जिलाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता अमरनाथ जायसवाल मोनू ने कहा कि इस भाजपा सरकार में हर प्रकार के छोटे और खुदरा व्यापारी परेशान हो गए हैं उनका व्यापार चौपट हो गया जब से भाजपा सरकार 2014 से देश से प्रदेश में आई है तब से सबसे ज्यादा परेशान मध्यम वर्ग के छोटे व्यापारी खुदरा व्यापारी हुए हैं। सरकार के ऑनलाइन और बड़े कारोबारी को एफडीआई में छूट देने की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान छोटे और खुदरा व्यापारियों का हुआ है। अमरनाथ ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया आप सभी एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं और व्यापारियों का व्यापार को बहाल को करें। शुभम चौहान जिलाउपाध्यक्ष, ओमवीर यादव जिलाउपाध्यक्ष, अब्दुल्लाह शेख जिलाउपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष चकिया, इंतखाब अंसारी विधानसभा अध्यक्ष सैयदराजा, बासु अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी, अजय जायसवाल जिला सचिव, मोहम्मद हुसैन जिला उपाध्यक्ष, बाबूराम सिंह जिला कोषाध्यक्ष,सोनू जायसवाल जिला सचिव पद पर नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश जायसवाल, गुलशेर सिद्दीकी,औसाफ अहमद गुड्डू रवि जायसवाल, दीपक गुप्ता, गुड्डू जायसवाल, संतोष जायसवाल, सरवन यादव, अखिलेश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बच्चों को किया जागरूक

इलिया । मिशन शक्ति के तहत थाना इलिया की ओर से खिलची राजडीहा गांव में रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां महिलाओं, बालिकाओं और बालकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इसे रोकने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। प्रभारी मिशन शक्ति असगर अली ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसे रोकने के लिए परिवार और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने महिलाओं और बच्चों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन की मदद लेने की अपील की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को महिला पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए 1930, आपातकालीन सहायता के लिए 112 और महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों से बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने की अपील की। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



संतोष मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

पड़ाव। जनसेवा और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को संतोष मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर, मड़िया नई बस्ती, जलीलपुर, पड़ाव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 150 मरीजों ने नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाइयों और विभिन्न स्वास्थ्य जांचों का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन अस्पताल के निदेशक एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. जी.डी. गुप्ता, वाइस मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता तथा अस्पताल प्रबंधक शाहिद खान की देखरेख में किया गया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की गई, जिससे शिविर में आए लोगों को सुचारु रूप से चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकीं। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें गैस्ट्रो सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. शाहरुख रऊफ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अनन्या अग्रवाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शाइस्ता खान तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. यश अग्रवाल शामिल रहे। चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया और जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में मरीजों के लिए लिवर, बीएमडी और ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही ईसीजी, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी आवश्यक जांचों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इससे क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने और जरूरी जांच कराने का अवसर मिला। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आमजन तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना अस्पताल की प्राथमिकताओं में शामिल है।

राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि, दशहरा पर्व

बबुरी। राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों एवं रामायण पर आधारित मनमोहक झांकियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति,धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के एमडी सर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी सर, डायरेक्टर श्रीमती प्रवीन रुस्तम, चेयरमैन एमडी शाह आलम, प्रधानाचार्या श्रीमती विभा सिंह एवं वाइस प्रिंसिपल मुकेश कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी पर आधारित शानदार नाट्य प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के स्वरूप में सजकर रामायण आधारित अनेक आकर्षक झांकियाँ प्रस्तुत कीं। बच्चों के अभिनय, नृत्य, संवाद एवं प्रस्तुति में उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की शानदार झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने शांति, सद्भाव, प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश भी दिया। इस अवसर पर समाजसेवी इजहार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विभा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं।



बिहार समाचार

अपहृत साक्षी बरामद, दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने थाना कांड संख्या 191/26 में अपहृत साक्षी कुमारी को बरामद कर लिया है। बरामद युवती को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 183 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए माननीय न्यायालय भेजा गया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुजानपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार उर्फ सुखाड़ी और धीरेन्द्र दुबे, दोनों पिता राम अवध दुबे, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास के रूप में हुई थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद उचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ मार्गरक्षी दल के माध्यम से न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया गया है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज है।

भोजपुरी साहित्य समिति ने मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिले के दिनारा प्रखंड के भलूनीधाम में श्री यक्षिणी भोजपुरी साहित्य समिति ने मनाया अपना 46वाँ स्थापना दिवस। स्थापना दिवस में आये बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह,दिनारा के विधायक आलोक कुमार सिंह,विधान पार्षद अशोक कुमार पाण्डेय तथा काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज से समिति ने भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की उठायी मांग। इन नेताओं ने भोजपुरी भाषा को सम्मान देने का दिया आश्वासन। राजेश्वर राज तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसपी जैन कॉलेज,सासाराम के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर गुरुचरण सिंह ने कहा कि देश की लगभग 25 करोड़ जनता भोजपुरी-भाषी है। यह भाषा अष्टम अनुसूची में शामिल होने का पूरा-पूरा अधिकार रखती है। आलोक सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भलूनीधाम के विकास के लिए मेरा हरसंभव प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रयास से अब हर वर्ष सरकारी स्तर पर 14 नवंबर को भलूनीधाम महोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर एक भोजपुरी कवि-सम्मेलन का भी आयोजन हुआ,जिसमें सरोज कुमार पंकज, पाण्डेय अकेला,रामकुमार मिश्र, ओमप्रकाश मिश्र,अनुराधाकृष्ण रस्तोगी,प्रो0 राजबहादुर राय,प्रो0 सुरेंद्र सिंह सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निजू कुमार राम तथा दयाशंकर मिश्र सहित अनेक कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को झूमने पर मज़बूर कर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी रामपुकार पाण्डेय उर्फ मान बाबा की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सर्वदेव ओझा ने की तथा संचालन किया युवा कवि अमर पाण्डेय ने।

डीएम-एसपी ने दुर्गापूजा अष्टमी के दिन सासाराम शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

डेहरी ऑन सोन (आससे.) |दुर्गापूजा तथा दशहरा को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। आज दुर्गापूजा अष्टमी के दिन जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र और पुलिस अधीक्षक, राज द्वारा सासाराम शहर के विभिन्न स्थलों एवं पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न मुहल्लों एवं चौकों के अनेक प्रमुख पूजा स्थलों का भ्रमण कर द्वय अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, आवागमन,सुरक्षा-व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं हेतु अधीनस्थ पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पूजा समितियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना है कि पूजा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। उन्होंने पूजा आयोजकों को निर्देश दिया कि पंडालों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। भीड़ प्रबंधन,प्रवेश तथा निकास की समुचित व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा,सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा अन्य आवश्यक इंतजामों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क एवं तैयार रहें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी बनाये रखने का निर्देश दिया,ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पूजा-अर्चना कर सकें और पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1,भूमि उप समाहर्ता सासाराम तथा विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे,शांति एवं सौहार्द के साथ दुर्गापूजा मनायें तथा पर्व को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

संक्षिप्त

गठबंधन में पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ेगी आजाद अधिकार सेना

लखनऊ (आससे)। आजाद अधिकार सेना पंजाब स्थिति देश प्रेमी पार्टी के साथ मिलकर आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ेगी। यह निर्णय आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर तथा देश प्रेमी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष हीरक जोशी के बीच हुई बातचीत के क्रम में आपसी सहमति के आधार पर लिया गया है। यह गठबंधन पंजाब विधानसभा की सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। आपसी सहमति से हीरक जोशी को चुनाव हेतु गठबंधन का संयोजक बनाया गया है तथा पंजाब विधानसभा का पूरा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। गठबंधन के मूल सिद्धांत अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार का कड़ा विरोध, आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा, कानून के समक्ष समानता तथा पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन की स्थापना होंगे। गठबंधन का उद्देश्य आम जनता की आवाज को मजबूत करना, नागरिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना तथा राजनीति में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। गठबंधन ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें सत्ता और स्वार्थ के बजाय आम नागरिक के हित, न्याय और सुशासन को केंद्र में रखा जाए।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022454
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोनः- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

उत्तराखंडमें निवेशके नाम पर फर्जीवाड़ेका राहुलने लगाया आरोप

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार पर निवेश के नाम पर कथित फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे भाजपा के 'डबल इंजन' मॉडल का एक और नमूना बताया। राहुल गांधी के मुताबिक, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 1,779 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के जरिये 3.56 लाख करोड़ रुपये के निवेश का दावा किया गया था। इसके लिए आयोजित रोड शो पर जनता के करीब 100 करोड़ रुपये खर्च हुए। बाद में सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतरने की बात कही। राहुल गांधी ने मीडिया की एक रिपोर्ट के आधार पर इन दावों पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी के मुताबिक,

निवेशकोंकी मांगी सूची, धामी सरकारको घेरा



निवेशकों की सूची में आटा चक्कियों, खाद-बीज की दुकानों और छोटे क्लीनिकों को भी शामिल किया गया। उन्होंने दावा किया कि इनमें से कुछ लोगों को यह तक पता नहीं था कि उन्हें निवेशक के रूप में गिना गया है। राहुल गांधी ने इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार के निवेश संबंधी आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। हालांकि, ये आरोप राहुल गांधी की ओर से पेश किए गए हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि निवेश के आंकड़ों में 35,279 करोड़ रुपये सरकारी बिजली कंपनियों के हैं। यह कथित तौर पर जमीन पर उतरे निवेश के एक लाख करोड़ रुपये के दावे का करीब 35 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) और दान से चलने वाले एक स्कूल को 24.49 करोड़ रुपये का निवेशक बताया गया। राहुल गांधी ने इन उदाहरणों के जरिये सरकार के निवेश संबंधी दावों पर सवाल उठाए। राहुल गांधी के मुताबिक, 1,200 करोड़ रुपये के निवेशक के रूप में दर्ज एक कंपनी की चार साल से कोई कमाई नहीं हुई है। उनके दावे के अनुसार, रिकॉर्ड में इस कंपनी का एक भी कर्मचारी नहीं है। उन्होंने दुबई और लंदन में आयोजित रोडशो से 27,975 करोड़ रुपये के निवेश का दावा किए जाने पर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि जमीन पर उतरे निवेशकों की सूची में इन दोनों शहरों की एक भी कंपनी शामिल नहीं है।

जामिया में छात्र संघ चुनाव पर घमासान

नयी दिल्ली (आससे)। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे हटाया गया। इस कारवाई के बाद कैंपस के बाहर दिनभर हंगामा हुआ। छात्रों ने सुरक्षाकर्मियों पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है, जबकि प्रशासन ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इस घटनाक्रम के बाद कैंपस में तनाव बढ़ गया और पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बल तैनात किए गए। विवि प्रशासन ने दो छात्रों को निष्कासित कर दिया है। पांच छात्र सोमवार शाम से गुलिस्तां गालिब लॉन के गेट नंबर सात के पास भूख हड़ताल पर बैठे थे। इनमें मोहम्मद जासिम और एबिन की तबीयत अधिक खराब हो गई थी। छात्रों का आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 100 सुरक्षाकर्मी, जिनमें कुछ बिना वर्दी और मास्क लगाए थे, मस्जिद वाले गेट से दाखिल हुए। उन्होंने भूख हड़ताल स्थल की लाइट बंद कर दी और छात्रों को घसीटकर गेट नंबर सात तक बाहर निकाला। छात्रों को पुलिस के साथ एंबुलेंस में अस्पताल भेजा गया।

कोलकाता : भगदड़ के मामले में गिरफ्तार सात लोग अदालत में पेश

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के एक दुर्गा पूजा पंडाल में मची भगदड़ में हुई 19 लोगों की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किये गये सात लोगों को पुलिस ने रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शनिवार शाम बारिश के बीच उत्तरी कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भीड़ अचानक बढ़ जाने से मची भगदड़ में 25 लोग घायल भी हुए थे। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों को बैंकशाल अदालत ले जाया गया। हम उनकी हिरासत की मांग करेंगे। गिरफ्तार किये गये लोगों में पूजा समिति के सचिव, उपाध्यक्ष और एक निजी सुरक्षा एजेंसी के दो कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस ने इस संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए 'गैर-इरादतन हत्या' का एक मामला भी दर्ज किया है।

फर्जी वोट बनाने की साजिश कर रही भारतीय जनता पार्टी-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहने की नसीहत देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फर्जी वोट बनवाने की साजिश कर रही है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश यादव ने कहा भाजपा फर्जी वोट बनवाने की साजिश कर रही है। सत्तारूढ़ दल फर्जी वोट और बेईमानी को अपनी ताकत समझती है। यादव ने सपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा दस तरह की चुनावी चाल चलती है, मतदाता सूची में अपने नकली वोट जुड़वाती है और विरोधी दलों के असली वोट कटवाती है। यादव ने आम लोगों को भी सतर्क रहने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा कानून और संविधान को नहीं मानती तथा चुनाव जीतने के लिए बेईमानी करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी करती है। वोट चोरी और चंदा चोरी से जनता को सावधान रहना है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी के नेतृत्व पर झूठे आरोप लगाने को अपनी सफलता समझती है, लेकिन जनता उसकी बेईमानी और झूठ को समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बदनाम हो चुकी है और अब किसी तरह की मिलीभगत से चुनाव नहीं जीत सकती। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता भाजपा का सफाया करने के लिए चुनाव की तारीखों का इंतजार कर रही है। यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बजट की लूट, अन्याय और अत्याचार से त्रस्त है। उन्होंने भाजपा को भूमाफिया पार्टी करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग सत्ता के संरक्षण में गरीबों, असहायों और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्याय की गुहार लगाने वालों को उल्टा फंसा दिया जाता है और इस अन्याय में पुलिस भी भाजपा के सामंतियों के साथ खड़ी दिखाई देती है।

अभाविप ने लखनऊ में निकाली छात्र हुंकार रैली

लखनऊ (आससे)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने 'अराजकता छोड़ो, लोकतंत्र अपनाओ' के आह्वान के साथ रविवार को यहां छात्र हुंकार रैली निकाली। लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज स्थित गांधी चौक तक निकाली गई मताधिकार और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक असहमति का स्वागत है, लेकिन भीड़ के दबाव, अराजकता और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर सत्ता परिवर्तन का प्रयास स्वीकार्य नहीं है।

लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान

इस रैली में विद्यार्थियों और अभाविप कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। अभाविप की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, संगठन के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन का अधिकार केवल जनता के पास है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी तरह की अराजकता या दबाव की राजनीति स्वीकार्य नहीं है। सिंह ने कहा भारत का लोकतंत्र जनता के विश्वास, सिंह ने कहा कि बांग्लादेश और नेपाल के घटनाक्रमों से प्रेरित होकर भारत में भी अराजकता के माध्यम से सत्ता परिवर्तन की कल्पना करने वालों को समझना चाहिए कि देश का लोकतंत्र मजबूत है और यहां सरकारों का भविष्य जनता तय करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय और उत्तराखंड, केरलम व ओडिशा में छात्रसंघ चुनावों में अभाविप को मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं तथा 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ खड़े हैं।

कोलकाता : पूजा पंडाल भगदड़ मामला : टीएमसी के ममता गुटने शुभेंदु अधिकारी पर साधा निशाना

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत के बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और कोलकाता पुलिस पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने चोरबागान सार्वजनिन दुर्गोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक के तौर पर सूचीबद्ध मुख्यमंत्री के भतीजे देबदीप अधिकारी का नाम भी उठाया है। विपक्षी पार्टी ने घटना से निपटने के लिए प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े किए हैं। उसका आरोप है कि शनिवार शाम लोकप्रिय चोरबागान पूजा पंडाल में पर्याप्त भीड़ प्रबंधन, पुलिस की मौजूदगी और आपातकालीन इंतजामों की कमी ने इस त्रासदी में योगदान दिया। ममता की पार्टी ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट के जरिये आरोप लगाया कि जब पंडाल में हालात बेकाबू हुए, तब वहां पर्याप्त पुलिसकर्मी, नागरिक स्वयंसेवक और एंबुलेंस मौजूद नहीं थीं। पार्टी ने इन कथित कमियों को हादसे से जोड़ते हुए प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाये हैं। उत्तरी कोलकाता के एक सामुदायिक दुर्गा पूजा पंडाल में हुई भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि अचानक हुई बारिश, एक भ्रामक घोषणा और पंडाल परिसर में मौजूद सुरक्षा एवं प्रबंधन संबंधी गंभीर खामियों के कारण स्थिति बेकाबू हो गयी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अचानक हुई बारिश से इंतजार कर रहे लोग भींगने से बचने के लिए जल्दी से पंडाल के अंदर जाने की कोशिश करने लगे। पंडाल के अंदर पहले से मौजूद लोग बारिश की वजह बाहर नहीं आ रहे थे लेकिन इसे पूजा आयोजकों की ओर से कोई बहाना नहीं माना जा सकता। पूजा आयोजकों की ओर से भारी चूक हुई थी, जिसके कारण अफरा-तफरी मच गयी। जब बारिश की वजह से अफरा-तफरी शुरू हुई, तो एक भ्रामक घोषणा की गई जिसमें लोगों से कहा गया कि पंडाल का ढांचा गिरने के डर से वे तुरंत बाहर निकल जायें।

कोलकाता के बहु बाजार इलाके में अगले तीन दिन के लिए धारा 163 लागू

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय नंद ने 18 से 20 अक्टूबर 2026 तक शहर के बहु बाजार थाना क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। इसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने, लाठी या खतरनाक हथियार रखने और सार्वजनिक शांति या सद्भाव को बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि पर रोक लगा दी गई है। आदेश के मुताबिक, इस इलाके में 5 या अधिक लोगों के जुटने, रैली, धरना, प्रदर्शन, लाठी-हथियार लेकर चलने और शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर रोक रहेगी। प्रशासन को आशंका है कि कुछ संगठनों द्वारा हिंसक प्रदर्शन से कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। यह इलाका कॉलेज स्ट्रीट, सीआर एवेन्यू, कॉलूटोला स्ट्रीट और ईडन हॉस्पिटल रोड से घिरा है।

कोलकाता पुलिस के अनुसार, ये पाबंदियां बोबजार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले उस इलाके में लागू होंगी, जो कॉलेज स्ट्रीट, सीआर एवेन्यू, कोलोटोला स्ट्रीट और ईडन हॉस्पिटल रोड से घिरा हुआ है। इस आदेश के तहत, उक्त इलाके में पांच या उससे अधिक लोगों के गैर-कानूनी रूप से इकट्ठा होने, लाठी या कोई घातक/खतरनाक हथियार ले जाने और शांति भंग करने या सार्वजनिक व्यवस्था में खलल डालने वाली किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक लगाई गई है। पुलिस का यह आदेश कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ मचने के बाद आया है। शनिवार को हुए इस हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हुई। पुलिस ने इस मामले में स्वत- संज्ञान लेते हुए गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने घटना की जांच के सिलसिले में शनिवार रात 14 लोगों को हिरासत में लिया। इस मामले में पूजा आयोजकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम बारिश के बीच अचानक भीड़ बढ़ने से भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य लोग घायल हो गए।

शेष

ग्वालियर...

के साथ मिलकर राहत-बचाव अभियान चलाया। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ग्वालियर के एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह बेहद दुखद हादसा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतला माता मंदिर जा रहे थे। छिनोर की तरफ से आने वाली सड़क पर ढलान काफी तेज है और इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक है। एसएसपी के मुताबिक, रात करीब डेढ़ बजे धान से भरा ट्रक वहां रोका गया था। रास्ते पर पुलिस की ओर से बैरिकेड लगाए गए थे, लेकिन ट्रक बैरिकेड तोड़कर आगे निकल गया। इसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक ढलान से नीचे आया और मंदिर की बाहरी दीवार तथा प्रवेश द्वार से टकरा गया। इस दौरान सड़क पर मौजूद श्रद्धालु ट्रक के नीचे कुचल गये। एसएसपी ने बताया कि हादसे के समय मौके पर ड्यूटी कर रहे दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। उनके अनुसार, हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। शुरुआती जानकारी में 39 लोगों को अस्पताल ले जाने की बात सामने आयी थी। एसएसपी के बयान के समय 12 लोगों की मौत की जानकारी दी गयी थी, जबकि अब इस हादसे में मृतकों की संख्या 14 बतायी जा रही है। पांच से छह मरीजों की हालत गंभीर होने और कुछ घायलों को फैक्कर आने की भी जानकारी दी गयी थी। अन्य घायलों को भी इलाज मुहैया कराया जा रहा है। हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि घटना रात करीब एक बजे हुई। उसने मौके पर कुछ लोगों को दम तोड़ते देखा। चश्मदीद के मुताबिक, ट्रक में जरूरत से ज्यादा सामान भरा हुआ था। ट्रक अचानक वहां पहुंचा और कई दुकानों तथा लोगों को कुचलता चला गया। चश्मदीद ने बताया कि उसका भाई भी इस हादसे में घायल हुआ है। घटना के बाद से घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। लोग घायलों की मदद करने और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुटे थे। हादसे की भयावहता के कारण मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गयी। ग्वालियर की कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि नवरात्रि के दौरान इस सड़क पर स्टॉपर और पुलिस चेक-पॉइंट लगाया गया था। इसके बावजूद ट्रक वहां तक कैसे पहुंचा और बैरिकेड तोड़कर आगे कैसे निकल गया, इसकी जांच की जा रही है।

कांग्रेस संविधान...

मानहानि के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, जिनमें अमित शाह, मोदी जी और अन्य लोगों से जुड़े मामले शामिल हैं। कुल मिलाकर ये 45 मामले हैं। फिर भी, मैं हर मंच से कहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं, और ऐसा कहने के लिए मेरे खिलाफ कभी कोई मामला दर्ज नहीं किया जाता। क्या आप जानते हैं क्यों? क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे खास तौर पर वोट चोरी को लेकर कोई मामला दर्ज करते हैं, तो यह एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन जायेगी, और वे उसी में फंसकर रह जायेंगे। कांग्रेस ने इस अभियान के दौरान गोवा में जमीन के इस्तेमाल और भूमि परिवर्तन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने जैसे मुद्दे उठाये हैं। पार्टी का कहना है कि गोवा की जमीन, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति की रक्षा जरूरी है। यात्रा के जरिए कांग्रेस ने इन विषयों पर लोगों के बीच अपनी बात रखी और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने की कोशिश की। गोंय राखण यात्रा कांग्रेस का गोवा में चलाया गया जनसंपर्क अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की जमीन, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय पहचान से जुड़े मुद्दों को उठाना है। 22 सितम्बर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य की सभी 40 विधानसभा सीटों तक पहुंचने के लिए आयोजित की गयी है और आज मडगांव में राहुल गांधी की जनसभा के साथ इसका समापन होना है।

भदोही : सड़क...

पहना था। हादसे में जान गंवाने वाले सूरज अपने माता-पिता की इकलौती संतान और चार बहनों के इकलौते भाई थे। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां भी उन्हीं के कंधों पर थीं। उनकी बहन रोशनी की शादी नवंबर में तय है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिवार खुशियों के दिन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच सूरज की मौत की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। जिस घर में जल्द ही शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां चीख-पुकार मच गई। भाई की मौत से बहनों और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाल विजय प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों शवों को औराई थाने पहुंचाया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है, ताकि दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. नवनीत दुबे के अनुसार, तीनों युवकों की मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई। प्रारंभिक जानकारी में हादसे के समय तीनों के हेलमेट नहीं पहनने की बात सामने आई है। तेज रफ्तार, ओवरटेक करने का प्रयास और हेलमेट का अभाव हादसे से जुड़े महत्वपूर्ण पहलू हैं। हालांकि, दुर्घटना के पूरे घटनाक्रम और कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही के गंभीर परिणामों को सामने ला दिया है। तीन परिवारों ने अपने जवान बेटों को खो दिया, एक बहन की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और दो मासूम बेटियां पिता के स्नेह से वंचित हो गईं। मेदनीपुर गांव में हर आंख नम है और हर जुबां पर तीनों दोस्तों की असमय मौत की चर्चा है।

न डरेंगे, न पीछे हटेंगे...

का जिक्र करते हुए साफ कहा कि गिरफ्तारियों और हिरासत में लिए जाने जैसी कार्रवाइयों के बावजूद उनका हौसला कम नहीं हुआ है। उनका मानना है कि इन घटनाओं के जरिए उन पर दबाव बनाने और उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसी कोशिशों से उनका इरादा नहीं बदलेगा और वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। अभिजीत दिपके ने उम्मीद जतायी कि सौरव दास और आशुतोष रांका को आज रिहा कर दिया जायेगा। उनके आने के बाद सभी लोग एक साथ बैठकर अब तक के घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी ताकि आने वाले दिनों में किस तरह कदम बढ़ाने हैं, इस पर सबकी सहमति से फैसला लिया जा सके। अभिजीत दिपके ने बताया कि वह वृंदा मैम से मिलने जा रहे हैं। इस मुलाकात में कुछ कानूनी मामलों पर चर्चा की जायेगी। मौजूदा घटनाक्रम के बीच इस बैठक को आगे की कानूनी रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अभिजीत दिपके के बयान से साफ है कि वह मौजूदा हालात को लंबी लड़ाई के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी दबाव में आकर पीछे हटने वाले नहीं हैं। फिलहाल, सभी की नजरें सौरव दास और आशुतोष रांका की संभावित रिहाई और इसके बाद होने वाली बैठक पर टिकी हैं।

वायुसेनाका नया...

होगा। पहला उपग्रह जीसैट-7ए दिसम्बर 2018 में प्रक्षेपित किया गया था। उसकी निर्धारित कार्य अवधि आठ साल थी और उसकी क्षमता का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा सेना को भी आवंटित किया गया था। जीसैट-7सी अंतरिक्ष में संचार केंद्र की तरह काम करेगा। यह विमानों और जमीन पर मौजूद सैन्य इकाइयों के बीच संपर्क बनाने में मदद करेगा। जब विमान सामान्य रेडियो की सीधी पहुंच से दूर होंगे, तब उपग्रह के जरिए संदेश एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाये जा सकेंगे। इससे लड़ाकू विमान, हवाई निगरानी और नियंत्रण विमान, मानवरहित विमान और जमीन पर मौजूद कंट्रोल सेंटर सूचनाएं साझा कर सकेंगे। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने सैन्य अंतरिक्ष क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया है। सरकार ने 26,968 करोड़ रुपये के अंतरिक्ष आधारित निगरानी कार्यक्रम (एसबीएस-3) को तेजी दी है। इसके तहत 52 सैन्य उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित करने की योजना है। इनके लान्च की तैयारी जारी है। सेना के लिए जीसैट-7बी बनाने का 3,000 करोड़ रुपये का करार मार्च 2023 में हुआ था। नौसेना का जीसैट-7आर नवम्बर 2025 में प्रक्षेपित किया गया था। ये परियोजनाएं तीनों सेनाओं की अलग-अलग संचार जरूरतों के लिए अंतरिक्ष आधारित क्षमता बढ़ाने की योजना का हिस्सा हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल सोमवार, 19 अक्टूबर 2026

- मेष- आरोग्य सुख, मंगल आयोजन संपादित, पारिवारिक खुशी, यात्रा का कार्यक्रम।
- वृषभ- ग्रहयोग अनुकूल, व्यवसायिक लाभ, विवाद हल, मनोरंजन में रुझान, धर्म में आस्था।
- मिथुन- संकल्प सिद्धि में बाधा, प्रियजनों से मतभेद, द्रव्य की क्षति, मन उदास, यात्रा निराशाजनक।
- कर्क- भाग्योन्नति, कार्य में प्रगति, राजनीतिक रुचि, मनोविनोद के अवसर, यात्रा सुखद।
- सिंह- मनोवांछित सफलता, नवीन उपलब्धि, शिक्षा में रुचि, धर्म में आस्था, यात्रा सुखद।
- कन्या- नवीन योजना साकार, मनोविनोद से खुशी, शत्रु परास्त, अधूरे कार्य पूर्ण, खुशी भी।
- तुला- समय प्रतिकूल, मित्रों से मतभेद, वाद-विवाद, लाभ में कमी, मानसिक तनाव समाप्त।
- वृश्चिक- सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि, यात्रा का प्रसंग।
- धनु- आत्मिक शांति, समस्याएँ हल, आरोग्य सुख, व्यावसायिक प्रगति, सुख-सुविधा।
- मकर- स्वास्थ्य में सुधार, सम्मान का लाभ, सुसंदेश की प्राप्ति, हर्षोल्लास का वातावरण।
- कुम्भ- पारिवारिक उलझनें, मन अशांत, धर्म में अरुचि, प्रतिष्ठा पर आघात, धनहानि की आशंका।
- मीन- व्यवसायिक लाभ, धर्म-अध्यात्म में आस्था, मनोविनोद के अवसर, मनोरंजन में रुझान।

आज है जिनका जन्मदिन 19अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 19 का मूलांक 1 का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह भी शुक्र है। कोमल प्रवृत्ति के उदार व्यक्ति होंगे। किसी के दबाव में रहकर कोई कार्य नहीं करेंगे। किसी व्यक्ति द्वारा अपमानित होने पर उसे हमेशा याद रखेंगे और अन्ततः उससे बदला लेने में सफल होंगे। त्वरित निर्णय व दूरदर्शिता आपके सफलता में सहायक सिद्ध होगी।जीवन उतार चढ़ाव व संघर्षों से भरा रहेगा। किसी भी अपरिचि को अपना मित्र बना लेने में सक्षम होंगे। कभी-कभी उतावलापन के कारण अपना ही नुकसान कर लेंगे। हाथ पर हाथ रखकर बैठना पसन्द नहीं करेंगे। जीवन में अनुशासन को ज्यादा महत्व देंगे। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी रहेंगे। स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में नारंगी एवं पीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें लाल रंग की वस्तुओं का दान भी करें। लाल वस्त्र में गेहूँ, गुड़, लाल फूल एवं तांबे का छल्ला या सिक्का दक्षिणा सहित रविवार के दिन दान में देवें। सदाचार का पालन करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ घृणि सूर्याय नमः
- व्रत : रविवार
- दिन : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार
- दिनांक : 1, 10, 19, 28
- अंक : 2, 4, 7
- मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
- वर्ष : 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
- रंग : नारंगी, सुनहला एवं पीला
- जन्मरत्न : माणिक्य उपरत्न : गार्नेट
- जड़ी : बेल की जड़ दिशा : पूर्व

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

6	1	8
7	5	3
2	9	4


सुडोकू ४०८८

			9					
		4				6		7
2				5				
	6	8						
1		7						
			5				3	
9							5	
				7	6			8

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अगर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देखें।

6	2	3	9	5	7	8	4	1
1	7	9	8	4	3	5	6	2
8	4	5	2	1	6	7	9	3
5	8	4	3	7	2	6	1	9
3	9	1	6	8	5	2	7	4
7	6	2	1	9	4	3	8	5
9	5	6	7	2	1	4	3	8
4	3	8	5	6	9	1	2	7
2	1	7	4	3	8	9	5	6

हल ४०८७ सुडोकू



दिखी सिंधु घाटी सभ्यता की झलक

पैरा एशियन खेल का जापान के राजा नारुहितो ने किया उद्घाटन, भारतीय दल ने प्रस्तुत की ५००० साल की विरासत

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय दल ने रविवार को पैरा एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में देश की समृद्ध विरासत की झलक पेश की। खिलाड़ियों ने ५००० साल पुरानी सिंधु घाटी की सभ्यता से प्रेरित आकृतियों वाले ब्लेजर पहनकर समारोह में हिस्सा लिया। पैरालंपिक पदक विजेता ध्वजवाहक धाविका सिमरन शर्मा और शीर्ष बैडमिंण्टन खिलाड़ी प्रमोद भगत के नेतृत्व में १०० से अधिक भारतीय खिलाड़ियों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने तिरंगा थामकर भारतीय दल की अगुवाई की और इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराता रहा। भारतीय दल के ध्वजवाहकों के नाम में उद्घाटन समारोह से पहले बदलाव किया गया। शुरुआत में प्रमोद भगत के साथ पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। हालांकि बाद में उनकी जगह सिमरन शर्मा को ध्वजवाहक बनाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक भाविना पटेल को १९ अक्तूबर को अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलना है।इससे पहले जापान के राजा नारुहितो ने पांचवें पैरा एशियन गेम्स २०२६ का आधिकारिक उद्घाटन किया। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने एशियन पैरा गेम्स में हिस्सा लेने पहुंचे खिलाड़ियों और अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साहस, दृढ़ संकल्प और चुनौतियों का सामना करने की भावना की सराहना की। ताकाइची ने कहा कि खिलाड़ियों का अपनी सीमाओं को चुनौती देना, एक-दूसरे का सम्मान करना और अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना समाज को पैरा खेलों की ताकत और संभावनाओं से परिचित कराएगा। उन्होंने खिलाड़ियों के परिवारों और उनके सहयोगियों के योगदान की भी सराहना की। उद्घाटन समारोह में भारतीय खिलाड़ियों का प्रवेश खास आकर्षण रहा। खिलाड़ियों ने गहरे नीले रंग के ब्लेजर पहने जिन पर सुनहरे रंग के डिजाइन बनाये गये थे। इन डिजाइनों में सिंधु घाटी सभ्यता से प्रेरित आकृतियों को शामिल किया गया था। ब्लेजर पर प्रसिद्ध प्रिस्ट-किंग मूर्ति, डांसिंग गर्ल की आकृति और प्राचीन मुहरों से प्रेरित प्रतीक नजर आये। इसके अलावा ब्लेजर की जेब पर भारतीय तिरंगे को जगह दी गयी जबकि कालर पर सप्त सिंधु यानी सात नदियों की भूमि की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया। इस पोशाक के जरिए भारतीय दल ने देश की सांस्कृतिक विरासत और खेल महत्वाकांक्षाओं को एक साथ प्रस्तुत किया। भारत इन खेलों में २८१ सदस्यीय दल उतार रहा है जिसमें १६८ खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें ११२ पुरुष और ५६ महिलाएं हैं जो ११ खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन खेलों का समापन २४ अक्तूबर को होगा। प्रतियोगिता में ४५ देशों के लगभग ३००० खिलाड़ी 'इमैजिन वन हार्ट' के ध्येय वाक्य के तहत हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने २०२३ में हांगझोउ में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। भारतीय दल पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा था और उसने रेकार्ड १११ पदक जीते थे जिनमें २९ स्वर्ण, ३१ रजत तथा ५१ कांस्य पदक थे। आधिकारिक उद्घाटन रविवार को हुआ, लेकिन कुछ खेलों के मुकाबले इससे पहले ही शुरू हो गये थे।



प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पैरा एशियन गेम्स २०२६ में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। जापान के आइची-नागोया में आयोजित खेलों का आगाज भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के जज्बे, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने लिखा पैरा एशियन गेम्स २०२६ की शुरुआत के साथ मैं भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अपने पैरा-अथलीटों पर गर्व है। उनका साहस, समर्पण और कभी हार न मानने वाला जज्बा १४० करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

प्रमोद भगत और सिमरन शर्मा ने थामा तिरंगा

५३ गेंद में ही शृंखला फतह

शेफाली का अर्द्धशतक, भारत ने दूसरे महिला टी-२० में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराया

रायपुर (आससे)। निक्की प्रसाद (२-७) की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा (५५) के विस्फोटक अर्द्धशतक और उनकी कप्तान स्मृति मंधाना (अजेय ४७) के साथ पहले विकटे के लिए ४७ गेंद में की गयी ९६ रन की साझेदारी के दम पर भारत ने रविवार को ६७ गेंद शेष रहते जिम्बाब्वे को दूसरे टी-२० मुकाबले में नौ विकेट से पराजित कर तीन मैचों की शृंखला में २-० की अजेय बढ़त ले ली। जिम्बाब्वे को २० ओवर में आठ विकेट पर १०२ रन के मामूली स्कोर पर रोकने के बाद भारत ने ८.५ ओवर में ही केवल एक विकेट खोकर १०४ रन बना लिए। भारत को १०३ रन का छोटा सा लक्ष्य मिला था जिसके सामने शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम को तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने २२ गज की पट्टी पर कदम रखते ही जिम्बाब्वे की गेंदबाजों को अपनी जद में ले लिया और बड़े-बड़े शाट लगाने लगी जिसका नतीजा रहा कि मेंहमान गेंदबाज दबाव में आ गयी और स्कोर बोर्ड पर भारत के खाते में तेजी से जुड़ने लगे। जिम्बाब्वे की कप्तान ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिए बदल-बदल कर गेंदबाजों को मोरचे पर लगाया लेकिन उनकी रणनीति दोनों पर कारगर नहीं रही। आतिशी बल्लेबाजी का नतीजा रहा कि भारत ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए ७६ रन बना लिए। शेफाली और मंधाना जिस अंदाज से खेल रही थी लग रहा था कि यह जोड़ी ही बिना जुदा हुए शृंखला फतह करा देगी लेकिन भारत जब जीत से सात रन दूर था जोड़ी टूट गयी। इसे तोड़ा बेलोवेद विजा ने शेफाली वर्मा को पवेलियन लौटा कर। शेफाली ने २५ गेंद में छह चौके, चार छक्के की मदद से ५५ रन बनाये और मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए ४७ गेंद में ९६ रन की साझेदारी की। इसके बाद मंधाना ने अनुष्का शर्मा (एक) के साथ आठ रन जोड़ कर भारत का स्कोर ८.५ ओवर में एक विकेट पर १०४ रन कर दिया। मंधाना ने २५ गेंद में छह चौके, दो छक्के की मदद से ४७ रन बनाये। इससे पहले टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली जम्बाब्वे की टीम पूरे समय अपनी पारी को गति देने के लिए संघर्ष करती रही। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु को ११ गेंद में बिना खाता खोले बोल्ड कर दिया जिससे जिम्बाब्वे टीम की शुरुआत बिगड़ गयी। शुरुआती झटके से जिम्बाब्वे की बल्लेबाज सहम गयी और रन बनाने के लिए संघर्ष करने लगी नतीजा रहा कि पावरप्ले में टीम एक विकेट गंवाकर केवल २० रन ही बना सकी। इस दौरान टीम ने सिर्फ एक चौका लगाया जो पावरप्ले की आखिरी गेंद पर आया। फिर बिलव्ड बिजा (सात) भी आउट हो गयी। इसके बाद कप्तान जोसफिने और चिपो टिरिपानो ने चौथे विकेट के लिए ४५ रन जोड़कर पारी को संभालने की कोशिश की। इस दौरान चिपो टिरिपानो को २० और २२ रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला। उन्होंने भारत की प्रमुख बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी के खिलाफ लगातार दो रिवर्स स्वीप चौके भी लगाए। इस साझेदारी के दौरान जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने सात चौके लगाए और सातवें से १५वें ओवर के बीच ५६ रन जोड़े। हालांकि आफ स्पिनर निकी ने चिपो टिरिपानो को ऋचा घोष के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ दिया। टिरिपानो ने ३४ रन के लिए ३२ गेंद खेली जिसमें पांच चौके शामिल रहे। निकी ने नयाशा ग्वानजुरा (शून्य) को पगबाधा आउट किया। वह हैटट्रिक की कोशिश में थीं लेकिन यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सकीं। हालांकि तब तक भारत मैच पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर चुका था। लगातार विकटों के गिरने के सिलसिले के बीच कप्तान जोसेफिन नकोमो ने ३५ गेंद में दो चौके की मदद से अजेय २७ रन बनाये जिससे जिम्बाब्वे की टीम २० ओवर में आठ विकेट पर १०२ रन बनाने में सफल हो सकी। निक्की प्रसाद ने सात रन देकर दो, क्रांति गौड़, नंदिनी शर्मा, दीप्ति शर्मा और श्रीचरणी ने एक-एक विकेट लिया।

जसकरण, चंदरमोहन कांस्य पदकके करीब

लास वेगास (एजेन्सियां)। जसकरण सिंह और चंदरमोहन ने लास वेगास में चल रही अंडर-२३ विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में अपने-अपने भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबलों में जगह बनायी जबकि रोहित और शिवम रेपेचेज के जरिए पदक की दौड़ में बने हुए हैं। जसकरण ने ६५ किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार दो जीत दर्ज कीं। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के पहलवान बोवेन विलियम बैसेट को ६-३ से हराया। हालांकि सेमीफाइनल में जसकरण को जापान के कैजी ओगिनो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। अब वह कांस्य पदकके लिए मुकाबला करेंगे। चंदरमोहन ने भी ७९ किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल तक शानदार प्रदर्शन करने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई। उन्होंने शुरुआती मुकाबले में जॉर्जियाके जार्जी गोग्रिचियानी को १४-४ से हराया जबकि अगले मुकाबलेमें ब्राजील के काइडिन लुक कोरिया लीमा को १४-० से शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने अमेरिकाके जोसेफ ली सीली को ११-० से हराकर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एक और जीत दर्ज की।

रिंकू का फिर शतक, संभला यूपी

रणजी ट्राफी गिल ने किया निराश



कानपुर/ मुल्लापुर (एजेन्सियां)। रिंकू सिंह (अजेय ११८) ने एक और शतकीय पारी खेल कर उत्तर प्रदेश को मुश्किल स्थिति से उबारा तो लेकिन रविवार को रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप के मुकाबले में उसकी पहली पारी २०२ रन पर सिमट गयी जिसके जबाव में गोवा ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट खोए ४३ रन बना लिए।संटंप के समय विकेटकीपर बल्लेबाज शिवेंद्र भुजबल ३९ गेंद में ३१ रन जबकि सुयश प्रभुदेसाई १२ रन बनाकर खेल रहे थे। उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही। अभिषेक गोस्वामी (पांच), आर्यन जुयाल (१४) और कप्तान करण शर्मा (शून्य) सस्ते में आउट हो गये जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर ३३ रन हो गया। माधव कौशिक ने ९६ गेंद में ४५ रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन शुभम तारी ने उन्हें आउट कर दिया। इससे उत्तर प्रदेश का स्कोर चार विकेट पर ९० रन हो गया। इसके बाद रिंकू ने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। निचले क्रम के बल्लेबाजों से उन्हें ज्यादा सहयोग नहीं मिला लेकिन उन्होंने टीम को २०० रन के पार पहुंचाया। रिंकू ११ चौके और दो छक्के की मदद से ११८ रन की पारी खेल कर नाबाद लौटे। लेग स्पिनर यश कसवणकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने २५ ओवर में ८६ रन देकर पांच विकेट लिए। रुत्विक नाइक ने दो विकेट हासिल किए जबकि तारी और ललित यादव को एक-एक विकेट मिला। वहीं एक अन्य मैच में बिहार के १६६ रन पर सिमटने के बाद बड़ौदा ने दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर ७७ रन बना लिए थे। ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में पुडुचेरी की टीम ६५.२ ओवर में १७७ रन पर सिमट गयी इसके जवाब में मध्य प्रदेश ने २० ओवर में दो विकेट पर २३ रन बना लिए।। मध्य प्रदेश की टीम अभी १५४ रन पीछे है और उसे दूसरे दिन अंतर कम करने के लिए बड़ी साझेदारी की जरूरत होगी। गत चैम्पियन जम्मू-कश्मीर की टीम ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए ८२.५ ओवर में २६० रन पर सिमट गयी। विदर्भ की टीम दूसरे दिन अपनी पहली पारी शुरू करेगी और उसके पास पहली पारी में बढ़त हासिल करने का मौका होगा।वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की घरेलू क्रिकेट में वापसी केवल पांच गेंदों तक ही सीमित रही लेकिन पंजाब ने कप्तान उदय सहारन के नाबाद १०६ रन की मदद से शानदार वापसी करके ग्रुप बी के मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ चार विकेट पर २६९ रन बना लिए। पंजाब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विहान मल्होत्रा और हरनूर सिंह ने पहले विकेट के लिए ५५ रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। लेकिन यह दोनों १० रन के अंदर आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर दो विकेट पर ६५ रन हो गया लेकिन उसे सबसे बड़ा झटका तब लगा जब न्यूजीलैण्ड दौरे से पहले लंबी अवधि के प्रारूप में खेल रहे गिल (एक) आते ही पवेलियन लौट गये। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने अंदर आती गेंद पर बोल्ड किया। इससे पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर ६८ रन हो गया। लेकिन सहारन ने उसके लिए संकटमोचक की भूमिका निभाई। उन्हें प्रभसिमरन सिंह (६२) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए १३० रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा के हाथों आउट हो गये लेकिन सहारन और सलिल अरोड़ा (नाबाद ३८) ने इसके बाद कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में कर्नाटक ने सौराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन आठ विकेट पर २८१ रन बनाये। अलूर में खेले जा रहे इस मैच में उसकी तरफ से दूसरा प्रथम श्रेणी मैच में खेल रहे मनवंत कुमार ने नाबाद ८६ रन बनाए। कर्नाटकके लिए केवी अनीश ने भी ५९ रनका योगदान दिया। बिलासपुरमें तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के चार विकेटकी मददसे मुम्बईने ग्रुप डी मुकाबलेमें हिमाचल प्रदेशकी पहली पारी को १४० रन पर समेटकर बढ़त हासिल करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाये। दिनका खेल समाप्त होने तक मुम्बईने ३६ ओवर में दो विकेट पर १०७ रन बना लिए हैं। देशपांडे ने ४६ रन देकर चार विकेट चटकाए।

हार्दिक की जगह लेना आसान नहीं

-सुनील गावसकर



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज कमेंटेटर सुनील गावसकर का मानना है कि हार्दिक पंड्या की जगह लेना आसान नहीं है। ऐसे में भारत को उनके विकल्प तलाशने की कोशिश करने की जगह टीम को ऐसे खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहिए जो अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकें। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाज गावसकर ने कहा कि भारत को चार विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ मैच में उतरना चाहिये जबकि ऐसे हरफनमौला खिलाड़ियों को पांचवें और छठे गेंदबाज की भूमिका निभानी चाहिये जो बल्लेबाजी में भी योगदान दे सकें। बल्लेबाजी क्रम को लंबा करने के लिए गेंदबाजी की मजबूती से समझौता नहीं करना चाहिए। वेस्टइण्डीज के खिलाफ शनिवार रात बेंगलुरु में पांचवां और अंतिम टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश के कारण रद होने के बाद गावसकर ने कहा हम कभी-कभी हार्दिक पंड्या का विकल्प तलाशने में कुछ ज्यादा ही जुट जाते हैं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। अगर आपको उनकी क्षमता का खिलाड़ी नहीं मिलता है तो ऐसे खिलाड़ी के साथ आगे बढ़िए, जो टीम के लिए थोड़ी अलग भूमिका निभा सके। पांच मैचों की यह शृंखला २-२ से बराबर रही। गावसकर ने नमन धीर का उदाहरण देते हुए कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं, जो बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देकर अलग भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा नमन धीर यही काम कर रहे हैं। वह अपने ओवर अच्छी तरह कर रहे हैं और पांचवें मैच में उनकी बल्लेबाजी भी देखिए। गावसकर ने बारिश से प्रभावित निर्णायक मुकाबले में धीर की छह गेंदों पर नाबाद २४ रन की पारी का जिक्र किया। इस मैच में केवल ७.४ ओवर का खेल हो सका था। उन्होंने कहा इस शृंखला से यह सीख मिलती है कि गेंदबाजी में भारतको कमसे कम चार नियमित गेंदबाजोंके साथ उतरना चाहिए। पांचवां और छठा विकल्प आलराउंडर हो सकते हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकें। नमन बल्लेबाज है लेकिन वह दो-तीन ओवर गेंदबाजी भी कर सकता है। अक्षर ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने चार ओवर पूरे कर सकते हैं। उन्होंने कहा जब आप आठवें नंबर तक बल्लेबाजी लेकर उतरते हैं, तो अपनी गेंदबाजीको कमजोर कर देते हैं और इसी वजह से आपको हारका सामना करना पड़ता है। बारिशके कारण निर्णायक मुकाबला रद होने पर गावसकर ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय गेंदबाजोंको छोटे मैचमें परखने का मौका नहीं मिल सका।

सौ पदक जीतना भारत का लक्ष्य-सत्यनारायण

नागोया (एजेन्सियां)। पैरा अथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण ने खिलाड़ियों की तैयारियों और उनके जज्बे पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारत का लक्ष्य यहां एशियाई पैरा खेलों में १०० पदक जीतना है। खेलों का आधिकारिक आगाज रविवार को हुआ लेकिन बैडमिण्टन, टेबल टेनिस और बोकिया सहित कुछ स्पर्धाएं कुछ दिन पहले ही शुरू हो गयी। भारत ने २०२३ में हांगझोउ में हुए पिछले एशियाई पैरा खेलों में रेकार्ड १११ पदक जीते थे। जापान में १८ से २४ अक्टूबर तक होने वाले इन खेलों के पांचवें आयोजन में भारत ने १६८ खिलाड़ियों का दल उतारा है। पिछली बार भारत के दल में ३०० से अधिक खिलाड़ी शामिल थे। सत्यनारायण ने कहा कि खिलाड़ी उत्साहित हैं और अपनी तैयारियों को पदकों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हम भारत के लिए लगभग १०० पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और हमें विश्वास है कि हमारे खिलाड़ियों में इसे हासिल करने की क्षमता और दृढ़ संकल्प है।



एकता ने जीते तीन स्वर्ण

नयी दिल्लीर (एजेन्सियां)। भारत की एकता बिश्नोई ने अमेरिका में आयोजित विश्व मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। जानकारी के मुताबिक यह पहला मौका है जब इस चैम्पियनशिप के 'मास्टर्स-दो' वर्ग में किसी भारतीय महिला पावरलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी एकता के लिए सरकारी जिम्मेदारियों के साथ खेल में सक्रिय रहना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। एकता के कोच सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने एकता को वैज्ञानिक और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण दिया था। प्रतियोगिता के लिए सुनील कुमार को अमेरिका का वीजा नहीं मिल सका। इसके बावजूद एकता ने वीडियो काल और टीम अधिकारी बिनु इब्राहिम के माध्यम से उनके मार्गदर्शन में अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया और ऐतिहासिक सफलता हासिल की। एकता ने कुल ३६२.५ किलोग्राम वजन उठाकर जापान और कनाडा की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण अपने नाम किया।

कैरेबियाई क्रिकेट का कोई बने आर्थिक सहारा

-डेरेन सैमी



बेंगलुरु (एजेन्सियां)। वेस्टइण्डीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ कांटे की टक्कर वाली शृंखला से प्रायोजकों के साथ बेहतर बातचीत का रास्ता खुलेगा और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेस्टइण्डीज क्रिकेट में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि किसी को आर्थिक रूप से कैरेबियाई क्रिकेट का सहारा बनना होगा। वेस्टइण्डीज ने भारत दौरे पर सीमित ओवरों की शृंखलाओं में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी। टीम एकदिवसीय शृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद १-२ से पिछड़ गयी जबकि पांच मैचों की टी-२० शृंखला २-२ से बराबर रही। सैमी इस प्रदर्शन को अपने देश के क्रिकेट की आर्थिक स्थिति सुधारने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। वेस्टइण्डीज क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के १९९७ में अपनाये गये मौजूदा राजस्व बंटवारा माडल के तहत आर्थिक रूप से टिके रहने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सैमी ने पांचवां और अंतिम टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश के कारण रद होने के बाद कहा मेरी मां हमेशा कहती थीं कि आपके भीतर दूसरों की परवाह करने का भाव होना चाहिए। जिंदगी में आप कुछ भी करें इस भावना को कभी नहीं खोना चाहिए। मुझे लगता है कि अब वेस्टइण्डीज क्रिकेट को किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो आर्थिक रूप से उसका सहारा बने। उन्होंने कहा भारत में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ इस तरह की शृंखला खेलने से हमें उन लोगों के साथ बेहतर स्तर पर बातचीत करने का अवसर मिलता है जो हमारी मदद कर सकते हैं। सैमी ने भारत और वेस्टइण्डीज क्रिकेट की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि मजबूत आर्थिक व्यवस्था और योजनाबद्ध विकास से टीम के प्रदर्शन पर बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने कहा भारत जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने जाता है तो उससे विश्वकप जीतने की उम्मीद की जाती है। भारतीय टीम भी जीतने की अपेक्षा के साथ उतरती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं तैयार की हैं। उन्होंने कहा वेस्टइण्डीज जब किसी टूर्नामेंट में खेलने जाता है तो उसे तमाम चुनौतियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है। इन दोनों स्थितियोंमें बड़ा अंतर है। एक तरफ जरूरी व्यवस्थाएं मौजूद हैं जबकि दूसरी तरफ चुनौतियोंसे जूझते हुए प्रदर्शन करना पड़ता है। इसके बावजूद हम आगे बढ़ रहे हैं। सैमीको उम्मीद है कि भारतके खिलाफ इस प्रदर्शनके बाद क्रिकेट वेस्टइण्डीज प्रायोजकों और अन्य हितधारकोंके साथ अधिक भरोसेके साथ बातचीत कर सकेगा।

गोल्फ : चाकारा चैम्पियन

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। स्पेन के गोल्फर यूजीनियो चाकारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां दो शॉट के अंतर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय खिलाड़ियों में अनिर्बान लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह संयुक्त २३वें स्थान पर रहे। चाकारा के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा। खराब मौसम से प्रभावित इस टूर्नामेंट के अंतिम दिन उन्होंने २५ होल खेले। इसके बावजूद उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और इस सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतकर रेस टू दुबई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम राउंड में दो अंडर ७० का स्कोर बनाकर २१ अंडर २६७ के साथ खिताब अपने नाम किया। न्यूजीलैण्ड के डेनियल हिलियर ने अंतिम समय में जोरदार चुनौती पेश करते हुए चाकारा की छह शॉट की बढ़त को घटाकर दो शाट कर दिया। उन्होंने १९-अंडर के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चाकारा ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और कुल मिलाकर अपना चौथा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना चुनौतीपूर्ण

-तिलक वर्मा



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय टी-२० टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी-२० मुकाबले के बाद अपनी बल्लेबाजी की भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने माना कि बल्लेबाजी क्रम में ऊपर से नीचे आना चुनौतीपूर्ण है लेकिन वह इस नयी जिम्मेदारी के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। तिलक ने कहा नंबर तीन से नंबर पांच और छह पर अपनी बल्लेबाजी की भूमिका बदलना इतना आसान नहीं है। लेकिन मैं इस पर काम कर रहा हूं। मैं यह सीखने की कोशिश कर रहा हूं कि मैच को कैसे खत्म करना है। मैंने हमेशा कहा है कि मुझे देश के लिए मैच फिनिश करना पसंद है। उन्होंने कहा अगर व्यक्तिगत तौर पर देखें तो मेरे लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना आसान होगा लेकिन दुर्भाग्य से अब मुझे नंबर पांच या छह पर बल्लेबाजी करनी पड़ रही है क्योंकि शीषक्रम में फिलहाल हमारा संयोजन ऐसा है। ईशान किशन की टीम में वापसी, नंबर चार पर कप्तान श्रेयस अय्यर की मौजूदगी और अभिषेक शर्मा के साथ संजू सैमसन की ओपनिंग जोड़ी को बरकरार रखने के फैसले के कारण तिलक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना पड़ा है। तिलक वर्मा ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नौ मैचों में ६५.६६ की औसत और १९५ के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं पांचवें और छठे नंबर पर मिलाकर २६ पारियों में उनका औसत ४६ और स्ट्राइक रेट १५८ रहा है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए भी तिलक ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। अब उनकी कोशिश इस भूमिका में निरंतरता बनाए रखने और टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालने की होगी। तिलक वर्मा ने बताया कि निचले मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के लिए बल्लेबाज को कम समय में तेजी से रन बनाने की क्षमता विकसित करनी होती है। इसके लिए वह नेट्स में अपने शाट्स और तकनीक पर लगातार मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमें ऐसा करना ही होगा, नहीं तो यह भूमिका थोड़ी मुश्किल हो जायेगी। जब आप फिनिशर के तौर पर बल्लेबाजी करने उतरते हैं और गेंदबाज धीमी गेंद आपके शाट खेलने के दायरे में डालता है तो आपको उसे छक्के के लिए भेजने की क्षमता रखनी चाहिए। तिलक ने कहा टी-२० क्रिकेट में पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय अक्सर आपको पांच से छह ओवर ही खेलने के लिए मिलते हैं। इसलिए मैंने व्यक्तिगत तौर पर अपने खेल में बदलाव किया है। बचपन में भी मैं इस तरह की भूमिका निभा चुका हूं। मेरे पास मैदान के चारों ओर शॉट खेलनेकी क्षमता है। तिलक ने कहा कि भारतीय टीम ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ शृंखला के दौरान अपनी गेंदबाजी की भी समीक्षा की है।

अमृत सरोवर में डूब गये सुरेश, चली गयी जान

अमिला (मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के बेलभद्रपुर ग्राम पंचायत के कारेवन स्थित अमृत सरोवर में रविवार सुबह बैरा फल तोड़ने उतरे 63 वर्षीय बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने करीब दस मिनट की तलाश के बाद उन्हें पानी से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़रांव पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पिवाताल गांव निवासी सुरेश राजभर उम्र 63 वर्ष पुत्र स्व. जीउत राजभर रविवार सुबह करीब आठ बजे घर में पूजा के लिए बैरा फल तोड़ने कारेवन स्थित अमृत सरोवर पहुंचे थे। फल तोड़ने के लिए सरोवर में उतरते समय वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इसी दौरान सरा. वर के पास बकरी चरा रही महिला की नजर उन पर पड़ी। बुजुर्ग को डूबता देख उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आस-पास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। रवि, शेर सिंह और सुनील चौहान ने पानी में उतरकर बुजुर्ग की तलाश शुरू की। करीब दस मिनट बाद सुरेश राजभर पानी में डूबे मिले। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निक. ाला और प्रधान प्रतिनिधि सिकंदर यादव की मौजूदगी में तत्काल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़रांव पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पत्नी प्रभावती और अन्य परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। मृतक के दो पुत्र ईश्वरचंद और राहुल हैं।



शहीद मेले का उद्घाटन करते पूर्व ब्लाक प्रमुख अरूण कुमार सिंह:छाया/आज

शहीद की पुण्यतिथि पर लगा मेला

रानीपुर (मऊ)। रानीपुर अमर शहीद लेफ्टिनेंट बिहारी सिंह की 61 वीं पुण्यतिथि पर शहीद मेला और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें मऊ सहित आसपास के जनपदों से आई 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चकिया और रानीपुर कुटी के बीच खेला गया। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रानीपुर कुटी की टीम ने चकिया की टीम को 42-22 से पराजित कर दिया । फाइनल मैच ओनहाईच ने शाहपुर को 23-6 से हराकर मैच जीत लिया ।इससे पहले कम्पोजिट विद्यालय रानीपुर परिसर में स्थित अमर शहीद लेफ्टिनेंट बिहारी सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर उनके जीवनी एवं वीरता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सहित क्षेत्र से आये लोगों ने अमर शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दुर्ज विजय सिंह,शेषनाथ सिंह,डा. जयनाथ सिंह,चन्द्र भूषण सिंह,शुभम सिंह,गौरी शंकर सिंह,राजेश सिंह,अरविंद कुमार सिंह,अजय सिंह, गोमती यादव, सतीश सिंह, मिठाई सिंह, काकू सिंह,सहित आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

किसान नेता को डायरेक्टर ने लगाया गले



मऊ। रविवार को कुशमौर में आयोजित किसान गोष्ठी में किसान नेता देवप्रकाश राय को निदेशक ने गले लगा लिया। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह,राकेश सिंह और हंकारीपुर के देवेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष बने अवनीश

मऊ। क्रीड़ा भारती के जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अवनीश राय अध्यक्ष और प्रतीक गुप्ता मंत्री बनाये गये हैं।

न्यायालय के आदेश पर आधा दर्जन के विरुद्ध एफआईआर

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के उफरौली वार्ड नंबर 13 निवासी अनूप कुमार मल्ल को मकान का मरम्मत करवाने के दौरान माँ बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान में घुस कर तोडफोड़ करने एवं गल्ले में रखे विक्री का पैसा निकालने के मामले में न्यायलय के आदेश पर पुलिस ने कुल छः लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सड़क पर खोया पर्स, पुलिस की तत्परता ने लौटायी महिला की मुस्कान

घोसी(मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के सिपाह निवासी इंदुमती अपने ससुराल आजमगढ़ जनपद के मुबारक से मायके सिपाह जा रही थीं। रास्ते में फल खरीदने के दौरान उनका पर्स कहीं गिर गया। इस बात का पता उन्हें सिपाह पहुंचने पर चला जब सवारी गाड़ी का किराया देने के लिए उन्होंने पर्स तलाशा। पर्स गायब देख महिला परेशान हो गईं। इसके बाद उन्होंने अपने भाई को मधुबन मोड़ स्थित पुलिस पिकेट पर भेजकर घटना की जानकारी दिलाई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्रनाथ राय के



नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। मधुबन मोड़ पिकेट पर तैनात उपनिरीक्षक अशोक सिंह, हेड कांस्टेबल शोएब आलम और हेड कांस्टेबल प्रीतम कुमार यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला के बताए स्थान पर पहुंचकर आस-पास तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद पर्स एक ठेले वाले के पास गिरा मिल गया। पर्स में रखी नकदी और जरूरी कागजात सुरक्षित मिलने पर इंदुमती ने राहत की सांस ली। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्रनाथ राय सहित पुलिसकर्मियों की तत्परता और सहयोग के लिए आभार जताया। घोसी पुलिस की इस सक्रियता से महिला की परेशानी दूर हुई और पुलिस के सहयोगात्मक रवैये की सराहना हुई।

रामलीला के लिए बैठक

रतनपुरा (मऊ)। श्री पृथ्वी नाथ ब्रह्म बाबा रामलीला समिति, जमाल. पुर मऊ की ओर से रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को श्री ब्रह्म बाबा के स्थान पर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामलीला आयोजन को लेकर चर्चा की गई, जो 9 नवंबर 2026 से 21 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कैलाश पति मिश्र ने की, जबकि संचालन ओमप्रकाश यादव मास्टर ने किया।

बैठक २२ को

मऊ। टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में बार-बेंच के बीच समन्वय के बाद विवाद आज और गहरा गया। महामंत्री अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। 22अक्टूबर को बैठक होगी।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में
उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पत्ति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्राणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
नील शुक्राणु
आकस्मिक प्रसव
उच्च ऑक्सिजन प्रवाह
वार्मर एवं आपरेशन से डिलिवरी
बच्चेदानी एवं अण्डेदानी में गाँठ एवं सिस्ट का आपरेशन
माईक्रोडाक्टरी (PLR) की सुविधा भी उपलब्ध है।
माईक्रोसर्जरीकल (PVR) की सुविधा भी उपलब्ध है।
बाँझपन का सफल इलाज
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(मोलब मेडीसिटि, मेदी हार्टसिन मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
रामगनोहर लोहिया, नई दिल्ली
Senior Resident Medanta, Gurgaon,
Kalawati Saran Hospital NICU Fellowship
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
सुविधा-
पी.आई.सी.यू.
एन.आई.सी.यू.
आक्सीजन की सुविधा
नॉन इनवेसिव वेंटीलेशन
इनवेसिव वेंटीलेशन
सी.पी.ए.पी.
प्रीटर्म डिलीवरी एवं
हाई रिस्क डिलीवरी
शिवम हास्पिटल
महुस्थान, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुरा, राज पैलेस के सामने में, मऊ
9250206423, 8948943074

SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मानिटर
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
शारदा नारायन अस्पताल हृदय रोग विभाग एवं कैथलैब की सभी सेवाएं आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध हैं
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S.
(Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फ्रैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and
Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी
इमिलिया
फातिमा अस्पताल
के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय
M.B.B.S., MS
(फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव
M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव
B.A.M.S.
(स्त्री एवं प्रसुति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं हमरोन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
I.C.U. & N.I.C.U.
की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma)
9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर
अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ
पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

अमिला कस्बे में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ कन्या पूजन

अमिला (मऊ)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को अमिला कस्बे में कुंवारी कन्या पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और उनके चरण पखारकर आशीर्वाद लिया गया। पूजन के बाद कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा दक्षिणा, फल एवं उपहार भेंट किए गए। कन्या पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और माता के जयकारों से कस्बा गूंज उठा। आयोजकों ने कहा कि सनातन परंपरा में कन्या को मां दुर्गा का स्वरूप माना गया है। नवरात्र में कन्या पूजन से सुख-समृद्धि एवं परिवार में शांति की कामना की जाती है। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

रोटरी क्लब ने २४ मरीजों का कराया आपरेशन

मऊ। सचिन्द्र सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब की पहल पर 24मरीजों की आर.जे.शंकरा हास्पिटल में मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया।

शव मिलने से सनसनी

घोसी(मऊ)। हाजीपुर के पास फोरलेन के किनारे कोपागंज के लिलाहरी भरौली निवासी आशीष चौरसिया का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पत्रकार का चेहरा किस अपराधी से मिलता है कप्तान साहब!

मऊ। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार ऋषिकेश पाण्डेय को शनिवार को अपरान्ह पौने दो बजे सारहू पुलिस चौकी के पास लगभग बीस मिनट तक रोक कर ब्रम्हस्थान पुलिस चौकी के सिपाहियों द्वारा क्षेत्राधिकार का उल्लंघन कर किसी अपराधी के चेहरे से उनका चेहरा मिलान करने के लिए डिटेन करने और सरेराह आधार कार्ड,परिचय पत्र और ट्रेन टिकट आदि के बारे में पूछताछ करने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस महकमे में खलबली मच गयी है। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय महासचिव नरेन्द्र सिंह ने जहां फोन कर आरोपी सिपाही को फटकार लगायी।

सरेराह किये गये पुलिसिया दुर्व्यवहार की तीव्र भर्त्सना



वहीं राष्ट्रीय लोक दल के प्रद. श महासचिव देवप्रकाश राय,जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह हंकारीपुर आदि ने वरिष्ठ पत्रकार के साथ सरेराह दुर्व्यवहार की कड़ी भर्त्सना करते हुए इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक से कारवाई की अपेक्षा की है और सवाल किया है कि पुलिस को यह बताना चाहिए कि मान्यता प्राप्त पत्रकार का चेहरा किस अपराधी से मिलता-जुलता है, इसको भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। जिसके आधार पर पुलिस वरिष्ठ पत्रकार को कई दिनों से वाच कर रही थी और अनन्तः सरेराह अपमानित करने का काम किया,जो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है।

बाइक के टक्कर से एक घायल

मधुबन(मऊ)। धर्मपुर कसायर निवासी रामकुंवर पुत्र स्व. शिवधनी का आरोप है कि 14 अक्टूबर की शाम लगभग छः बजे बनपोखरा गांव से वायरिंग का काम कर घर वापस आ रहा था कि मीरपुर ताड़ी गांव के समीप एक तेज रफ़्तार इस्पेलंडर मोटर साइकिल के धक्के से घायलोपरान्त एफआईआर दर्ज कराया गया है।

१९४ मरीजों की जांच कर दी दवाएं

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े करहां समेत चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेले का आयोजन किया गया। लगे हुए स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं देते हुए अलग-अलग स्वास्थ्य केंटो आए हुए मरीजों की चिकित्सकों ने जांच कर दवा दी गई । चारों स्थान मिलकर 194 मरीज का चिकित्सकों ने जांच कर दवा दी। इस मौके पर डाक्टर जावेद अहमद ,डाक्टर संजय चौहान, डाक्टर बलवंत समेत फार्मासिस्ट सरोज यादव, सूबेदार, सरोज ,रितेश कुमार राय ,उपासना राय एवं अस्पताल की एएनएम तथा स्टाफ नर्स अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात रहे।

रामलीला में रामजन्म के बाद अयोध्या में गूंजी बधाई

चिरैयाकोट(मऊ)। स्थानीय नगर की ऐतिहासिक व पारंपरिक रामलीला के दूसरे दिन शनिवार को श्रवण कुमार वध, मनु-सतरूपा तपस्या,रावण तपस्या से लेकर राम जन्म तक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। सर्वप्रथम अतिथिगण अखण्ड प्रताप सिंह भावी ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद गोहना, बृजेश सिंह,अतुल सिंह तथा उत्तर प्रदेश क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव अखण्ड प्रताप सिंह के साथ जयप्रताप यादव भावी ब्लाक प्रमुख रानीपुर का समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अंगवस्त्रम के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथिगण ने भगवान विष्णु की आरती किया। उसके बाद जयप्रताप यादव ने कहा कि चिरैयाकोट की रामलीला का मंचन सन् 1967 से हो रहा है। रामलीला के प्रति लोगों का जो भाव पहले था,वह आज कही कम हो गया है। जिसके जिम्मेदार हम सभी लोग हैं। हमें प्रभु श्रीराम के आचरण से सीख लेनी चाहिए और जातिवाद,वर्गवाद से दूर रहना चाहिए। सभी लोग मिलजुल कर आपस में प्रेम से रहें। वैमनस्यता फैलाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। किसी को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। उसके बाद रामलीला का मंचन आरंभ हुआ। जिसमें श्रवण कुमार का वध हो जाने पर उनके पिता राजा दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार मैं पुत्र वियोग में तड़प कर मर रहा हूँ, उसी प्रकार तुम भी एक दिन पुत्र वियोग में तड़प - तड़प कर मरोगे। वहीं श्रवण कुमार की माता ने श्राप दिया कि जिस तरह से मेरे पति का अंतिम संस्कार करने वाला कोई नहीं है। उसी प्रकार तुम्हारी मृत्यु पर भी तुम्हारा अंतिम संस्कार करने वाला कोई नहीं मौजूद होगा। उसके बाद मनु- सतरूपा तपस्या का मंचन हुआ। जिसमें भगवान विष्णु मनु को अपने जैसे पुत्र की कामना पूर्ण होने का वरदान देते हैं। उसके बाद रावण अपने दोनों भाइयों विभीषण और कुंभकरण के साथ ब्रह्मा भगवान की तपस्या करता है। उधर अयोध्या में राजा दशरथ कोई पुत्र न होने के कारण चिंतित रहते हैं। जिसके निवारण हेतु गुरु वशिष्ठ श्रृंगी ऋषि को बुलवाते हैं और उनसे पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाते हैं। यज्ञ से प्रसन्न होकर अग्निदेव प्रकट होते हैं और दशरथ को हवि देकर कहते हैं कि ले जाकर तीनों रानियों को बराबर-बराबर इसे खिला देना। इसको खाने से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी। परिणाम स्वरूप राम,भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। जिन्हें ब्रह्मा, विष्णु और महेश पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद देते हैं। साथ ही भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी।। के मधुरिम स्वर से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। वहीं चारों भाइयों के जन्म लेते ही पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है और राजा दशरथ के दरबार में सोहर एवं बधाई गाने वालों का तांता लग गया। जिन्हें राजा दशरथ द्वारा बहुमूल्य उपहार दिया गया। उसके बाद गुरु वशिष्ठ द्वारा चारों भाइयों का राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के नाम से नामकरण किया गया तथा राजा दशरथ के अनुरोध पर गुरु वशिष्ठ चारों भाइयों को शिक्षा दीक्षा के लिए गुरुकुल लेकर चले जाते हैं। जिसका निर्देशन व संचालन समिति के महामंत्री अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी एडवोकेट व संचालक मनोज दी ग्रेट ने संयुक्त रूप से किया। वहीं समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य, प्रमोद पाण्डेय, मोहनलाल चौरसिया,भूपेंद्र मौर्य, मदन पांडेय, संदीप वर्मा, उमेश मद्धेशिया, सत्यनरायन चौरसिया प्रथम ,राजीव जायसवाल, राकेश मद्धेशिया,मोहित मद्धेशिया,रवि पाण्डेय आदि लोगों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को देर रात तक आकर्षित किया।

संक्षिप्त समाचार

बहू-बेटी सम्मेलन में दी कानूनी जानकारी

रतनपुरा (मऊ)। उमरपुर गांव में मिशन शक्ति टीम की ओर से बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्राओं एवं युवतियों से संवाद स्थापित कर उन्हें अपनी समस्याओं के प्रति सजग रहने और जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक विजयलक्ष्मी, आरक्षी ममता और आरक्षी कृतिका सहित मिशन शक्ति टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

दस हजार पुलिस ने कराया वापस

घोसी(मऊ)। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कारवाई करते हुए घोसी कोतवाली की साइबर टीम ने एक पीड़ित को 10 हजार रुपये वापस दिलाए। अज्ञात व्यक्ति के खाते में गलती से रुपये चले जाने के बाद पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस की सक्रियता से धनराशि होल्ड कराई गई और 18 अक्टूबर को पूरी रकम वापस करा दी गई।घोसी थाना क्षेत्र के गोफा अमिला निवासी दिलनवाज पुत्र समीम के 10 हजार रुपये गलती से किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में चले गए थे। पीड़ित ने 13 अक्टूबर 2026 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद घोसी की साइबर टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए धनराशि होल्ड कराई। इसके बाद 18 अक्टूबर को पीड़ित को उसके 10 हजार रुपये वापस करा दिए गए।

टेकई में महिलाओं को किया जागरूक

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। थानाध्यक्ष कमलकांत वर्मा के कुशल नेतृत्व में एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा महिलाओं व बच्चियों को, ग्राम टेकई, हिंडोला में सुरक्षा के तहत 1090-महिला हेल्पलाइन नंबर,112-पुलिस आपातकालीन सेवा डायल, 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए, 108-एम्बुलेंस हेल्पलाइन एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया इस मौके पर पुलिस ने सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह के संबंध के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आप लोग समाज के निडर प्रहरी है और समाज को देखते हुए ही अच्छा कार्य करें ताकि लोगों को लोग अच्छा कहें । इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मधुसूदन चौरसिया ,शालिनी मौर्य समेत महिला उप निरीक्षक एवं कांस्टेबल भी साथ रही।

मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचने का निर्देश

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ) खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन मऊ के तत्वावधान में शनिवार को चुंगी एवं कैलेंडर तिराहा पर खाद्य विभाग की विशेष स्वचालित वाहन द्वारा कस्बे में स्थित दुकानदारों जिसमें ज्यादातर मिठाई के दुकानदारों को यह निर्देशित किया गया कि त्योहार के लेकर कोई भी मिलावटी खाद्य पदार्थ अथवा सिंथेटिक पाउडर का उपयोग नहीं किया जाएगा । वहीं लगभग एक दर्जन मिठाई के दुकानदारों को यह निर्देशित किया गया कि आपने अपनी मिठाइयों का नमूना लेकर वहां तक आए जिससे आपकी मिठाई की जांच हो सके ।



महानवमीका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व

महानवमी विशेष

सनातन धर्म में 'नवरात्रि' का पर्व शक्ति, भक्ति और आत्म-शुद्धि का सबसे बड़ा उत्सव है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महा-अनुष्ठान का समापन जिस पावन दिन पर होता है, उसे 'महानवमी' कहा जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव (दशहरा) से ठीक एक दिन पहले का समय होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, नवरात्रि (विशेषकर शारदीय नवरात्रि) के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महानवमी कहा जाता है। यह दिन मां दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप, सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करने वाली 'मां सिद्धिदात्री' को समर्पित है। महानवमी का दिन उपवास की पूर्णता, हवन और कन्या पूजन के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। 'महानवमी' नवरात्रि के नौवें दिन को कहा जाता है। नौ दिनों तक भक्त माता के विभिन्न आठ स्वरूपों की पूजा करके अपने शरीर और मन को शुद्ध करते हैं, और नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा कर अपने व्रत का पूर्ण फल प्राप्त करते हैं। यह वह दिन है जब महिषासुर के साथ माता का युद्ध अपने अंतिम और सबसे भयंकर चरण में था। इसी दिन माता ने महिषासुर का पूर्ण रूप से संहार कर संसार को उसके आतंक से मुक्त किया था। महानवमी पूजा की पूर्णता का प्रतीक है, जिसके बाद दशमी के दिन माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। महानवमी का दिन लौकिक (सांसारिक) और अलौकिक (आध्यात्मिक) दोनों तरह की सिद्धियां प्राप्त करने का दिन है,- मार्कंडेय पुराण के अनुसार, आठ प्रकार की प्रमुख सिद्धियां होती हैं (अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व)। महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से साधक को इन सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो सकती है। भय और शोक का नाश- जो भक्त महानवमी के दिन माता की सच्चे मन से वंदना करता है, उसके जीवन से हर प्रकार का भय, रोग और शोक हमेशा के लिए मिट जाता है। पूर्णता का आशीर्वाद- यदि कोई भक्त पूरे नौ दिन व्रत नहीं रख पाता है, तो केवल अष्टमी और महानवमी का व्रत रखकर और हवन करके वह पूरे नौ दिनों के उपवास के बराबर पुण्य प्राप्त कर सकता है। महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है, जिनकी कथा भगवान शिव और महिषासुर वध से जुड़ी है- पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब ब्रह्मांड की रचना की शुरुआत हुई, तब भगवान शिव ने संसार के कल्याण और असीम शक्तियों की प्राप्ति के लिए आदिशक्ति मां दुर्गा की कठोर तपस्या की। भगवान शिव की तपस्या से प्रसन्न होकर मां आदिशक्ति अपने नौवें स्वरूप 'मां सिद्धिदात्री' के रूप में प्रकट हुईं। मां सिद्धिदात्री ने भगवान शिव को संसार की सभी आठ प्रमुख सिद्धियां और अनंत शक्तियां प्रदान कर दीं। माता की कृपा और उन्हीं शक्तियों के कारण भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया। इसी कारण भगवान शिव संसार में 'अर्धनारीश्वर' (आधा नर, आधा नारी) के नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री कमल के पुष्प पर विराजमान हैं, उनकी चार भुजाएं हैं जिनमें वे शंख, चक्र, गदा और कमल का फूल धारण करती हैं। देव, यक्ष, किन्नर, गंधर्व और स्वयं ऋषि-मुनि भी सिद्धियां प्राप्त करने के लिए महानवमी के दिन इन्हीं की उपासना करते हैं। नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा और राक्षस महिषासुर के बीच चले भयंकर युद्ध का प्रतीक हैं। नवमी के दिन महिषासुर ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी थी और वह बार-बार अपना रूप बदल रहा था। अंततः महानवमी के ही दिन माता ने अपने विराट स्वरूप को धारण किया और महिषासुर का वध कर देवताओं को पुनः स्वर्ग का अधिकार दिलाया। महानवमी के दिन कई महत्वपूर्ण अनुष्ठान किए जाते हैं, जिनके बिना नवरात्रि अधूरी मानी जाती है- नवमी का हवन (चंडी होम)- महानवमी के दिन घर-घर और दुर्गा पंडालों में हवन (यज्ञ) किया जाता है। दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से आहुति दी जाती है। माना जाता है कि हवन के धुएं से घर की सारी नकारात्मक ऊर्जा और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। जो लोग अष्टमी के दिन कन्या पूजन नहीं करते, वे महानवमी के दिन कन्याओं को जिमाते हैं। नौ कुंवारी कन्याओं और एक बालक (बटुक भैरव) को हलवा, पूरी, और चने का भोग लगाया जाता है। आयुध पूजा (हथियारों और उपकरणों की पूजा)- महानवमी के दिन दक्षिण भारत और देश के कई अन्य हिस्सों में 'आयुध पूजा' की जाती है। इस दिन औजारों, हथियारों, किताबों, मशीनों और वाहनों की पूजा की जाती है, क्योंकि माता ने राक्षसों का वध करने के लिए अस्त्र-शस्त्र धारण किए थे। कई तांत्रिक और शक्ति पीठों में महानवमी के दिन देवी को प्रसन्न करने के लिए बलि दी जाती है। सात्विक पूजा करने वाले लोग इस दिन लौकी, कद्दू या केले की प्रतीकात्मक बलि देते हैं। नवमी के दिन 'अपराजिता' (एक विशेष फूल/पौधा) की पूजा का भी विधान है, जो जीवन में कभी न हारने (अपराजित रहने) का आशीर्वाद देती है। नवमी की शाम को देवी के विसर्जन की तैयारी शुरू हो जाती है। भक्त भावुक मन से माँ से अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना करते हैं। महानवमी की सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और हल्के बैंगनी या लाल रंग के वस्त्र धारण करें, क्योंकि मां सिद्धिदात्री को यह रंग बहुत प्रिय है। एक चौकी पर मां सिद्धिदात्री (या मां दुर्गा) की तस्वीर रखें। उन्हें लाल पुष्प, कुमकुम, अक्षत, इत्र और श्रृंगार का सामान अर्पित करें। माता को काले तिल, हलवा, पूरी, खीर और नारियल का भोग अवश्य लगाएं। माता का ध्यान करते हुए '? देवी सिद्धिदात्र्यै नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें। पूजा के बाद हवन सामग्री और घी से हवन करें। हवन के बाद आरती उतारें और कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलें (पारण करें)। दर्शन सिखाता है कि कठोर तपस्या, संयम और भक्ति का फल अंततः 'सिद्धि' (सफलता) के रूप में ही मिलता है। नौ दिनों की यह आध्यात्मिक यात्रा हमारे भीतर के विकारों (बुराइयों) को समाप्त कर हमें एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करती है। मां सिद्धिदात्री की कृपा से मनुष्य के जीवन में कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता और उसे इस लोक में सुख और परलोक में मोक्ष की प्राप्ति होती है।



कर्म और कर्मफल की अवधारणा

हिन्दू धर्म में भजन-कीर्तन और सत्संग को न केवल भक्ति का बल्कि विचारों की शुद्धिकरण का भी माध्यम माना गया है। हालांकि, कई लोग भजन-कीर्तन में खुद के दुःख को कम करने के लिए भी शामिल होते हैं। वे भक्ति को अपना दुःख कम करने का माध्यम बनाने का प्रयास करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर उनका मन ईश्वर की भक्ति में लीन हो जायेगा, तो उन्हें संसार के दुःख-सुख से फर्क पड़ना बंद हो जाए। लेकिन उन्हें मन-मुताबिक़ परिणाम नहीं मिलता। भजन-कीर्तन और सत्संग करने के बाद भी दुःख कम नहीं होते और कष्ट ज्यों का त्यों बना रहता है। ऐसे में लोगों के मन में और संशय पैदा हो जाता है। उन्हें लगने लगता है कि या तो उनकी भक्ति ईश्वर तक नहीं पहुँच रही या फिर भजन-कीर्तन और सत्संग करने से कुछ नहीं होता। क्या भक्ति करने से जीवन में कभी दुःख नहीं आता? लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि सनातन परंपरा में भक्ति को केवल दुःख दूर करने का साधन नहीं माना गया है। भक्ति का एक बड़ा उद्देश्य मन को बदलना, कर्म को शुद्ध करना और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना भी माना जाता है। सनातन दर्शन में कर्म और कर्मफल की अवधारणा बहुत महत्वपूर्ण है। सामान्य रूप से माना जाता है कि व्यक्ति के कर्म उसके जीवन पर प्रभाव डालते हैं। व्यक्ति के वर्तमान अनुभवों को उसके कर्मों और परिस्थितियों से जोड़कर देखना चाहिए। शास्त्र कहते हैं कि हर जीव अपने कर्मों का फल भोगता है। भजन-कीर्तन से मन शुद्ध होता है, लेकिन पूर्व जन्मों और वर्तमान जीवन के कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ता है। कष्ट केवल दंड नहीं, बल्कि आत्मा को परिष्कृत करने का साधन भी है। यह हमें धैर्य, करुणा और वैराग्य सिखाता है। भजन-कीर्तन से बाहरी परिस्थितियाँ तुरंत नहीं बदलतीं, लेकिन भीतर की शक्ति और सहनशीलता बढ़ती है। भजन-कीर्तन से मिलने वाला यही परिणाम असली आशीर्वाद है। भक्ति करने का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति के जीवन में आगे कभी कोई परेशानी नहीं आएगी। जीवन में सुख-दुःख, सफलता-असफलता और उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन भारतीय दर्शन में कर्म का सिद्धांत भी महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर आप पांडव का जीवन समझ सकते हैं। पांडव निरंतर भगवान कृष्ण के साथ थे लेकिन फिर भी कर्मों के परिणाम स्वरूप उन्हें वनवास, युद्ध और कठिनाइयाँ झेलनी पड़ी। मीरा और तुलसीदास भगवान् की भक्ति में डूबे हुए थे लेकिन फिर भी उन्होंने सामाजिक विरोध और व्यक्तिगत पीड़ा का सामना किया।



मनोकामना पूर्तिके लिए चमत्कारिक है कुमारी पूजन

धर्मशास्त्रों में दो वर्ष की कन्या को कुमारी, तीन वर्ष की कन्या-त्रिमूर्ति, चार वर्ष की कन्या-कल्याणी, पांच वर्ष की कन्या-रोहिणी, छः वर्ष की कन्या-काली, सात वर्ष की कन्या-चण्डिका, आठ वर्ष की कन्या-शाम्भवी एवं नौ वर्ष की कन्या-दुर्गा तथा दस वर्ष की कन्या-सुभद्रा देवी के स्वरूप में मानी जाती हैं।



नवरात्र में जगत्जननी माँ जगदम्बा दुर्गाजी की पूजा-अर्चना की अनन्त महिमा है। ज्योतिर्विद् विमल जैन ने बताया कि नवरात्र के धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात् कुमारी कन्याओं की पूजा-अर्चना करना अत्यन्त आवश्यक है। धर्मशास्त्रों में कुमारी कन्याओं को त्रिशक्ति यानि महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती देवी का स्वरूप माना गया है। नवरात्र में व्रतकर्ता को या देवीभक्त को कुमारी कन्या एवं बटुक की विधि-विधानपूर्वक पूजन करके उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। श्रीदुर्गाजी की अर्चना करके हवन आदि करने का विधान है। सोमवार को महाअष्टमी व 20 अक्टूबर, मंगलवार को महानवमी का व्रत रखा जाएगा। महानिशा पूजा 19 अक्टूबर, सोमवार को मध्यरात्रि में होगी। अष्टमी तिथि उदया तिथि के रूप में 19 अक्टूबर, सोमवार को है, फलस्वरूप महाअष्टमी का व्रत इसी दिन रखा जाएगा। महानवमी का व्रत 20 अक्टूबर, मंगलवार को रखा जाएगा। महानवमी का व्रत रखकर जगदम्बाजी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। महाअष्टमी तिथि व महानवमी तिथि के दिन बटुक व कुमारी पूजन का विधान है। नवरात्र व्रत का पारण 21 अक्टूबर, बुधवार (दशमी) को किया जाएगा। इसी दिन दशमी तिथि दिन में 2 बजकर 13 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार विजया दशमी (दशहरा) का पर्व इसी दिन मनाया जाएगा। धर्मशास्त्रों में दो वर्ष की कन्या को कुमारी, तीन वर्ष की कन्या-त्रिमूर्ति, चार वर्ष की कन्या-कल्याणी, पाँच वर्ष की कन्या-रोहिणी, छः वर्ष की कन्या-काली, सात वर्ष की कन्या-चण्डिका, आठ वर्ष की कन्या-शाम्भवी एवं नौ वर्ष की कन्या-दुर्गा तथा दस वर्ष की कन्या-सुभद्रा देवी के स्वरूप में मानी जाती हैं। इनकी पूजा-अर्चना करने से मनोवांछित फल मिलता है। कन्याओं का पूजन करने के पश्चात् उन्हें सात्त्विक व पौष्टिक भोजन करवाना चाहिए, तत्पश्चात् नववस्त्र, ऋतुफल, मिष्ठान्न तथा नकद द्रव्य आदि विविध उपहार देकर उनके चरणस्पर्श करके आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। भगवती की आराधना में अस्वस्थ, विकलांग एवं नेत्रहीन कन्याओं का पूजन वर्जित है। फिर भी इनकी उपेक्षा न करते हुए यथाशक्ति यथासामर्थ्य इनकी सेवा व सहायता करते रहने पर जगत् जननी माँ दुर्गा की प्रसन्नता सदैव बनी रहती है, जिससे जीवन में सुख-सौभाग्य का सुयोग बना रहता है। अपने मनोकामना की पूर्ति के लिए सभी वर्ण या अलग-अलग वर्ण की कन्याओं का पूजन करना चाहिए। देवीभागवत ग्रन्थ के अनुसार ब्राह्मण वर्ण की कन्या-शिक्षा ज्ञानार्जन व प्रतियोगिता, क्षत्रिय वर्ण की कन्या-सुयश व राजकीय पक्ष से लाभ, वैश्य वर्ण की कन्या-आर्थिक समृद्धि व धन की वृद्धि के लिए, शूद्र वर्ण की कन्या-शत्रुओं पर विजय एवं कार्यसिद्धि हेतु पूजा-अर्चना करनी चाहिए। दो वर्ष से दस वर्ष तक की कन्या को देवी स्वरूप माना गया है, जिनकी नवरात्र पर भक्तिभाव के साथ पूजा करने से भगवती प्रसन्न होती हैं।

हौसला टूटने लगे तो याद रखें गीता का छठा श्लोक


जिंदगी में कई बार ऐसा होता है कि हम खुद को कमजोर महसूस करने लगते हैं। मुश्किलें बढ़ती हैं तो लगता है कि सारी जिम्मेदारी अकेले ही उठानी पड़ेगी। ऐसे वक्त में हमारा हौसला बनाए रखने में सही लोगों का साथ बड़ी भूमिका निभाता है। भगवद्गीता का छठा श्लोक इसी बात की याद दिलाता है कि किसी भी बड़ी चुनौती का सामना करने में अकेले की ताकत ही नहीं, बल्कि साथ खड़े लोगों का योगदान भी मायने रखता है। महाभारत के युद्ध से पहले कौरवों और पांडवों की सेनाओं का वर्णन करते हुए दुर्योधन पांडव पक्ष के कई पराक्रमी योद्धाओं के नाम गिनाता है। इस श्लोक से हम अपने जीवन में सहयोग, आत्मविश्वास और दूसरों की काबिलियत को पहचानने की सीख ले सकते हैं। गीता का छठा श्लोक और उसका अर्थ-श्लोक-



युधामन्युश्च विक्रान्त उत्तमौजाश्च वीर्यवान्?.
सौभद्रो द्रौपदेयाश्च सर्व एव महारथाः ॥ (6)

भगवद्गीता के पहले अध्याय में यह श्लोक कुरुक्षेत्र के युद्ध की पृष्ठभूमि में आता है। दुर्योधन पांडवों की सेना में मौजूद प्रमुख योद्धाओं का जिक्र करता है। वह उनके साहस और युद्ध करने की क्षमता को पहचानता है। इस प्रसंग से यह समझ आता है कि किसी चुनौती का सामना करने से पहले सामने मौजूद लोगों की ताकत और अपनी स्थिति को समझना भी जरूरी है। कई लोग घर, ऑफिस या रिश्तों की जिम्मेदारियां निभाते हुए हर काम खुद करने लगते हैं। उन्हें लगता है कि किसी से मदद मांगना कमजोरी है। लेकिन ऐसा करने से तनाव बढ़ सकता है और काम भी मुश्किल लगने लगता है। श्लोक की एक व्यावहारिक सीख यह है कि अपने आसपास मौजूद लोगों की काबिलियत पहचानें और जरूरत पड़ने पर उनका साथ लें। परिवार हो या काम की जगह, मिलकर जिम्मेदारी उठाने से मुश्किलें संभालना आसान हो सकता है। इस श्लोक में अलग-अलग योद्धाओं का नाम लेकर उनकी वीरता का जिक्र किया गया है। जीवन में भी हर व्यक्ति की अपनी खासियत होती है। कोई मुश्किल समय में सही सलाह देता है, कोई काम को बेहतर तरीके से संभालता है और कोई भावनात्मक सहारा बनता है। दूसरों की खूबियों को पहचानने से रिश्ते मजबूत होते हैं और साथ मिलकर बेहतर फैसले लेने में मदद मिल सकती है। किसी चुनौती के सामने सिर्फ जोश दिखाना काफी नहीं होता। यह समझना भी जरूरी है कि हमारे पास कौन-से साधन हैं, कहां मदद मिल सकती है और किस काम के लिए कितनी तैयारी चाहिए। दुर्योधन का पांडव पक्ष के योद्धाओं पर ध्यान देना इसी प्रसंग का हिस्सा है। इसे जीवन से जोड़कर देखें तो किसी परीक्षा, नौकरी के इंटरव्यू या बड़े प्रोजेक्ट से पहले अपनी तैयारी और चुनौतियों को समझना समझदारी है। किसी टीम की सफलता में सिर्फ सामने दिखने वाले व्यक्ति का योगदान नहीं होता। उसके पीछे कई लोगों की मेहनत रहती है। घर में भी ऐसा ही है, जहां हर सदस्य किसी न किसी रूप में जिम्मेदारी निभाता है। जब हम दूसरों के योगदान को महत्व देते हैं, तो आपसी भरोसा बढ़ता है। गीता के इस श्लोक को इस नजरिए से समझें तो यह हमें अपने साथ खड़े लोगों की अहमियत पहचानने की प्रेरणा देता है।

शिव की शिवरात्रि तो मां दुर्गा की नवरात्रि



हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि से लेकर नवरात्रि तक कई ऐसे पर्व हैं, जिनमें रात्रि पूजा, जागरण और साधना का विशेष महत्व माना जाता है। भगवान शिव को समर्पित महाशिवरात्रि हो या मां दुर्गा की आराधना के लिए मनाई जाने वाली नवरात्रि, इन पर्वों में रात का विशेष स्थान है। केवल शिवरात्रि या नवरात्रि ही नहीं बल्कि दीपावली, करवा चौथ, कृष्ण जन्माष्टमी, शरद पूर्णिमा आदि पर्व भी रात के समय ही मनाए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हिंदू धर्म में रात के समय पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों को इतनी अहमियत क्यों दी जाती है? क्या इसके पीछे कोई आध्यात्मिक रहस्य छिपा है या फिर इसका संबंध प्राचीन धार्मिक परंपराओं से है? दिन के समय हमारा ध्यान काम, जिम्मेदारियों और निरंतर शोर के कारण अलग-अलग दिशाओं में खिंच जाता है, वहीं रात का शांत वातावरण ध्यान, साधना और आत्मचिंतन के लिए अनुकूल माना जाता है। महाशिवरात्रि और नवरात्रि जैसे पर्वों में रात्रि जागरण, मंत्र जाप और पूजा का विशेष महत्व इसी आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी समझा जाता है। रात्रि पूजा केवल अंधेरे के बारे में नहीं है, यह भीतर की ओर मुड़ने के अवसर का भी प्रतिनिधित्व कर सकती है। भक्तों के लिए यह शांत समय प्रार्थना, अनुशासन और ईश्वर के साथ एक गहरे संबंध पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है। संस्कृत में रात्रि का अर्थ रात होता है। आध्यात्मिक संदर्भ में रात को बाहरी गतिविधियों से हटकर भीतर की चेतना पर ध्यान देने के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। अंधकार हमेशा नकारात्मकता का प्रतीक नहीं होता, बल्कि यह शांति और आत्मचिंतन की अनुभूति भी करा सकता है। अलग-अलग धार्मिक परंपराओं में रात्रि के अर्थ और महत्व की व्याख्या अलग हो सकती है। नवरात्रि, महाशिवरात्रि, दीपावली, करवा चौथ, कृष्ण जन्माष्टमी, शरद पूर्णिमा आदि पर्व रात के समय मनाए जाते हैं। इन पर्वों का रात के समय मनाए जाने का अपना आध्यात्मिक महत्व है। नवरात्रि शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, नव यानी नौ और रात्रि यानी रात। शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के दौरान इस पर्व में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। यह पर्व शक्ति, साहस, ज्ञान, करुणा और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। नवरात्रि का पर्व केवल माता की पूजा का ही नहीं बल्कि पूरे ब्रह्मांड की शक्ति को समझने का अवसर है। इन नौ रात में मां भवानी की शक्तियों से जुड़ने का अवसर मिलता है इसलिए यह त्योहार एक धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ व्यक्तिगत आत्म-चिंतन की अवधि दोनों का है। शाक्त परंपरा में मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है। शक्ति सृजन, संरक्षण और परिवर्तन का प्रतीक है, जबकि शांति मन को स्थिर करने में सहायता करती है। इसका मतलब यह नहीं है कि आध्यात्मिक जागरण केवल रात में ही हो सकता है। बल्कि, मौन और गतिविधि के बीच का अंतर आंतरिक परिवर्तन के बारे में सोचने का एक उपयोगी तरीका प्रदान करता है। पारंपरिक हिंदू संस्कृति में मौसमी बदलाव का भी धार्मिक उत्सव की तरह मनाया जाता है। कुछ आधुनिक आध्यात्मिक व्याख्याएं इन बदलावों को आंतरिक संतुलन को बहाल करने के विचार से जोड़ती हैं। हालांकि, नवरात्रि की धार्मिक परंपराएं हिंदू पंचांग और स्थापित मान्यताओं पर आधारित हैं। महाशिवरात्रि और नवरात्रि - महाशिवरात्रि और नवरात्रि दोनों ही पर्व भक्ति, साधना और आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करते हैं। जहां महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है, वहीं नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति और उनके विभिन्न स्वरूपों को समर्पित है। इन पर्वों का संदेश है कि जीवन की व्यस्तता के बीच कुछ समय अपने मन, विचारों और आचरण को बेहतर बनाने के लिए भी निकालना चाहिए।